रविवार
14 जुलाई 2024

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज

बिहार में औद्योगिक क्रांति के नए युग का शुभारंभ, 31 जिलों में खुलेंगे केंद्र 2

बोलें पीएम... महाराष्ट्र को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाएंगे

- 29,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली अलग-अलग परियोजनाओं का हुआ महाराष्ट्र में शुभारंभ और शिलान्यास

एजेंसी/मुंबई

लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार मुंबई पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी 29,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली अलग-अलग परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा,ह्यलोग जानते हैं कि एनडीए सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व प्रदान कर सकती है। तीसरी बार शपथ लेने के बाद मैंने कहा था कि तीसरे कार्यकाल में एनडीए सरकार तीन गुना तेजी के साथ काम करेगी। पीएम मोदी ने आगे कहा कि महाराष्ट्र के पास गौरवशाली इतिहास है। महाराष्ट्र के पास सशक्त वर्तमान है और महाराष्ट्र के पास समृद्ध भविष्य का सपना है। महाराष्ट्र वह राज्य है, जिसकी विकसित भारत के निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका है। महाराष्ट्र के पास उद्योग, कृषि और आर्थिक क्षेत्रों की ताकत है। इसी ताकत ने मुंबई को देश की आर्थिकी का केंद्र बनाया है। इसी ताकत से महाराष्ट्र को दुनिया का सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना है। पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रोजगार को लेकर एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। रिपोर्ट के अनुसार, बीते तीन वर्षों में भारत में आठ करोड़ नई नौकरियां उत्पन्न की गईं। यह आंकड़ा उन लोगों के लिए कड़ा जवाब है, जो रोजगार को लेकर मनगढ़ंत कहानियां बना रहे थे। भारत को स्किल डेवलपमेंट और रोजगार की आवश्यकता है और हमारी सरकारी इस दिशा में सही ढंग से काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि मुंबई में जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है, उससे महानगर की आसपास के क्षेत्रों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। दुनियाभर के निवेशकों ने तीसरे कार्यकाल के लिए हमारी सरकार का स्वागत किया है। तीसरे काल में यह प्रयास किया जा रहा है कि देश आर्थिक प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़े।

पीएम मोदी के भीतर प्रभु राम हैं: शिंदे

मुंबई। महाराष्ट्र सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के भीतर, उनके काम में प्रभु राम हैं। आपके साथ बाबासाहेब का संविधान है जब भी पीएम नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र आते हैं, वे महाराष्ट्र में बहुत प्रगति और विकास लेकर आते है। आप विकास के प्रतीक हैं। मैं मोदी जी से पहले लड़की बहन योजना और विकास लेकर आते हैं। आप विकास के प्रतीक हैं मैं मोदी जी से पहले लड़की बहन योजना और गैस सिलेंडर योजना, साथ ही मुफ्त शिक्षा योजना के बारे में बात कर रह साथ ही मुफ्त शिक्षा योजना के बारे में बात कर रहा था। केंद्र द्वारा आवंटित सभी पैसे महाराष्ट्र राज्य के लिए उपयोग किए जाते हैं। मैं पीएम नरेंद्र मोदी से वादा करते है कि हम कड़ी मेहनत करेंगे और एक बार फिर हम जीतेंगे और महाराष्ट्र विधानसभा में जीतेंगे। एनडीए की इस बार पूर्ण बहुमत से महाराष्ट्र में अपनी सरकार बनायेगी। इसके लिए सभी अपने स्तर से कार्य कर रहे है।

महाराष्ट्र में ट्रक ने कार को मारी टक्कर, चार की मौत

एजेंसी/नासिक

महाराष्ट्र के नासिक में हाइवे पर टायर फटने से ट्रक और कार की जोरदार टक्कर हो गई। इससे चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, दो घायल हैं। महाराष्ट्र के नासिक जिले में हाईवे पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। ट्रक का टायर फटने से वह एक कार से टकरा गया। इस कार से कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोग घायल हो गए। यह हादसा इतना जोरदार था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं शवों को बाहर निकालने के लिए दमकल विभाग को कार को काटना पड़ा। कार में सवार रहमान सुलेमान तंबोली (48), उनके भतीजे अरबाज चंदूभाई तंबोली (21), सीज्जू पठान (40) और अक्षय जाधव (24) सतना शहर से नासिक जा रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक चालक बापू अहिरे (51) और सचिन म्हास्के (45) घायल हो गए और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का हुआ दीक्षांत समारोह

कानून पढ़ाने की प्रक्रिया में क्षेत्रीय भाषाओं का भी ध्यान रखना चाहिए : चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़

- भारत के मुख्य न्यायधीश डॉ डीवाई चंद्रचूड़ के साथ छात्रों को प्रदान की स्नातक, परास्नातक और शोध की डिग्री
- न्याय संगत व्यवस्था हर किसी को प्रिय, समयबद्ध न्याय के लिए उस फील्ड के विशेषज्ञ उतने ही महत्वपूर्ण: योगी

केटी न्यूज/लखनऊ

भारत के मुख्य न्यायधीश डॉ डीवाई चंद्रचूड़ ने इस अवसर पर लॉ की पढ़ाई को क्षेत्रीय भाषा में कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अक्सर देश के तमाम शिक्षाविदों से विचार विमर्श करता हूं कि कैसे कानून की पढ़ाई को सरल भाषा में पढ़ाया जा सके। अगर हम कानून के सिद्धांतों को सरल भाषा में आम जनता को नहीं समझा पा रहे हैं तो इसमें कानूनी पेशे और कानूनी शिक्षा की कमी नजर आ रही है। कानून को पढ़ाने की प्रक्रिया में हमें क्षेत्रीय भाषाओं को भी ध्यान में रखना चाहिए और मेरा सोचता हूं कि आरएम एनएलयू को जरूर हिंदी में एलएलबी कोर्स शुरू करना चाहिए। हमारे विश्वविद्यालयों में क्षेत्रीय मुद्दों से जुड़े कानूनों को भी पढ़ाना जाना चाहिए। मान लीजिए अगर कोई व्यक्ति आपके विश्वविद्यालय के पड़ोस के गांव में, गांव से विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय की विधिक सहायता केंद्र में आता है और अपनी जमीन से जुड़ी समस्या को बताता है, लेकिन यदि छात्र को खसरा और खतौनी का मतलब ही नहीं पता है तो छात्र उस व्यक्ति को कैसे मदद कर पाएगा। इसलिए जमीन संबंधित क्षेत्रीय कानूनों के बारे में भी छात्र को अवगत कराना चाहिए। उन्होंने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में ऐसे कई निर्देश दिए हैं, जिससे न्याय की प्रक्रिया को आम लोगों के लिए आसान बनाया जा सके। उदाहरण के तौर पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा अंग्रेजी में दिए गए निर्णयों का भारत के संविधान में प्रचलित विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है, जिससे आम जनता भी समझ सके कि निर्णय में आखिर लिखा क्या गया है। आज 1950 से लेकर 2024 तक सर्वोच्च न्यायालय के 37000 निर्णय है, जिनका हिंदी में अनुवाद हो गया है और यह सेवा सब नागरिकों के लिए मुफ्त है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखनऊ के डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य अतिथि और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूण के साथ छात्रों को उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त है विधि का शासन। न्याय संगत व्यवस्था हर व्यक्ति को प्रिय है और न्याय समय पर हो, समयबद्ध तरीके से हो, इसके लिए उस फील्ड के विशेषज्ञ उतने ही महत्वपूर्ण होते हैं। विधि के इस शासन के लिए ही आज भारत जाना जा रहा है। परसेप्शन बदलने में, आमजन की धारणा बदलने के लिए, देश और दुनिया की धारणा बदलने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय एक सही राह पर आगे बढ़ चुका है। यहां के उपाधि प्राप्त करने वाले जितने भी स्नातक, परास्नातक और शोध करने वाले छात्र हैं, वे अपने कार्यों के माध्यम से न सिर्फ विश्वविद्यालय को बल्कि समाज और राष्ट्र को लाभान्वित करके अपने अभिभावकों और अपने गुरुजनों को गौरवान्वित करने का कार्य करेंगे।

सकारात्मक राह जीवन ही नहीं राष्ट्र हित में भी : सीएम योगी आदित्यनाथ

केटी न्यूज/लखनऊ

सीएम योगी ने कहा कि बदलाव की राह क्या होनी चाहिए, वो सकारात्मक है या नकारात्मक ये हमको तय करना है। यदि हमारी राह सकारात्मक होगी तो आपकी राह न्यायिक जगत ही नहीं, जीवन के हर एक क्षेत्र में बहुत उज्ज्वल होगी। अगर राह नकारात्मक होगी तो यह न आपके व्यक्तिगत हित में होगी, न समाज के और न ही राष्ट्र के हित में होगी। इस अवसर पर एक पुरानी कहावत याद आती है कि परिवार के हित में व्यक्ति को छोड़ना पड़े तो हमें उसमें परहेज नहीं करना चाहिए। वहीं, गांव के हित में परिवार को भी छोड़ना पड़े तो परहेज नहीं करना चाहिए। और अगर समाज के हित में गांव से परहेज करना पड़े तो भी हमें उसकी परवाह नहीं करनी चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि कुलपति महोदय जब दीक्षांत उपदेश पढ़ रहे थे तो उसमें तृतीय उपनिषद की बात कर रहे थे। एक स्नातक के जीवन में अच्छा बनने के लिए क्या कुछ होना चाहिए, इसके विषय में उपनिषद विस्तार से बताता है। इसमें कहा गया है कि सत्यं वद, धर्म चरः अर्थात सत्य बोलना और धर्म का आचरण करना। धर्म सिर्फ उपासना विधि नहीं है। धर्म नैतिक मूल्यों का, सदाचार का और हमारे कर्तव्यों का एक पर्याय है जो देश, काल और परिस्थितियों से बिना प्रभावित हुए हम सबको सम और विषम परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों के प्रति आगाह करता है। अगर हम भी अपने जीवन में बिना किसी चुनौती की परवाह किए खुद को ढालेंगे, उसका परिणाम हमारे हित में सुखद होगा, हमारे समाज और देश के हित में सुखद होगा। कार्यक्रम में इलाहाबाद उच्च न्यायायल के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह, विभागाध्यक्ष विधि प्रो. आदित्य प्रताप सिंह, उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कई न्यायमूर्ति उपस्थित रहे।

उपचुनाव में सत्ताधारी भाजपा को नुकसान, विपक्ष को मिला फायदा

- विपक्षी पार्टियों में सबसे ज्यादा फायदा टीएमसी और कांग्रेस को हुआ
- उपचुनाव में सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में थी चार सीटें

एजेंसी/नई दिल्ली

सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। केंद्र की सत्ताधारी भाजपा को इस चुनाव में नुकसान हुआ है। वहीं, विपक्षी गठबंधन को 13 में से 10 सीटों पर जीत मिली है। विपक्षी पार्टियों में सबसे ज्यादा फायदा टीएमसी और कांग्रेस को हुआ है। हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर भी चुनाव जीतने में सफल रही हैं। शनिवार को जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे आए हैं, उनमें बिहार की रुपौली, पश्चिम बंगाल की रायगंज, रानाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला, तमिलनाडु की विक्रवंडी, मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा, उत्तराखंड की बदरीनाथ और मंगलौर, पंजाब की जालंधर पश्चिम और हिमाचल प्रदेश की देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा सीट शामिल हैं। जिन सीटों पर उपचुनाव कराया गया था पिछली बार इनमें से भाजपा और निर्दलीय उम्मीदवारों ने सबसे अधिक तीन-तीन सीटें जीती थीं। दूसरे स्थान पर कांग्रेस ने दो सीटें जीती थीं। वहीं टीएमसी, बसपा, जदयू, आप और डीएमके के एक-एक उम्मीदवार विजयी हुए थे।जिन राज्यों में उपचुनाव हुए थे उनमें सबसे ज्यादा चार सीटें पश्चिम बंगाल की थीं। यहां तीन सीटों- रायगंज, रानाघाट दक्षिण और बागदा में भाजपा के मौजूदा विधायकों के पाला बदलने के कारण उपचुनाव हुए। वहीं मानिकतला में टीएमसी विधायक के निधन के कारण उपचुनाव जरूरी हुआ। आज आए नतीजों में राज्य की सत्ताधारी टीएमसी ने भाजपा को बड़ा झटका दिया है। इस बार सभी चार सीटें तृणमूल ने कब्जा ली हैं। पश्चिम बंगाल में रायगंज में कृष्णा कल्याणी, बागदा में मधुपर्णा ठाकुर और रानाघाट दक्षिण में मुकुट मणि अधिकारी और मानिकतला में सुप्ती पांडे को जीत मिली है। भाजपा में आए तीन विधायकों में से दो को टीएमसी ने इस उपचुनाव में मौका दिया।

मिजोरम पुलिस ने जब्त की 32 करोड़ रुपये की नशीली गोलियां, एक गिरफ्तार

केटी न्यूज/हाथरस

मिजोरम पुलिस ने खवजोल शहर से नशीली दवाओं की एक बड़ी खेप में 32 करोड़ रुपये की कीमत की मेथमफेटामाइन की दस लाख से ज्यादा गोलियां बरामद कीं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मेथमफेटामाइन की गोलियों की भारी खेप की आवाजाही के बारे में सूचना मिली थी। जिसके आधार पर खवजोल और चंफाई पुलिस ने संयुक्त अभियान शुरू किया। खवजोल के लुंगवार इलाके में एक वाहन को रोका। उन्होंने बताया कि वाहन चंफाई शहर से आइजोल की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि वाहन की गहन जांच करने पर चंफाई वेंगसांग निवासी लालरित लुआंगा के रूप में पहचाने गए तस्कर के कब्जे से मेथमफेटामाइन के 106 पैकेट बरामद किए गए। जिसमें 10.7 लाख गोलियां थीं। मेथमफेटामाइन एक शक्तिशाली उत्तेजक है। जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र पर असर डालता है।

पटना में शादी समारोह के दौरान ताबड़तोड़ फायरिंग, जीजा-साले की गोली लगने से मौत

केटी न्यूज/पटना

बिहार की राजधानी पटना में एक बार फिर अपराधियों का तांडव देखने को मिला, जहां शुक्रवार शाम को शादी समारोह में 2 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल पैदा हो गया। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, घटना जिले के दानापुर स्थित खगौल थाना क्षेत्र की है। मृतकों की पहचान गोल्डन सिंह और सर्वेंद्र कुमार सिंह के रूप में हुई है। दोनों जमुई के मलयपुर के रहने वाले थे और दोनों जीजा और साले बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जमुई जिले के मलयपुर थाना क्षेत्र के मलयपुर गांव निवासी टुन्नू सिंह के बेटे अमित कुमार सिंह उर्फ रोशन सिंह की शादी थी। शुक्रवार की शाम मलयपुर गांव से मुस्तफापुर गांव में बारात आई थी। देर रात को कुछ अपराधी मौके पर पहुंचे और गोलियां चलानी शुरू कर दी। इस घटना दूल्हे के भाई और जीजा की मौत हो गई। उन्हें एक के बाद एक 6 गोलियां मारी गईं। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने घटनास्थल से 6 खोखा मौके से बरामद किए हैं। बदमाशों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

मंदीर के ट्रस्टी बोले... दिसंबर के अंत तक मंदिर निर्माण सहित सभी काम हो जाएंगे पूरे

अयोध्या: राम मंदिर परिसर में बनेगा 700 मीटर लंबा कॉरिडोर

केटी न्यूज/अयोध्या

राम जन्मभूमि परिसर में आंतरिक कॉरिडोर का निर्माण होगा। इस कॉरिडोर के माध्यम से राममंदिर, सप्त मंडपम व कुबेर टीला को आपस में जोड़ा जाएगा, ताकि राममंदिर के श्रद्धालु इन स्थलों पर आसानी से पहुंचकर दर्शन कर सकें। यह आंतरिक कॉरिडोर 700 मीटर लंबा होगा। इसका निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की तैयारी है।राम जन्मभूमि परिसर में राममंदिर के अलावा अन्य प्रकल्पों का निर्माण कार्य चल रहा है। परिसर में ऐतिहासिक कुबेर टीला को विकसित किया जा चुका है। यहां कुबेरेश्वर महादेव विराजमान हैं। साथ ही जटायु की भी भव्य मूर्ति स्थापित की गई है। वहीं परिसर में सप्त मंडपम का भी निर्माण कार्य चल रहा है। सप्त मंडपम में महर्षि वशिष्ठ, वाल्मीकि, वशिष्ठ, अगस्त्य, निषादराज, शबरी का भी मंदिर बनने का काम शुरू हो चुका है। इसके अलावा परकोटा में भी गणेश, सूर्य, हनुमान, माता भगवती, अन्नपूर्णा व शेषावतार मंदिर का निर्माण हो रहा है।राममंदिर के दर्शन के बाद श्रद्धालु इन मंदिरों तक पहुंच सकें इसलिए राम जन्मभूमि पथ से इन स्थलों को जोड़ने के लिए कॉरिडोर बनेगा। श्रद्धालु रामलला के दर्शन के बाद परकोटे से होकर कुबेर टीला, शेषावतार मंदिर समेत सप्त मंडपम मंदिरों का दर्शन करते हुए यात्री सुविधा केंद्र से बाहर निकल सकेंगे। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि अगस्त के अंत तक कॉरिडोर निर्माण काम पूरा हो जाएगा। सप्त मंडपम के फाउंडेशन का काम पूरा हो चुका है। वहीं शेषावतार मंदिर का काम भी 30 फीसदी पूरा हो गया है। दिसंबर के अंत तक मंदिर निर्माण सहित ये सभी काम पूरे हो जाएंगे।

JGG FARM FOOD INDUSTRIES PVT. LTD
स्वाद प्यार का सेहत परिवार का
Factory Address : Tiri, NH-107, PO- Tiri Dhanchhoa- 852121
Saharsa (Bihar), Cont - +91- 8405903701|
www.grgroups.co.in | info@grgroups.co.in
CIN NO – U15549BR2017PTC035566

GR
Rozana
Gold
Platinum
Silver
Titanium
Pearl
Miniket
Diamond

बिहार में औद्योगिक क्रांति के नए युग का शुभारंभ, 31 जिलों में खुलेंगे केंद्र

- ♦ 7592.39 एकड़ क्षेत्र में कुल 9 क्लस्टर व 84 औद्योगिक क्षेत्र-विकास केंद्र स्थापित हैं, इनमें से मात्र 1861.03 एकड़ भूमि आवंटन हेतु शेष

केटी न्यूज/पटना

बिहार में औद्योगिक क्रांति के नए युग का मार्ग आसान हो गया है। 31 जिलों में नए औद्योगिक क्षेत्र के विकास के प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी दी गयी है। वर्तमान में बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बियाडा) द्वारा 7592.39 एकड़ क्षेत्र में कुल 9 क्लस्टर व 84 औद्योगिक क्षेत्र-विकास केंद्र स्थापित हैं। इनमें से मात्र 1861.03 एकड़ भूमि आवंटन हेतु शेष है। राज्य में लगातार बढ़ते औद्योगिक विकास को दृष्टिगत रखते हुए नए उद्योगों की स्थापना हेतु अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इसी क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य मंत्रिपरिषद ने बिहार के 31 जिलों में नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है। नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास आवागमन में सुविधा के अनुसार राष्ट्रीय एवं राज्य उच्च पथ के समीप भी किया जाएगा। औद्योगिक क्षेत्र के विकास से यह साफ होने लगा है कि बिहार में भी बड़ी कंपनियों का आगमन होगा। यहां के लोगों रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में अब जाने की जरूरत नहीं होगी। इससे जनता सहित सूबे में आर्थिक विकास की पूरी संभावनाएं विकसित होगी।

सात जिलों में अभी नहीं हुआ विकास

पटना। सात जिले जिनमें अभी तक औद्योगिक क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है उनमें भी प्रमुखता से औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जायेंगे। जमीन की आवश्यकता के अनुसार भू-अर्जन की कार्यवाही बाद में की जाएगी। निश्चित ही आज का दिन बिहार में औद्योगिक क्रांति के नए युग के शुभारंभ के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य मंत्री मंडल के इस निर्णय से आने वाले समय में बिहार के प्रत्येक जिले में औद्योगिक क्षेत्र विकसित होंगे जिनके माध्यम से निवेश एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। विदित हो कि बिहार सरकार के प्रयास से पं. चपांरण व बक्सर में आर्थिक इकोनॉमिक जोन के रूप में मान्यता मिली है। सेज के रूप में विकसित किया जा रहा है। सेज के विकसित होने से यहां बड़ी कंपनियां आ रही है। इससे कंपनियों के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों को भी सहूलियत मिलेगी। रोजगार के नये अवसर विकसित होंगे। जानकार सूत्रों का कहना है कि विधानसभा चुनाव होने से पूर्व सभी कार्य सरकार पूरा कर लेना चाहती है। ताकि जनता के बीच अपनी उपलब्धियों के साथ जाए।

सरकारी स्कूल में सांपों ने डाला डेरा, 3 दर्जन से अधिक सांप का हुआ रेस्क्यू

केटी न्यूज/कटिहार

कटिहार के एक सरकारी स्कूल में सांपों ने डेरा डाल दिया है। तीन दिन के भीतर तीन दर्जन से अधिक जहरीले सांपों का रेस्क्यू किया जा चुका है। बावजूद उनका लगातार निकलना जारी है। स्कूल में सांपों के निकलने के बाद वहां तैनात शिक्षकों के साथ साथ बच्चों में खौफ का माहौल है। दरअसल, पूरा मामला बारसोई अनुमंडल के बलतर पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय मनोहरी का है, जहां तीन दिनों से लगातार स्कूल परिसर और स्कूल के बरामदे में दर्जनों जहरीले सांप के बच्चों को देखा जा रहा है। शिक्षकों द्वारा इन सापों का रेस्क्यू भी किया जा रहा है। अभी तक तीन दर्जन सांप निकल चुके हैं। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के साथ साथ शिक्षक भी भयभीत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण चारों तरफ पानी भर गया है, ऐसे में सांप स्कूल को सुरक्षित ठिकाना मान रहे हैं और वहीं आकर डेरा डाल दिया है। सभी सांप काफी जहरीले बताए जा रहे हैं, सभी कोबरा के बच्चे हैं।

पूर्णिया : लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव में भी जनता ने निर्दलीय उम्मीदवार को दिया जनादेश

रूपौली उपचुनाव में बड़ा उलटफेर, कड़ी टक्कर में निर्दलीय शंकर सिंह चुनाव जीते

- ♦कलाधर मंडल और बीमा भारती को जनता ने नकारा
- ♦नहीं चला नीतीश कुमार व तेजस्वी यादव का जादू

केटी न्यूज/पूर्णिया

रूपौली विधानसभा उपचुनाव में बड़ी उलटफेर हो गई है। इस उपचुनाव में न तो सीएम नीतीश का जादू चल सका और ना ही तेजस्वी यादव मतदाताओं को गोलबंद कर सके। उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार शंकर सिंह ने जेडीयू उम्मीदवार कलाधर मंडल को कड़ी टक्कर देते हुए जीत दर्ज की है। आरजेडी उम्मीदवार और इस सीट से पूर्व विधायक रहीं बीमा भारती तीसरे नंबर पर चली गई हैं। लोकसभा चुनाव के बाद अब विधानसभा उपचुनाव में भी पूर्णिया की जनता ने निर्दलीय उम्मीदवार को अपना आशीर्वाद दिया है। पहले राउंड की गिनती में जेडीयू के कलाधर मंडल ने बढ़त बढ़ाई थी जबकि आरजेडी की बीमा भारती दूसरे नंबर पर थीं लेकिन जैसे-जैसे वोटों की गिनती आगे बढ़ती गई वैसे-वैसे रूझान बदलने लगे। छठे राउंड में निर्दलीय उमा शंकर सिंह और जेडीयू उम्मीदवार कलाधर मंडल के बीच महज पांच सौ वोटों को अंतर रहा और सातवें राउंड की गिनती में निर्दलीय शंकर सिंह कलाधर मंडल को पछाड़ते हुए पहले पायदान पर पहुंच गए। सातवें राउंड में पहले पायदान पर जगह बनाने के बाद निर्दलीय शंकर सिंह लगातार आगे चलते रहे और आखिरकार 12वें और अंतिम राउंड की गिनती में निर्दलीय उमा शंकर सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जेडीयू उम्मीदवार कलाधर मंडल को शिकस्त देते हुए जीत दर्ज की। इस सीट से आरजेडी की उम्मीदवार और पूर्व विधायक रहीं बीमा भारती तीसरे नंबर पर चली गईं। 12वें राउंड की गिनती में निर्दलीय शंकर सिंह 8204 वोट से जीत गए। निर्दलीय शंकर सिंह को कुल 67782 वोट मिले हैं जबकि जेडीयू के कलाधर मंडल ने कुल 59578 वोट हासिल किए वहीं आरजेडी की बीमा भारती महज 30114 वोट के साथ तीसरे नंबर पर रहीं। इस सीट से जेडीयू से विधायक रहीं बीमा भारती ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए न सिर्फ विधायकी से इस्तीफा दे दिया था बल्कि जेडीयू को छोड़कर

राजद के युवराज के कारण बीमा भारती हारी, तेजस्वी पर बरसे पूर्णिया सांसद

केटी न्यूज/पूर्णिया

रुपौली विधानसभा उपचुनाव के नतीजे सामने आ गये हैं। निर्दलीय बाहुबली प्रत्याशी शंकर सिंह ने बड़ी जीत हासिल की है। नीतीश की पार्टी जेडीयू से कलाधार मंडल और तेजस्वी के उम्मीदवार बीमा भारती को शंकर सिंह ने धूल चला दी है। जबकि बीमा भारती पांच बार से रुपौली की विधायक थी उन्हें पूरा विश्वास था कि इस बार भी रुपौली की जनता का आशीर्वाद मिलेगा। लेकिन पूर्णिया से लोकसभा चुनाव में हार का मुंह देने के बाद रुपौली विधानसभा उपचुनाव में भी बीमा भारती को हार का सामना करना पड़ा। रुपौली में निर्दलीय उम्मीदवार के विधानसभा उपचुनाव जीतने और जेडीयू की हार पर पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा कि बीमा भारती की हार पर कांग्रेस को सचेत हो जाना चाहिए। कहा कि तेजस्वी यादव युवराज की तरह काम करते हैं। उपचुनाव के एक दिन पहले पहले रुपौली गये और पिकनिक मनाकर चले आए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि 20 सालों में नीतीश कुमार ने रुपौली के लिए काम नहीं किया। नीतीश और लालू दोनों से जनता का मोह भंग हो चुका है। कांग्रेस यहां निश्चित तौर विकल्प बन सकती है इसलिए कांग्रेस को सचेत कर रहा हूं। पप्पू यादव ने इसे अति पिछड़ा वर्ग की हार करार दिया और तेजस्वी से सवाल पूछा कि बीमा भारती को बलि का बकरा क्यों बनाया गया। बीमा भारती से कोऑर्डिनेशन नहीं

12 शिक्षकों से लदी नाव नदी में फंसी, डेढ़ घंटा बाद मिला किनारा

केटी न्यूज/ सहरसा

सहरसा में कोसी नदी अपने पूरे उफान पर है। तटबंध के भीतर बसने वालों के लिए उफनती नदी को पार करने का एकमात्र साधन नाव ही है। ग्रामीणों के साथ सरकारी स्कूल के शिक्षकों को भी नाव से नदी पार करना पड़ता है। नाव पर सवार करीब एक दर्जन शिक्षकों की जान उस वक्त खरते में आ गई जब नाव नदी में भटक गई। बताया जा रहा है कि जिले के नवहट्टा प्रखंड के पूर्वी कोसी तटबंध के ई-टू घाट से मध्य विद्यालय परताहा बरहारा के लिए करीब एक दर्जन से अधिक शिक्षक एक नाव पर सवार होकर सुबह 7 बजे स्कूल जाने के लिए निकले थे। ई- टू घाट से नाव 7 बजे खुली जरूर लेकिन 9 बजे तक भी किनारे नहीं लग सकी जबकि प्रत्येक दिन शिक्षकों को मात्र 45 मिनट में ही पूर्वी भाग से पश्चिमी भाग तक लेकर नाविक चले जाते थे। शिक्षकों को लेकर चली नाव एक से डेढ़ घंटे तक करीब 4 से 5 किलोमीटर की दूरी में भटकती रही। जिसके कारण नाव पर बैठे शिक्षकों की सांस अटक चुकी थी हालांकि करीब ढाई घंटे के बाद नाव सुरक्षित किनारे लगी।

उचित मूल्य ☎ 9800197310 उत्तम व्यवहार
गीता प्रेस
पुस्तक की दुकान
सभी प्रकार की धार्मिक पुस्तकों के एकमात्र विक्रेता
सहयोगी प्रतिष्ठान
डॉ. रामप्रवेश राय (मुन्ना राय)
☎: 6299941536
लक्ष्मी पैलेस मेन रोड, बक्सर (नहर के पास)

14 साल की बच्ची के साथ गैंगरेप, शरीर पर कई जख्म के निशान, अस्पताल में इलाजरत

केटी न्यूज/सासाराम

सासाराम के कोचस में 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने घायल बच्ची को बरामद कर लिया और इलाज के लिए सासाराम के सदर अस्पताल में भर्ती कराया। नाबालिग बच्ची का पांव टूट गया है और शरीर के कई जगह पर जख्म के निशान पाये गये है। बच्ची बेहोशी की हालत में है और कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। बच्ची कोचस की रहने वाली एक लोक गायिका की बहन है। देर रात अपने पड़ोस के चाचा के घर से खाना खाकर अकेली लौट घर लौट रही थी। तभी बाइक सवार तीन मनचलों ने उसे जबरन अपनी बाइक पर बिठा लिया और झाड़ी में ले जाकर गैंगरेप किया। इस दौरान पीड़िता की पिटाई की गयी और सड़क पर उसे फेंक कर सभी आरोपी फरार हो गये। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस ने बच्ची को बरामद किया और इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही रोहतास एसपी विनीत कुमार भी सदर अस्पताल पहुंचे और बच्ची की स्थिति की जानकारी डॉक्टर से लिये वही परिजनों से भी इस घटना के संबंध में बातचीत की। मिली जानकारी के अनुसार 4 साल पहले भी इस बच्ची के साथ गांव के ही कुछ लड़कों ने गंदा काम किया था। उस वक्त उन लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई थी। ऐसे में उन लोगों का मनोबल काफी बढ़ गया और फिर बीती रात अकेला पाकर बच्ची को उठा लिया और उसके साथ गैंगरेप करने के बाद उसे सड़क के किनारे झाड़ी में फेंक दिया गया। इसे दुर्घटना का रूप दिए की कोशिश की गई। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि बच्ची के साथ रेप हुआ है या नहीं। पीड़िता की बड़ी बहन ने गैंगरेप की जानकारी दी है कहा है कि उसकी छोटी बहन को नशा पिलाकर उसके साथ गलत काम किया गया है। पीड़िता के परिजनों ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है। वहीं इस संबंध में एसपी ने बताया कि आधुनिक तकनीकी का सहारा लेते हुए अपराधियों की धर-पकड़ का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही सभी आरापी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

जहानाबाद के वरीय अधिवक्ता ट्रेन की चपेट में आए, मौत

केटी न्यूज/ जहानाबाद

जहानाबाद के वरीय अधिवक्ता देवनंदन प्रसाद की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना पटना-गया रेलखंड के जहानाबाद कोर्ट रेलवे स्टेशन के पास हुई। इस घटना के बाद काफी देर तक घटनास्थल पर अफरातफरी का माहौल कायम रहा। देखते ही देखते भारी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना की सूचना रेल पुलिस को दी गई। नगर थाना जहानाबाद के पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। लोगों का कहना है कि गया-पटना रेलखंड पर कोर्ट हॉल्ट पर हमेशा ट्रेन दुर्घटना होती रहती है। उमरिया अधिवक्ता देवनंदन की ट्रेन चढ़ने के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि मादिल पंचायत के पूर्व मुखिया सह अधिवक्ता देवनंदन यादव पटना जाने के लिए शनिवार की सुबह अपने घर से निकले थे।

गोद लेने वाले दंपति पायलट की वार्षिक आय लगभग 1.5 करोड़ के आसपास

मिशाल: कार्टन में बंद नवजात बच्ची ने पहले दी थी मौत को मात, अब जाएगी अमेरिका

- ♦ बच्ची का जन्म प्रमाण पत्र और पासपोर्ट बनाने के लिए शुरू कर दी गई कार्रवाई

केटी न्यूज/पटना

सारण समाहरणालय

बेसहारा बच्ची जन्म के साथ ही मरने के लिए फेंकी दी गई थी। उसे देख किसी को उम्मीद नहीं थी कि उसकी सांसे चल रही होंगी। लेकिन जब लोगों ने उठाया तो उसकी सांसों की डोर टूटी नहीं बल्कि धीरे-धीरे चल रही थी। उसे उसी वक्त स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के बाद बाल संरक्षण इकाई को सूचना दी गई। उसके बाद विशिष्ट दत्तक ग्रहण केंद्र के अधिकारी बच्ची को दत्तक ग्रहण केंद्र ले गए। जहां पर अभी उसका भरण-पोषण किया जा रहा है। हालांकि अब बच्ची अपने मम्मी-पापा के साथ सात समंदर पार यूएसए चली जाएगी। उनसे बहुत दूर, जिन्होंने उसे मरने के लिए फेंक दिया था। जानकारी के मुताबिक, निकट भविष्य में बच्ची को यूएसए में रहने वाले एक पायलट छपरा शहर के दत्तक ग्रहण केंद्र से गोद लेने वाले हैं। पायलट की वार्षिक आय लगभग 1.5 करोड़ के आसपास है। यह बच्ची करीब छह माह पहले जन्म के साथ मरने के लिए फेंक दी गई थी, जिसका इलाज सदर अस्पताल में किया गया था। लेकिन ठीक हो जाने के बाद से यह बच्ची बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से विशिष्ट दत्तक ग्रहण केंद्र में रह रही है। लेकिन अब वह यूएसए के दंपति के पास जाने वाली है। विशिष्ट दत्तक ग्रहण केंद्र में रह रही छह माह की बच्ची को यूएसए में रहने वाले मम्मी-पापा को सौंपने के लिए कोर्ट की सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। दरअसल, छपरा व्यवहार न्यायालय ने उक्त बच्ची को यूएसए के दंपति को सौंपने के लिए आदेश भी दे दिया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी अमन समीर ने भी अपनी सहमति देते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया है। अब बच्ची का जन्म प्रमाण पत्र और पासपोर्ट बनाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बहुत ही जल्द बच्ची अपने मम्मी-पापा के साथ यूएसए चली जाएगी।

95 बच्चों को अपनाए जाने के कारण सारण को मिला सर्वोच्च स्थान: बाल संरक्षण इकाई की सोच और बेहतर प्रयास का असर अनाथ तथा लावारिस अबोध बच्चों के जीवन पर पड़ रहा है। तभी तो अपनों द्वारा ठुकराए गए बच्चे और बच्चियों के प्रति समाज का बढ़ता रुझान सामाजिक सोच में हो रहे बदलाव को दशार्ता है। विशिष्ट दत्तक ग्रहण केंद्र में रह रही बच्चियों को देश-विदेश के गैर दंपति आगे आकर अपना रहे हैं। समाज कल्याण विभाग के बाल संरक्षण इकाई द्वारा जिले में संचालित हो रहे विशिष्ट दत्तक ग्रहण केंद्र से लगभग 95 बच्चों को गोद दिया गया है।

S2 Mall
RERA REG NO. - BRERAP00017-4/200/R-111/2018
SCPL
S2 MALL
APPROVED RERA APPROVED
ESCALATOR FOOD COURT SHOPPING
FINE DINE RESTAURANT KIDS ZONE MULTIPLEX
SHANTI CREATION PVT. LTD.
For Booking Contact : 9431019808, 9693777038
Reg H.O. : G-1, Vidya Vatika Apartment, East Boring Canal Road, Gorakh Nath Lane, Patna - 800001
E-Mail : shanticreationpvtltd@gmail.com | Web : www.scplpatna.in

प्रेम-प्रसंग में ली गई मजहर की जान, मामले में चार गिरफ्तार

◆ पुलिस ने एक देसी पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस किया बरामद

◆ सदर डीएसपी ने किया मामले का खुलासा

केटी न्यूज/बक्सर

बड़की सारिमपुर निवासी मजहर उर्फ सोनू साह की हत्या प्रेम-प्रसंग में फंसने के कारण हुई थी। इस घटना में शामिल चार लोगों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। इस घटना में प्रयुक्त एक देशी पिस्टल व तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए। इस घटना की उद्भेदन करते हुए सदर डीएसपी धीरज कुमार ने मीडिया के समक्ष प्रेसवार्ता कर जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि इस घटना में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारों में तौफीक खान उर्फ राजा, अमृत ठाकुर, आरिफ खान उर्फ पुली, मुमताज खां है, जिसमें राजा और मुमताज का आपराधिक इतिहास है। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सारिमपुर के रहने वाले हैं। 9 जुलाई को मजहर साह उर्फ सोनू कुमार को गोली मार जख्मी कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मजहर के पिता खालिद शाह द्वारा दो नामजद और अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस ने अनुसंधान तेज की तो एक के बाद एक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

उन्होंने बताया कि मजहर शाह उर्फ सोनू की जान प्रेम प्रसंग में चली गई है। मुमताज की बहन के साथ सोनू की बात विवाह होने के बाद भी चल रही थी। इसकी जानकारी जब मुमताज को हुई तो वह राजा से सोनू को समझाने की बात कही। राजा द्वारा आरिफ खां को पिस्टल दे सोनू को समझाने के लिए भेजा। आरिफ उर्फ पुली ने सारिमपुर मदरसे से निकलने के दौरान मजहर को समझाया नहीं समझा तो सिर में सटाकर गोली मार दी और फरार हो गया। इस गिरफ्तारी में सदर डीएसपी धीरज कुमार, औद्योगिक थाना प्रभारी अविनाश कुमार, पुलिस निरीक्षक इंद्रजीत कुमार सिंह, एसआई अमन कुमार, योगेन्द्र कुमार, रमन राउत, पूजा कुमारी व पुलिस बल शामिल थे।

राजा ने हत्या के लिए पिस्टल कराया था उपलब्ध

पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पिस्टल को अमृत ठाकुर के घर से बरामद किया गया। घर की तलाशी में एक देसी पिस्टल के साथ तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। डीएसपी ने बताया कि इस हत्या के लिए पिस्टल राजा ने उपलब्ध कराया था जिसके ऊपर पहले से भी मर्डर केस है। हत्या के बाद आरिफ ने पिस्टल राजा को वापस कर दिया, लेकिन पुलिस की चहलकदमी को देखते हुए राजा ने पिस्टल अपने साथी अमृत ठाकुर को रखने के लिए दे दिया था। तीन लोगों की गिरफ्तारी के पूछताछ में जब इन लोगों द्वारा अमृत के बारे में जानकारी दी।

एक दिन में मुकदमों के निपटारा का सुलभ साधन है राष्ट्रीय लोक अदालत: जिला न्यायाधीश

लोक अदालत में निपटे 1771 मामले, 4.96 करोड़ रुपये के मामलों का हुआ समझौता

◆ वादों के निपटारा के लिए बनाए गए थे कुल अठारह बेंच

केटी न्यूज/बक्सर

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बक्सर के तत्वावधान में शनिवार को इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, आनंद नंदन सिंह, उपस्थित मंचासीन पदाधिकारी एवं अवर न्यायाधीश सह सचिव, देवेश कुमार, व्यवहार न्यायालय, बक्सर, और उपस्थित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया। मौके पर न्यायिक पदाधिकारी व कार्यालय कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर मंच का संचालन उपस्थित रिटेनर अधिवक्ता विष्णु दत्त द्विवेदी ने किया। सुबह दस बजे शुरू हुए इस राष्ट्रीय लोक अदालत में समाचार लिखे जाने तक विभिन्न वाद के कुल 1771 मामले का निपटारा कराया गया। जिसमें आपसी समझौते से चार करोड़ 96 लाख 1665 रूपए के वादों का निपटारा किया गया।

इस दौरान अपने संबोधन में जिला न्यायाधीश ने कहा कि, लोक अदालत एक ही दिन में मुकदमे के निपटारे का सुलभ रास्ता है। इसमें ना कोई पक्ष जीतता है, ना ही कोई पक्ष हारता है, बल्कि दोनों पक्षों की जीत होती है। कोई भी व्यक्ति अपने वाद का निपटारा सुलह समझौते के माध्यम से करा सकता है। उन्होंने अपने संबोधन में लोक अदालत में आने वाले सभी पक्षकारों का स्वागत किया।

मौके पर देवेश कुमार अवर न्यायाधिश -सह- सचिव, जिला प्राधिकार ने कहा कि देश के सभी जिला न्यायालय में सुलहनिय वादों के निष्पादन, लोगों को विधिक सेवा उपलब्ध करवाना एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार का गठन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य जिले के आम जनमानस को विधिक सेवा उपलब्ध करवाना, विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना, साथ ही जिला न्यायालय में लंबित सुलहनिय वादों को चिन्हित कर दोनों पक्षकारों के बीच मध्यस्थता करवाकर उनके बीच हुए मनमुटाव, आपसी बैर को खत्म कर समाज के लोगों के बीच आपसी सौहार्द बनाए रखना है। इसी कड़ी में आज देश के सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय में किया जा रहा है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली, के निर्देश पर इस अवसर को हम लोग एक राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मनाते हैं। वाद के दोनों पक्षकार स्थानीय न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में अपने-अपने वादों को लेकर दौड़ते रहते हैं और उनके मुकदमे का निपटारा नहीं होता। यदि अपने मुकदमों का निपटारा करवाना चाहते हैं तो सीधे लोक अदालत में आए और एक ही दिन में अपने वादों का निपटारा सुलह के आधार पर करवाए। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन इस उद्देश्य से ही किया जाता है कि व्यवहार न्यायालय पर बढ़ रहे मुकदमों के बोझ को कम किया जा सके। साथ में लोगों को सुलभ न्याय उपलब्ध करवाना है। उन्होनें कहा कि लोक अदालत जनता की अदालत है। जिसमे आपकी सहमति से ही आप के द्वारा किया गए मुकदमो को सुलह के आधार पर निपटारा करवाया जाता है।

मौके पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मनोज कुमार द्वितीय, विजेंद्र कुमार, रघुबीर प्रसाद, राकेश कुमार राकेश प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, रामचंद्र प्रसाद, अवर न्यायाधीश, आरती जायसवाल, कमलेश सिंह देव, अवर न्यायाधीश रंजना दुबे, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी नेहा त्रिपाठी, विष्णु प्रिया, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, पैनल अधिवक्ता जितेंद्र कुमार, चंद्रकला वर्मा, किरन कुमारी आदि। वहीं कार्यालय कर्मी सुधीर कुमार, दीपेश कुमार, संजीव कुमार, वरीय लिपिक संजय कुमार, नाजिर संतोष द्विवेदी, विधिक स्वयंसेवक मदन प्रजापति, प्रेम प्रकाश पाठक, अंजुम रावत, अविनाश, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बैंकों के 587 मामलों का हुआ निपटारा

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक के 587 व भारत संचार निगम लिमिटेड, ग्राम कचहरी के 84, आपराधिक के 107 वाद, बैंक रिकवरी के 425 वाद, जिसमे पचपन लाख 456 रूपए की रिकवरी, यातायात अधिनियम के 441 मामले जिसमें 26,55,212 रुपए की रिकवरी की गई, विद्युत वाद के 126 मामले का निपटारा कराया गया, जिसमें 22,96,303 रुपए जिले के विभिन्न बैंकों ने 587 मामलों जिसमें हुए निष्पादन में इस दौरान कुल 03 करोड़ 81 लाख 49 हजार 694 रुपए की रिकवरी किया गया। बताते चले कि गठित अठारह पीठ मे से प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, रामचंद्र प्रसाद के पीठ में सबसे अधिक कुल 126 वाद का निष्पादन किया गया।

अलग-अलग जगहों से दो बाइक्स हुई चोरी, प्राथमिकी दर्ज

डुमरांव। डुमरांव थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से दो बाइको पर उचक्कों ने हाथ साफ कर दिया। बाइक चोरी की बढ़ती घटनाएं पुलिस के लिए चुनौती बन गयी हैं। पहली घटना स्थानीय ट्रेनिंग स्कूल के समीप एक प्राइवेट क्लिनिक के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ली गयी। पीड़ित गिरधर बरांव गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस को दिए गये आवेदन में बताया है कि वह शुक्रवार को प्राइवेट क्लिनिक के बाहर अपनी बाइक जिसका नंबर बीआर 03 वाई 7868 हैं को खड़ा किया था। कुछ देर बाद जब वापस आया तो बाइक उक्त जगह से नदारद थी। बाइक की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं अता-पता नही चला। थक-हारकर पीड़ित ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया हैं।

वहीं दूसरी घटना बाबा जंगलीनाथ महादेव मंदिर के बाहर घटी। जहां मंदिर के बाहर खड़ी एक बाइक चोरी गयी। बाइक हीरो बीआर 44 एफ 7275 बताया जाता हैं। इस मामले में पीड़ित सिकरौल थाना क्षेत्र के दीवान के बड़का गांव सतुहड़ी गांव निवासी हीराराम के पुत्र फूलन कुमार ने इसकी शिकायत आवेदन देकर स्थानीय पुलिस से की है। पीड़ित अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होने जंगलीनाथ शिव मंदिर बाइक से आया था। थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अज्ञात बाइक चोरों की पहचान करने में जुट गयी हैं।

एक नजर

पेड़ प्राण के आधार है, प्रकृति की ओर लौटने से ही होगा जीवन सुरक्षित: शैलेश ओझा

ब्रह्मपुर। श्रीराम ओझा मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को धरा मांगे हरियाली कार्यक्रम के अंतर्गत बक्सर प्रखंड के दलसागर स्थित पशु पक्षी रेस्क्यू सेंटर नेचर वाइल्ड केयर के प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में पौधरोपण की जरूरत पर बल देते हुए श्रीराम ओझा मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष शैलेश कुमार ओझा ने कहा कि पेड़ प्राण के आधार है और प्रकृति की ओर लौटने से ही हमारा जीवन सुरक्षित होगा। पेड़ हमें जल और वायु के रूप में जीवन देते है। प्रकृति के इस कर्ज को उतारने के लिए हर इंसान को पेड़ लगाना चाहिए। आज प्रदूषण और पेड़ों की अंधाधूंध कटाई से जलवायु परिवर्तन हो रहा है और जीवन खतरे में पड़ रहा है। शैलेश ने कहा कि हाईवे निर्माण के दौरान बक्सर में 40 हजार से अधिक पेड़ काटे गए है, इसी का नतीजा था कि इस बार पारा 47 डिग्री से ज्यादा रहा। जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। धरा पर हरियाली आएगी, तभी जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि हमारा पर्यावरण बहुत बिगड़ चुका है। इसे बचाने का एकमात्र उपाय सिर्फ पौधरोपण ही है। हमे अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए तथा उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर रेस्क्यू सेंटर के निदेशक हरिओम चौबे ने कहा पर्यावरण संतुलन के लिए पौधे बहुत जरूरी है, साथ ही वायु, जल और वन्य जीवों का संरक्षण भी जरूरी है। जबकि दक्षिण बिहार पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सह प्रमुख ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी बहाने पौधरोपण अवश्य करना चाहिए और उनकी देखभाल की आदत डालनी चाहिए। पेड़ पौधे धरती के श्रृंगार ही नहीं जरूरत भी है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। मौके पर शंभू चंद्रवंशी, नित्यानंद ओझा, विशाल सिंह, आनंद शर्मा, मनु राज, यश कुमार, राहुल आदि लोग उपस्थित रहे।

भाजपा विधि प्रकोष्ठ नये कानून की जानकारी देने के लिए करेगा सेमिनार: सुमन श्रीवास्तव

बक्सर। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के द्वारा दण्ड संहिता बनाम न्याय संहिता बिषय पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रमण्डल स्तर पर लोगों को जागरूक करने के लिए 15 जुलाई 2024 से सेमिनार करने का निर्णय लिया है। इसके लिए भाजपा विधि प्रकोष्ठ (लीगल सेल) बक्सर के जिलाध्यक्ष सुमन कुमार श्रीवास्तव ने विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विन्ध्याचल राय को बधाई दिया है। दरसल में नये बने कानून की जानकारी नहीं होने से लोगों में उहापोह बना हुआ है। जिसके लिए भाजपा विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ता प्रदेश भर में मण्डल स्तर पर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। जिसकी जानकारी भाजपा विधि प्रकोष्ठ (लीगल सेल) बक्सर के जिलाध्यक्ष सुमन कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

लोहिया स्वच्छता अभियान को सफल बनाने पर जोर

केसठ। सरकार की महत्वाकांक्षी लोहिया स्वच्छता अभियान के सफल संचालन को ले बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा के नेतृत्व में अभियान से जुड़े कर्मियो के साथ बैठक आहूत की गई। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि सफाई कर्मियों को मिलने वाले राशि का आवंटन नहीं होने व नौ माह से सफाई कर्मियों का मानदेय नहीं मिलने से नाराज कर्मियों ने सफाई कार्य को बंद कर दिया था। जिसके बाद बीडीओ ने बैठक कर सफाई कर्मियों को नियमित सफाई करने ले निर्देश दिया। साथ ही इसके एवज में मिलने वाले राशि की वसूली करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से डीआरपी राकेश कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय बारी, अयोध्या पासवान, प्रदीप कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

गुरु पूर्णिमा पर राधेकीर्तन मंदिर में जुटेंगे भक्त, शुरू हुई तैयारी

फाइल फोटो

केटी न्यूज/डुमरांव

आगामी 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व मनाया जायेगा। यह दिन उन सभी आध्यात्मिक और अकादमिक गुरुजनों को समर्पित परंपरा है, जिन्होंने कर्म योग आधारित व्यक्तित्व विकास और प्रबुद्ध करने का कार्य किया हो। पुराणों एवं शास्त्रों में गुरु पूर्णिमा का काफी महत्व बताया गया है। इस दिन शिष्य अपने गुरु का दर्शन-वंदन करते हैं। कोरानसराय के सुप्रसिद्ध श्री राधेकीर्तन ब्रम्ह बाबा मंदिर में इस पर्व को लेकर विशेष तैयारी शुरू कर दी गयी हैं। उस दौरान अखंड हरिकीर्तन के साथ श्री राधेकीर्तन ब्रम्ह बाबा का रुद्राभिषेक भी कराया जायेगा। पूणाहुति के बाद भक्त बाबा का दर्शन कर परंपरागत तरीके से आशीर्वाद लेंगे और प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस पर्व को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों ने शनिवार को एक बैठक आयोजित की।

इस दौरान मंदिर के महंत पंडित दीपक तिवारी जी महाराज ने बताया कि बाबा के शिष्य गुरु के चरण वंदन कर गुरु के प्रति सम्मान-समर्पण की भावना व्यक्त कर पूजा-अर्चना करेंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गयी है। उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा, गुरु के प्रति अटूट श्रद्धा, गुरु पूजा और कृतज्ञता का दिन है। गुरु पूर्णिमा गुरु से दीक्षा लेने, साधना को मजबूत करने और अपने भीतर गुरु को अनुभव करने का दिन है। गुरु को याद करने से हमारे विकार वैसे ही दूर होते हैं जैसे प्रकाश के होने पर अंधेरा दूर हो जाता है।

डीटीओ ने 23 बसों के मालिकों से वसूला 3.38 लाख रुपये जुर्माना

केटी न्यूज/बक्सर

शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी ने विशेष ड्राइव चलाते हुए कुल 23 बसों का फिटनेस एवं पॉल्यूशन प्रमाण पत्र की सघन जांच की गई। इस दौरान कई बस ऐसे मिले जिनका फिटनेश व पॉल्यूशन फेल था। जिनसे जुर्माना वूसला गया। मिली जानकारी के अनुसार जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा कुल 3 लाख 38 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया है। परिवहन विभाग के इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। गौरतलब है कि जिले के विभिन्न पथों पर चलने वाली अधिकांश यात्री बसे काफी पुरानी व जर्जर हो चुकी है। उनका फिटनेश व पॉल्यूशन समेत अन्य कागजात भी फेल हो गए है। खटारा यात्री बसों के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वही, माना जा रहा है कि यूपी की घटना के बाद जिला प्रशासन व राज्य सरकार खटारा बसो के परिचालन के प्रति गंभीर हो गया है।

बरसात में सड़क पर उभरे गड्ढों में जलजमाव से दुर्घटना के शिकार हो रहे ग्रामीण, जताया आक्रोश

केटी न्यूज/बक्सर

प्रखंड के अटांव पंचायत के एकौनी गांव की सड़क जर्जर हो गई है। जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा रहा है। जर्जर सड़क पर उभर आए गड्ढों में बरसात के कारण जलजमाव हो गया है। जिस कारण वाहन चालक अक्सर दुर्घटना का शिकार हो रहे है। ग्रामीणों की मानें तो करीब एक किलोमीटर तक यह सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई है।

ग्रामीण सह जदयू नेता विशोका चंद ने डुमरांव बीडीओ से इस पथ की मरम्मत की गुहार लगाई है। पैर से दिव्यांग विशोक ने बताया कि कई बार उनकी बैट्री से चलने वाली ट्राई साइकिल फिसल चुकी है। वही आए दिन बाइक चालक व साइकिल चालक दुर्घटना का शिकार होते रहते है। उन्होंने बताया है कि इस सड़क मार्ग से रोजाना सैकड़ों मजदूर, विद्यार्थी, मरीज को प्रतिदिन आने जाने मे जान जोखिम में डालकर आना जाना पड़ता है, यह सड़क करीब करीब साल भर से खराब है, लेकिन कोई भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। विशोका ने बताया कि सड़क जर्जर होने से ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है। वहीं, ग्रामीण निठाली शर्मा, वकील राम, महेन्द्र यादव, धनजी यादव, राजू चौधरी, सुशील राम, बैजनाथ राम आदि का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों से लगायत अधिकारियों तक से गुहार लगाई जा चुकी है। बावजूद पिछले एक साल में किसी ने इस पथ की मरम्मत के प्रति सुध नहीं लिया। जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्दी इस पथ का मरम्मत नहीं कराया गया तो ग्रामीण सड़क पर उतर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

राजपुर व मुफस्सिल थाने में शांति समिति की बैठक कर की गई सद्भाव से पर्व मनाने की अपील, बोले थानेदार...

मुहर्रम के जुलूस के लिए पूरे इलाकों में होगी जवानों की तैनाती

◆ ताजिया जुलूस में किसी भी प्रकार के हथियार के प्रदर्शन पर लगाई गई रोक

केटी न्यूज/चौसा

मुहर्रम पर्व को लेकर शनिवार को राजपुर व मुफस्सिल थानों में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह व अरविंद कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में थानाध्यक्षों ने बताया कि मुहर्रम पर्व त्याग व बलिदान का प्रतीक पर्व है। इसे आपसी सद्भाव से मनाया जाना चाहिए। ऐसा कोई कार्य न हो जिससे किसी को ठेस पहुंचे। हालांकि, मुहर्रम पर्व पर शांति व्यवस्था के लिए दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहेगी। ताजिया जुलूस में किसी भी हथियार का प्रदर्शन नहीं करना है। दूसरे संप्रदाय के पूजा स्थलों के सामने नारेबाजी एवं लाउडस्पीकर भी नहीं बजाना है। अगर कोई व्यक्ति हरकत करता है तो उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसने के लिए विशेष पैनी नजर रखी जाएगी। जुलूस के समय मार्ग को अवरुद्ध नहीं करना है। इस दौरान लोगों से सुझाव भी मांगा गया। जहा कई तजियादार समिति द्वारा कुछ अपनी समस्या रखी गई। जिसके निदान करने को आदेशीत किया गया। उन्होंने बताया मुफस्सिल थाने की ओर से शांति व्यवस्था को लेकर नौ प्रतिवेदन पर कुल 66 लोगों पर 107 की कार्रवाई की गई है तो राजपुर में चिन्हित कर 155 लोगों के ऊपर धारा 107 के तहत कार्रवाई की गई। वही, अन्य लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। हर हाल में शराब एवं शराबियों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। चौकीदारों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी गांव में अगर किसी प्रकार की अनहोनी होने की सूचना हो तो इसकी सूचना तत्काल दें।

राजपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक ताजिया के लिए क्षेत्र के खीरी, सरेंजा, तियरा, मंगराव, रसेन, उतड़ी खुर्द, जलीलपुर एवं पलिया के तजियादारों ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। उत्तर प्रदेश के निकटवर्ती इलाका एवं कैमूर, रोहतास के नदी घाटों के पास भी पर्याप्त मात्रा में पुलिस बलों को तैनात किया जाएगा। हर हाल में शराब एवं शराबियों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी।

इस बैठक में जिला परिषद सदस्य पूजा कुमारी, सरपंच फुटूचन्द सिंह, संजय कुमार, मुखिया समीम अंसारी, बीडीसी अलीशेर शाह, नागेश्वर सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रामअवतार राम, एसआई भगवान लाल राय, एएसआई रविशंकर कुमार, अनिल कुमार, मुखिया पति संजय सिंह के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से दुधारू पशु की मौत

केटी न्यूज/केसठ

ट्रांसफार्मर से निकली धारा प्रवाहित बिजली की तार की चपेट में आने से एक दुधारू पशु की मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर से निकली हुई अर्थिंग के तार में करंट प्रवाहित हो रही थी। तार के अगल-बगल खेत में पानी जमा था तथा अगल-बगल की जमीन गीली थी। जिसमें बिजली का करंट आ रहा था। भैंस चरते-चरते 10 फीट की दूरी से ही खींचकर तार की चपेट में आ गई तथा छटपटा कर दम तोड़ दी।

इस संबंध में लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते उक्त तार में बिजली के करंट आ रही थी। जिससे गिली एवं पानी भरा जमीन में करंट हो गया था। इसकी सूचना पाकर रामपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडेय एवं सरपंच विष्णु देव पासवान ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना की। मुखिया प्रतिनिधि ने पशुपालन विभाग, नावानगर पुलिस एवं बिजली विभाग को सूचित किया। मामला नावानगर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी हवलदार पासवान की है। इस संबंध में पीड़ित हवलदार पासवान ने बताया कि मेरी भैंस की कीमत लगभग 60 हजार रुपए थी। उनके द्वारा स्थानीय प्रशासन के संबंधित अधिकारियों से मुआवजे के लिए गुहार लगाई गई है।

मुहर्रम जुलूस में भड़काउ गाने एवं नारों के साथ डीजे पर प्रतिबंध, बोले डीएम...

शांतिपूर्ण व सद्भाव के माहौल में मनाएं मुहर्रम

◆ जिलाधिकारी ने आगामी पर्व को देखते हुए अग्निशमन एवं चिकित्सा व्यवस्था को अलर्ट रहने का दिया निर्देश

केटी न्यूज/बक्सर

डीएम अंशुल अग्रवाल एवं एसपी मनीष कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से मुहर्रम पर्व एवं श्रावणी मेला के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में की गई। बैठक में उपस्थित जिला शांति समिति के सदस्यों के द्वारा आगामी मुहर्रम पर्व एवं श्रावणी मेला को लेकर अपने-अपने सुझाव जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा गया एवं विमर्श किया गया। जिला पदाधिकारी ने जिला शांति समिति के सदस्यों, सभी जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों को विस्तृत रूप से अवगत कराते हुए आगामी मुहर्रम, पर्व को शांतिपूर्ण एवं सदभावना पूर्वक की अपील की। डीएम ने पर्व के दृष्टिगत पुलिस विभाग, अग्निशमन एवं चिकित्सा व्यवस्था को अलर्ट रहने का निर्देश दिया।

नगर निकायों को विशेष सफाई अभियान चलाने का निर्देश : बैठक में डीएम ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बक्सर एवं डुमरांव को निर्देश दिया कि पर्व से पहले सभी मार्गों की साफ-सफाई कराते हुए चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराना सुनिश्चित करेंगे। जबकि कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल को निर्देश दिया गया कि आगामी पर्व के पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव से समन्वय स्थापित कर पर्व के निमित सभी रूट की सूची प्राप्त कर लेंगे तथा निर्धारित रूट के सभी मार्गों के लूज एवं लटके हुए तारों की मरम्मत करा लेंगे।

जुलूस में शामिल 10-15 लोगों का आधार कार्ड व मोबाईल नंबर अनिवार्य : डीएम ने कहा कि जुलूस में शामिल कम से कम 10-15 लोगों का आधार कार्ड, पहचान पत्र एवं मोबाइल नंबर देना अनिवार्य होगा। ताकी किसी अप्रिय स्थिति में उन्हें जिम्मेवार बनाया जा सके। जुलूस लाईसेंस निर्गत करने के पूर्व लाइसेंस में कुछ शर्तो को भी शामिल किया गया है। जिसमें जुलूस में उत्तेजक, भड़काऊ गाना, नारेबाजी नहीं किया जायेगा। डी जे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। जुलूस में हथियार ले जाना अथवा प्रदर्शन किया जाना आर्म्स एक्ट के तहत प्रतिबंधित है। वही डीएम ने जुलूस के दौरान विधि-व्यवस्था संधारित करने का निर्देश भी दिया। डीएम ने कहा कि अनुज्ञप्ति निर्गत करने से पूर्व जुलूस के लिए सभी शर्त्तो का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। जुलूस का लाइसेंस जिस व्यक्ति के नाम पर निर्गत किया जायेगा, उसकी पहचान निश्चित रूप से किया जाय।

एंबुलेंस के साथ तैनात रहेगी स्वास्थ्य विभाग की टीम : सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अनुमण्डल अस्पताल, डुमरांव एवं सदर अस्पताल में सिविल सर्जन, बक्सर द्वारा एम्बुलेंस, आवश्यक दवाईयों के साथ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया।

मुख्य चौराहों एवं मार्गो पर तैनात रहेंगे दंडाधिकारी : बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सभी मुख्य चौक चौराहो एवं मार्गों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। एसपी ने सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि बाइक गश्ती के माध्यम से मुहर्रम पर्व के दौरान विधि व्यवस्था पर नजर बनाए रखेंगे। सोशल मीडिया पर किसी भी आपतिजनक पोस्ट पर अविलंब संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। एसपी ने बताया कि सभी मस्जिदों के आसपास पुलिस बल एवं पेट्रोलिंग पार्टी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही अनुमंडल एवं थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक ससमय कर लिया जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त बक्सर, सिविल सर्जन बक्सर, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), विशेष कार्य पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा बक्सर, जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिला स्तरीय शांति समिति के सम्मानित सदस्य एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

22 से 19 अगस्त तक चलेगा सावन

बैठक में बताया गया कि द इस वर्ष पवित्र श्रावण माह 22 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है जो 19 अगस्त तक चलेगा। इस बार सावन में पाच सोमवारी पड़ रहा है। सावन सोमवार से शुरू होकर सोमवार को ही संपन्न हो रहा है। श्रावण माह में बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में भारी संख्या में कावरियों की भीड़ इकट्ठा होती है। जिस कारण विधि व्यवस्था के मद्देनजर विशेष तैयारियां किया जाना आवश्यक है। डीएम ने अनुमण्डल पदाधिकारी डुमरॉव को इस संबंध में कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्त्ति प्रमण्डल को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति देने तथा कांवर यात्रा के मार्गो में लूज एवं नंगे बिजली के तारो की जांच कर ससमय दुरूस्त करा लेंगे। इस आशय का प्रमाण-पत्र भी देंगे। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, बक्सर एवं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बक्सर, ब्रह्मपुर व डुमरॉव को पेयजल एवं साफ-सफाई की व्यवस्था कावरियों के मार्ग में करने का निर्देश दिया गया। कावरियों के मार्ग में गड्ढ़ों की मरम्मति, जल जमाव के निकासी संबंधित क्षेत्र के कार्यपालक पदाधिकारी को करने का निर्देश दिया।

एक नजर

बक्सर में लगातार बढ़ रहा गंगा का जलस्तर

बक्सर। बक्सर में गंगा के जलस्तर बढ़ने का सिलसिला जारी है। शनिवार की सुबह आठ बजे केन्द्रीय जल आयोग ने जलस्तर को 51.420 मीटर दर्ज किया। जबकि पिछले तीन दिनों से जलस्तर प्रति घंटा दो सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रहा है। यदि जल स्तर बढ़ने का सिलसिला इसी रफ्तार से जारी रहा तो एक सप्ताह बाद यह खतरे के निशान को पार कर जाएगा। तब तटवर्ती इलाके में बाढ़ की विभीषिका झेलनी पड़ेगी। लगातार बढ़ रहे जलस्तर से दियारा इलाके के लोग अभी से ही बाढ़ की आशंका से सहमें हुए है। बता दें कि पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश व लैंड स्लाइड से गंगा समेत अन्य नदियां उफान है। यही कारण है कि जलस्तर हर दिन बढ़ते जा रहा है। वही, गंगा नदी का जल स्तर बढ़ने से जिला प्रशासन भी सतर्क हो गया है। प्रशासन द्वारा बाढ़ पूर्व तैयारियों को तेज कर दिया गया है। वही जल स्तर वृद्धि तथा कटाव वाले क्षेत्र की निगरानी की जा रही है।

गोडारी में घूम रहे गोह की लोगों ने बचाई जान

काराकाट। नगर पंचायत के गोडारी के लोग वन्य जीव के संरक्षण हेतू काफी जागरूक हो गए है। स्रोतों मिली जानकारी के अनुसार 12 जुलाई को वकील राम के घर कही से भटक कर मगर गोह उनके घर पहुंच गया था। तो उन्होंने उसे मारने की बजाय बचाने का सोच पर्यावरण व वन्य जीव प्रेमी शिवम कुमार को बुलाया उन्होंने उसे सुरक्षित रेस्क्यू कर तत्काल उसे उसके सुरक्षित परिवेश में छोड़ा दीया। वही 13 जुलाई को गोडारी के मुन्ना प्रजापति के घर से तकरीबन तीन फिट लम्बा मगर गोह मिला। जिसे शिवम के द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू कर उसके परिवेश में पुनः छोड़ दिया गया है। वन्य जीव प्रेमी शिवम कुमार के अनुसार मगर गोह मॉनिटर लिजार्ड सरीसृपों के स्क्वामेटा गण के वैरानिडी कुल के जीव हैं । जिनका शारीरिक स्वरूप छिपकली के सदृश होता है, परंतु ये उससे बहुत बड़े होते हैं। यह जीव बेहद शांत होते हैं। ये एक छिपकली प्रजाति है, जो आकार में बड़े हो जाते हैं। सांप जैसी जीभ होने के कारण इसे लोग जहरीला मान लेते हैं। कुछ लोग इसकी जीभ में जहर होने की बात कहते हैं। लेकिन वास्तविकता यह है कि सांपों की ही तरह ये भी जीभ से सूंघने का काम करता है। ये जीव पक्षियों के अंडे, मेंढक, चूहे, एवं सड़ा गला मांस खाता है, जिससे इसके दांतों मे बैक्टीरिया अधिक हो सकते हैं।

सांस घुट रही है हरदम, आओ पेड़ लगाएं हम

काराकाट। पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत शनिवार को काराकाट ब्लॉक परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह व अंचलाधिकारी डॉ. रितेश कुमार ने पौधरोपण किया। एक पेड़ लगायो कार्यक्रम में बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने पीपल व शिरीष का पौधा रोपित कर कहा कि प्रखंड व अंचल कर्मियों के द्वारा रोपित पौधों की सुरक्षा करने करे और उन्हें पेड़ बनाने का संकल्प ले। इस मौके पर प्रकृति व वन्य जीव प्रेमी शिवम कुमार सदस्य बिहार पर्यावरण संरक्षण अभियान, चेंजलूम युवा नेता,अध्यक्ष युवा पर्यावरण संरक्षण क्लब नगर पंचायत काराकाट गोड़ारी, शिवम कुमार, राजद नेता विकास कुमार, रितेश कुमार, सतेन्द्र पासवान इत्यादि लोग प्रखंड मुख्यालय पर पौधा लगाकर पानी डाला गया।

खबरें फटाफट

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

बिक्रमगंज। कछवां थाना क्षेत्र अंतर्गत खनन विभाग की टीम व स्थानीय पुलिस के द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम सरैया स्थित बालू घाट पर बालू माफियाओं के विरुद्ध विशेष छापेमारी की गई। जिस क्रम में उक्त स्थल से एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया। साथ ही साथ अधिकारियों के द्वारा जब्त ट्रैक्टर के चालक व मालिक के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के पास रिपोर्ट भेज दी गई है। साथ ही, जब्त ट्रैक्टर को स्थानीय पुलिस की अभिरक्षा में रखा गया है। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी।

थाना परिसर में किया गया पौधरोपण

नसरीगंज। विवेकानंद मिशन स्कूल दाऊदनगर के विवेकानंद बी ग्रेड मिशन के कमांडिंग ऑफिसर लोकेश पांडेय व कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार द्वारा आत्मोदय अभियान तहत शनिवार को कछवां थाना परिसर में वृक्षारोपण किया गया। उक्त दौरान कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्र समान होते है। जिससे हमारा पर्यावरण स्वच्छ रहता है । जिसमें अपर थानाअध्यक्ष मनीष कुमार, अवर निरीक्षक शालू कुमारी एवं विवेकानंद मिशन स्कूल के तरफ से प्रभात रंजन, शिक्षक वसुंधरा कुमारी, शिक्षिका एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

तुतला भवानी के पास झरने में तेज हुआ पानी का बहाव, आधा दर्जन से अधिक लोगों को किया रेस्क्यू

केटी न्यूज/सासाराम

रोहतास के तिलौथू स्थित तुतला भवानी वाटर फॉल में कई लोगों के फंसने के बाद हड़कंप मच गया। अचानक हुई तेज बारिश के बाद वाटर फॉल में पानी बहाव तेज हो गया और उसमें कई लोग फंस गए। हालांकि वहां मौजूद वन विभाग के सुरक्षाकर्मियों ने फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया और उनकी जान जाते-जाते बच गई। दरअसल, पहाड़ पर मूसलाधार बारिश होने के कारण वॉटर फॉल में ऊफान आने के कारण अचानक तेज- बहाव के साथ पानी आने लगा। जिससे वॉटरफॉल के पास स्नान कर रहे कुछ पर्यटक बुरी तरह पानी में फंस गए, लेकिन बाद में वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने बड़ी मुश्किल से सभी को निकाला। जब भी पहाड़ पर मूसलाधार बारिश होती है तो कुछ इसी तरह का नजारा देखने को मिलता है। जिसके कारण वहां लोगों सेल्फी, फोटो व रिल्स बनाने के लिए जाते हैं। शनिवार को भी कुछ ऐसी ही स्थिति थी। लेकिन अचानक झरना में ऊफान आने के कारण पानी का बाहव काफी तेज हो गया। रस्सी के सहारे रेस्क्यू टीम ने धीरे-धीरे सभी को निकाल लिया और उनकी जान बच गई। सोशल मीडिया पर रेस्क्यू ऑपरेशन का वीडियो वायरल हो रहा है।

मोहर्रम की 5वीं पर लाई गई मिट्टी

केटी न्यूज/नोखा

कर्बला का मैदान और सत्य के लिए शहीद हुए या हुसैन की याद में मोहर्रम का पर्व के पांचवी पर मिट्टी का रस्म अदा किया गया। जहां पर की प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था के बीच में नगर परिषद नोखा में स्थित इमामबाड़ा के पास जाकर के मिट्टी लाकर के ताजिया वाले स्थल पर रखा गया। मोहर्रम के पांचवी पर उसका आयोजन किया गया।

शुक्रवार की देर रात्रि तक कर्बला की याद में लोग इमामबाड़ा पर पहुंचे जो की जुलूस निकाल करके मोहर्रम कमेटी के लोग नगर परिषद नोखा के पश्चिम पट्टी में इमामबाड़ा के पास पहुंचे और वहां से मिट्टी ला करके ताजिया स्थल पर रखने के साथ ही मोहर्रम का निर्माण का काम शुरू करने की बात कही गई। इसमें प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था काफी चौकस रही। इस मौके पर वीडियो अतुल गुप्ता, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार, पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश रविदास सहित नोखा के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष इजहार रजा बाबू , इसराइल अंसारी, महमूद अंसारी, असलम अंसारी , सहित मुहर्रम कमेटी के कई लोग मौजूद रहे।

ऑपरेशन मुस्कान : खोए हुए 14 मोबाइल पुलिस ने वास्तविक धारक को किया सुपुर्द

केटी न्यूज/दिनारा

भानस ओपी पुलिस को ऑपरेशन मुस्कान के तहत मिली बड़ी सफलता। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष गुड़िया कुमारी ने बताया कि स्थानीय थाना के अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियारा के नेतृत्व में खोए हुए मोबाइल को लेकर ऑपरेशन मुस्कान अभियान चलाया गया । जिस अभियान के तहत खोए हुए 14 मोबाइल को सकुशल बरामद किया गया। जिसको लेकर 14 मोबाइल धारकों में स्थानीय थाना के थानाध्यक्ष एवं पुलिस पदाधिकारी के प्रति काफी खुशी की लहर दौड़ गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि बिक्रमगंज अंचल पुलिस निरीक्षक शेर सिंह यादव एवं अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियारा की देखरेख में भानस ओपी थाना क्षेत्र के ग्राम परसा निवासी प्रदीप कुमार पाल, ग्राम धर्मागतपुर निवासी जयप्रकाश कुमार, ग्राम धनपुरा निवासी राकेश कुमार सिंह, ग्राम भानस निवासी पुष्पा शर्मा, ग्राम परसा निवासी अभिषेक कुमार सिंह, ग्राम डोईया निवासी हरिओम कुमार, ग्राम अरंग निवासी एलान कुमार, ग्राम कुसही निवासी सुमन कुमार, ग्राम गोपालपुर विनोद साह, ग्राम डिहरा निवासी दशरथ सिंह ,ग्राम गोपालपुर अनिल कुमार, दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़कालाठ भानपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार, भोजपुर जिला अंतर्गत नगर थाना आरा क्षेत्र के ग्राम भसुहीपुर निवासी सोनाक्षी जयराम एवं उत्तर प्रदेश जिला सोनभद्र ज्वालामुखी झरना शक्तिनगर निवासी सुरेंद्र प्रसाद वास्तविक धारकों को खोए हुए मोबाइल को सुपुर्द किया गया। मौके पर बिक्रमगंज अंचल पुलिस निरीक्षक शेर सिंह यादव, थानाध्यक्ष गुड़िया कुमारी, अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियारा, अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सभी वास्तविक धारक लोग उपस्थित थे।

डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल का डीआईओ ने दो घंटे तक किया निरीक्षण, बोले...

एपेंडिक्स का ऑपरेशन अस्पताल में होना चाहिए, डॉक्टरों की कमी नहीं: डॉ. बिनोद

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। अनुमंडलीय अस्पताल का मॉनीटरिंग डीएम अंशुल अग्रवाल के किये जाने से चिकित्सकों के गायब रहने के सिलसिला पर ब्रेक जरूर लग गया है। वहीं अन्य मामलों में कोई परवर्तन नहीं आया है। शनिवार को जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. बिनोद सिंह ने अनुमंडलीय अस्पताल का दो घंटे तक गहन निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण में उन्होंने स्थिति को संतोषजन नहीं बताया। वैसे रोस्टर के अनुसार चिकित्सक अपनी ड्यूटी बजा रहे थे। प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बारी-बारी से सभी विभाग का निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले ओपीडी सेवा को देखा, जहां टेबल की आवश्यकता जरूरी पाया। फिर उन्होंने पाया की आपातकालीन वार्ड में उपकरण का स्टरलाईजेश नहीं होता है। ओपीडी में ट्रायल कक्ष नहीं होने से चिंता जतायी। वहीं लेबर रूम में जब पहुंचे तो देखा की गाउन है ही नहीं, साथ ही चप्पल और जूता भी नहीं पाया गया, बीएमडब्लु का दवा भी नहीं पाया गया, साथ ही वार्ड में एसी भी नहीं चल रहा था।

फिर उन्होंने देखा की पदस्थापित डाक्टरों की सूची को अप टू डेट नहीं किया गया था, इसे करने का आदेश दिया। फिर प्रवेश करते ही रजिस्ट्रेशन काउंटर की स्थिति देख कहा की यहां दिव्यांग के लिए रैम्प की व्यवस्था नहीं है, इसे नोट करते हुए इसकी व्यवस्था करने के लिए कहा। फिर वहां से निकल प्रसव वार्ड और ड्यूटी कक्ष का निरीक्षण किया। ड्यूटी कक्ष का शीशा टूटा हुआ पाया, इस पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए इसे नोट किया। उन्होंने कहा की अस्पताल में डाक्टरों की कमी तो नहीं है, फिर सीजेरियन सुविधा क्यों नहीं बहाल की गई है। नशबंदी और बंध्याकरण पर जोर दिया, साथ ही कहा कि इसके लिए पीएचसी प्रभारी और एपीएचसी पर कार्य कर ही आशा, एएनएम के अलावे सेविका और सहायिका को इस पर ध्यान देने की बात करते हुए कहा कि इसके लिए अलग से सभी को उत्प्रेरित करना होगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित डाक्टर सुमित सौरव को बताया की जितने मेडिकल ऑफीसर हैं, सभी का नाम और मोबाइल नंबर प्रदर्शित होना चाहिए। साथ ही रोस्टर चार्ज ही प्रदर्शित रहना चाहिए। इससे अस्पताल में आने वाले लोग जिस डाक्टर से दिखाना है, उसके अनुसार अपना रूटीन बना सकें। फिर उन्होंने सभी डाक्टरों के साथ बैठक की। जबतक प्रतिरक्षण पदाधिकारी अस्पताल में रहे चिकित्सकों व कर्मियों में हड़कंप मचा रहा।

A Truly English Medium School
ST. JOHN SECONDARY SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi ,+2 Level
2024-25 ADMISSION & Registration ARE OPEN
Education Is The Most Powerful Weapon Which you Can Use to Change The World
HURRY UP!
YOUR CHILD DESERVE THE BEST EDUCATION
Contact No. 7909000372 , 9472394007
Kali nagar dumraon
According to new education policy
website : www.Stjohnsecondaryschol.com
Email ID : st.jonsecondary@gmail.com

समर्थन व विश्वास के बल पर आज भाजपा सबसे बड़ी पार्टी: कृष्ण बिहारी

◆ जमानिया में मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन

केटी न्यूज/गाजीपुर

लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे पारसनाथ राय ने शनिवार को दिलदारनगर पंचायत हाल में भाजपा द्वारा आयोजित मतदाता अभिनंदन समारोह में कहा कि लोकसभा चुनाव में हार जरूर मिली है, लेकिन हमने हिम्मत नहीं हारी है। कार्यकर्ता के दुख-सुख में सदैव साथ रहूंगा। कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन द्वारा झूठ बोलकर लोगों को गुमराह किया गया और संविधान विरोधी राजनीतिक दल के साथ लोग संविधान बदलने का भ्रम फैला कर जनता से झूठे वादे किए, लेकिन तब भी एनडीए गठबंधन कि सरकार बनी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी प्रधानमंत्री बने। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कभी हार और जीत की राजनीति नही करती वह देश और समाज के लिए सतत काम करने वाली पार्टी है लेकिन आज जनता के सहयोग समर्थन और विश्वास के बल पर आज दुनिया की मजबूत सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के विजय आहट से विरोधियों के पसीने आने लगे थे। भाजपा के जनकल्याणकारी कार्यों के खौफ से सत्ता के लालची दलों को मयार्दा से परे वैचारिक विरोधियों को भी एक

साथ खड़ा होना पड़ा। नगर पालिका अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने कहा कि 2014 से 2019 में कार्यकाल में अनेकों विकास कार्य कराए चाहे गाजीपुर जिला के रेलवे स्टेशन हो या रेलवे का ट्रेनिंग सेंटर,सड़क हो हर क्षेत्र में विकास के कार्य किए गए। वहीं कार्यक्रम में मतदाताओं व कार्यकताओं का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर दिलदारनगर पंचायत के अध्यक्ष अविनाश जयसवाल,जिलामंत्री विष्णु प्रताप सिंह, रामेश्वर कुशवाहा, तारकेश्वर वर्मा, हरदेव कुशवाहा, अमित पांडेय, नृपेंद्र उपाध्याय, अवधेश सिंह, सुनील सिंह,माया सिंह,अमित जयसवाल, अनिल यादव, संजीत यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यकताओं के बल पर ही खड़ी रहती है पार्टी

बलिया। बांसडीह विधानसभा में मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन बांसडीह महाविद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमे बांसडीह विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओ को विधायक केतकी सिंह द्वारा अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। आयोजित मतदाता सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये विधायक केतकी सिंह ने कहा की कोई भी पार्टी या संगठन कार्यकर्ताओ के बल पर ही खड़ी रहती है कार्यकर्ता ही रीड की हड्डी होते हैं। श्रीमती सिंह ने कहा की कार्यकर्ताओ के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वाले को कतई नही बक्शा जायेगा साथ ही उन्होंने कहा की केंद्र तथा प्रदेश सरकार की सभी लाभकारी योजनाओं को बांसडीह विधानसभा क्षेत्र के अंतिम गांव तक पहुंचना ही एकमात्र लक्ष्य है। साथ ही विधायक ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा की विपक्ष किसी तरह से ग्रेस मार्क्स लाने पर मिठाई बांट रहा है और जो तीन बार से प्रथम श्रेणी से पास हो रहा है वह आत्मचिंतन में है। कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामाप्रसाद मुखर्जी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इस मौके पर सतेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, मिथिलेश तिवारी, सीतांशु गुप्ता, अजय सिंह, विनय मिश्रा, राजेश सिंह, गोपाल सोनी, शारदानंद साहनी व अन्य मौजूद रहे।

एक नजर

चिकित्सा अधीक्षक व प्रभारी ने कई टीकाकरण एवं प्रसव केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

गाजीपुर। रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र में आज शनिवार को चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी अधिकारी डाक्टर अमर कुमार ने क्षेत्र के छह से अधिक टीकाकरण एवं प्रसव केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया,इस दौरान उन्होंने कार्यों में लापरवाही एवं केन्द्रों पर अव्यवस्था पाए जाने पर चार आशाओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया है। साथ ही चिकित्सा अधीक्षक ने उनसे चौबीस घंटे में स्पष्टीकरण देने का सख्त निर्देश दिया है,चेताया कि संतोषजनक जबाब न देने पर उनके खिलाफ कठोर कार्यवाई कि जाएगी,चिकित्सा अधीक्षक केवसख्त तेवरों के कारण पूरे स्वास्थ्य महकमें? में हडकंम्प मचा हुआ है। इस दौरान उन्होंने डोर टू डोर जाकर प्रसव बाद नौनिहालों एवं उनकी माताओं का स्वास्थ्य एवं शासन की ओर से मिलने वाली योजनाओं का भौतिक सत्यापन किया,उन्होंने आशाओं सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को चेताया कि प्रसव पूर्व एवं उसके बाद जच्चा,बच्चा दोनों ध्यान दिया जाना जरूरी है। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को चेताया कि अगर प्रसव निजी केन्द्रों, घर पर कराते कोई स्वास्थ्य कर्मी पाया गया तो उसकी सेवा समाप्त की जा सकती है,कहा कि अपने दायित्वों के प्रति सभी सतर्क रहे,टीकाकरण केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान सख्त लहजे में कहा कि कोई भी टीकाकरण से वंचित न रहे। अगर किसी के खिलाफ कोई शिकायत मिली या दिए गये लक्ष्य को कोई प्राप्त नहीं कर पाता तो उसके खिलाफ कार्यवाई तय है। ऐसे लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों की सूची तैयार की जा रही है, जो ड्यूटी के प्रति उदासीन है। उन्होंने रेवतीपुर, नगसर नेवाजूवराय, नगसर मीर राय, उतरौली, नवली, रेवतीपुर आदि गावों के टीकाकरण एवं प्रसव केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका के अलावा अन्य अभिलेखों ,आपातकालीन कक्ष,वार्ड ,स्टोर कक्ष,दवाओं की उपलब्धता आदि के बारे मेञ जानकारी ली। चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रभारी अधिकारी डाक्टर अमर कुमार ने बताया कि टीकाकरण एवं प्रसव केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इसमें लापरवाही पर सात आशाओं को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं एवं शासन की योजनाओं को लेकर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सर्प दंश से चौदह वर्षीय किशोर की मौत

रसड़ा। विकासखंड के कोप टड़िया गांव में शुक्रवार की देर रात बरात देखने एक नाबालिक युवक को विषैले सांप ने दंश लिया। बताया जाता है कि इंदल राजभर 14 पुत्र कैलाश राजभर शुक्रवार की बात घर के समीप गांव में बारात आया हुआ था। युवक दीवाल के सहारे हाथ रखकर बारात देख रहा था। तभी भी विषैले सर्प ने दीवाल के अंदर से निकलकर उंगली में डस लिया। युवक घर जाकर अपने घर के लोगों से बताया की दीवाल के पास खड़े थे। उंगली के अंदर हड्डा काट लिया है। यही सोचकर घर वाले ने चुना आदि लगाकर सुला दिए देर रात जब युवक की हालत खराब होने लगी तो घर वाले कम पढ़े लिखे लोग अंधविश्वास में बगल में सती माई के पास लेकर चले गए युवक की वहीं मौत हो गई शनिवार की सती मैया के मंदिर से घर वाले लड़के को मऊ जनपद के फातिमा अस्पताल पहुंचाया डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। घर के लोग मौत की सूचना पाते ही दहाड़ मारकर रोने लगे।

संदिग्ध परिस्थितियों में हुई युवती की मौत

बांसडीह । बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के साहोडीह गांव में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत को लेकर हलचल मची रही। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला मर्चरी भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के साहोडीह गांव निवासी युवती अंजली गुप्ता की तबियत शनिवार सुबह काफी खराब हो गयी। जिससे वह अचेत हो गयी। परिजन आनन-फानन में युवती को कस्बे के ही एक चिकित्सक के पास ले गये जहां हालत गंभीर देखकर चिकित्सक जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवती की मौत हो गयी। हादसे के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंच गयी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

गंजा तस्करी में स्त्रियों का लिया जा रहा सहारा

दयाछपरा। रेवती थाना क्षेत्र में गंजे के अवैध व्यापार अमरबेल की तरह फल फूल रहा है।गंजा तश्करी में टक्कर महिलाओं के सहारा ले रहे हैं ताकि किसी को शक न हो।क्षेत्र के गंगा पांडेय के टोला श्रीनगर,रेवती कस्बा आदि गांवों के स्थानीय पुलिस की मिली भगत से गांजे का अवैध व्यापार जोर शोर से हो रहा है।प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि क्षेत्र के नाबालिक लड़के गंजा पीने के आदि हो चुके है।नशे की लत लग जाने के कारण वो घर में चोरी करके पूरा करते है। सूत्रों की माने तो गंजा बेचने वालो से पुलिस साप्ताहिक वसूली करती है।

कभी भी ढह सकती है बारांबाध गांव को जोड़ने वाली पुलिया, नहीं हुआ मरम्मत

गड़वार। स्थानीय क्षेत्र के बारांबाध गांव में दर्जनों गांवों को जोड़ने वाले मार्ग पर बनी पुलिया जर्जर हो चुकी है। यह पुलिया किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। राहगीर जान जोखिम में डालकर इस रूट पर यात्रा कर रहे हैं। इस पुलिया का निर्माण 1952 में तत्कालीन प्रधान दुखी पाण्डेय ने ग्राम सभा बजट से कराया था। लेकिन मरम्मत न होने के चलते यह पुलिया किसी दिन बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। इस मार्ग से जनऊपुर, मसहां, अरईपुर, तपनी, नूरपुर, एकडेरवा, सिकटौटी सहित दर्जनों गांवों के लोग भी ब्लाक मुख्यालय जाने के लिए इसी मार्ग से गुजरते है। क्षेत्र में दो ईंट भट्टा होने के कारण यहां से गुजरते वक्त ट्रैक्टर ट्राली के पलटने का खतरा भी बना रहता है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य नेता कन्हैया पाण्डेय ने बताया कि जनप्रतिनिधि सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से इस बाबत शिकायत करने पर भी अभी तक पुलिया का मरम्मत का कार्य नहीं हुआ।

कृषि विभाग के अलावा गवर्निंग बोर्ड व विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में राइफल क्लब सभागार में कृषि विभाग के आला गवर्निंग बोर्ड एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिसकी समीक्षा के दौरान जनपद में 108 एफपीओ संचालित हैं। इनके प्रतिनिधियों द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया और उनके द्वारा जो विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। उनके संबंध में चर्चा की गई और उनके समस्याओं के निदान के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, आला, खेत तालाब, कृषि मंत्रीकरण, वीज वितरण पं. दीन दयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना इत्यादि योजनाओं में लाभर्थियों के चयन नियमानुसार व जनपद में आवश्यकतानुसार किया जाए। जिससे योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक कृषकों तक पहुंच सके। जिलाधिकारी ने नमामि गंगे योजनांतर्गत गंगा किनारे के क्षेत्र में जैविक खेती कार्यक्रम की समीक्षा की गई। जिस पर निर्देश दिया गया कि ससमय लक्ष्य को पूर्ति किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जनपद में गठित समस्त को एफओपी को लाइसेंस संतृप्तीकरण पूर्ण करने के निर्देश दिया।

खबरें फटाफट

गंदगी से पटा फेफना सब्जी मार्केट, बढ़ा संक्रमण का खतरा

फेफना। कस्बे में लग रहे फेफना सब्जी बाजार की हालत दिनोंदिन खराब होती जा रही है। गंदगी के बीच लग रहे बाजार का ना तो नवीनीकरण हो पा रहा है और न ही इसका विकल्प बनाया जा रहा है। जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को गंदगी से गुजर कर सब्जी खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। क्षेत्र में मसहूर एक मात्र सब्जी मार्केट की हालत बदतर हो गई है। वहीं बरसात के आते ही स्थिति और खराब हो गयी है। सब्जी मार्केट की हालत खराब करने में यहां के व्यवसायियों सहित स्थानीय लोगों का भी बड़ा हाथ है। बजार के आसपास के घरों का गंदा पानी तालाब में छोड़ा जा रहा है साथ ही तलाब सहित आसपास यहां वहां कहीं भी कचरा फेंक देते हैं, जिसकी वजह से उठने वाली सड़ांध से लोगों का जीना मुश्किल होने लगा है।

थाने में तीन मामलों का हुआ निस्तारण

गड़वार। स्थानीय थाना प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक मूलचंद्र चौरसिया की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान राजस्व के छह व पुलिस सम्बंधित तीन मामलों सहित कुल 9 मामलों के निस्तारण के लिए फरियादियों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिसमें से पुलिस सम्बंधित तीन मामलों व राजस्व सम्बंधित चार मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।शेष दो राजस्व सम्बंधित मामले के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त रूप से टीम गठित कर भेजी गई।

स्कॉलरशिप के लिए करें आवेदन

बलिया। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत श्रम कल्याण संगठन द्वारा उत्तर प्रदेश के बीडी श्रमिकों के अध्ययनरत पुत्र—पुत्रियों हेतु शिक्षा सत्र 2024—25 के लिए कक्षा एक से 12 एवं उच्चतर डिग्री एवं व्यवसायिक कोर्स हेतु आर्थिक सहायता के लिए आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र अभ्यर्थी स्कॉलरशिप.गभ.इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कटान पीड़ितों के बीच जाकर सलेमपुर के सांसद ने सुनी लोगों की समस्या

कटान पीड़ितों को विस्थापित करने का प्रबंध करें, पशु चारा का भी हो इंतजाम : सांसद

◆ कटान पीड़ितों ने सांसद को सुनाया अपना दर्द, कहा - हम लोगों का सब कुछ बर्बाद हो चुका है, अब रहने की कोई जगह नहीं

केटी न्यूज/बलिया

सरयू नदी का लगातार जल स्तर बढ़ाव होने से बांसडीह इलाका में शनिवार को सलेमपुर के सांसद रमाशंकर विद्यार्थी राजभर कटान पीड़ितों का हाल जानने के लिए टिकुलिया भोजपुरवा पहुंचे। उनकी ब्यथा को सुना। कहा कि आपकी समस्याओं को संसद में उठाऊंगा। सलेमपुर सांसद रामशंकर राजभर ने कटान पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। मौके से ही अधिशासी अभियंता बाढ़ तथा सिंचाई को फोन कर कहा कि आप लोगों ने कटान पीड़ितों के साथ मजाक बना रखा है।

कटान पीड़ितों ने सांसद से अपना दर्द सुनाते हुए कहा कि हम लोगों का सब कुछ बर्बाद हो चुका है। रहने की कोई जगह नही है। कहां जाएं, कहा रहें। बांध के अलावा कोई जगह नहीं है। इस पर सांसद ने कहा कि आप लोग चिंता न करिये पूरी समाजवादी पार्टी आप सब के साथ है। आप लोगों को रहने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कटान पीड़ितों को विस्थापित करने का प्रबंध किया जाय तथा उनका बिजली बिल माफ हो।भोजन की व्यवस्था हर संभव करते हुए, पशुओं के लिए भी इंतजाम हो। ताकि कोई पशु भूखा न रहे। कहा कि मनुष्य अपनी बात रख देता है, जो लोग पशु रखे हैं। उन पशुओं की कौन सुनेगा। समय कम मिला, अगले साल पहले से ही समाजवादी पार्टी खुद करेगी व्यवस्था,सरकारी तंत्र केवल लूट का अड्डा बनाया है। सांसद के साथ सपा विधानसभा अध्यक्ष उदय बहादुर सिंह,रणजीत चौधरी,अमर नाथ तिवारी,संकल्प सिंह,रामदेव यादव,अशोक यादव,जगमोहन ,रामदेव, अवधेश ,घर्मेन्द्र माणिक, शिवनारायण राय, रविन्द्र सिंह, राकेश यादव, चंदन विवेक गोंड़, अतुल, गोलू ,राणा प्रताप आदि लोग रहे।

यहां लोगों की दशा संसद में उठाऊंगा

क्षेत्र के सरयू नदी किनारे कटान पीड़ितों से मिलकर जब घर तोड़ते हुए सांसद रमाशंकर राजभर ने देखा,तो उन्होंने माथा पकड़ लिया। कहा कि एक एक रुपया इक्ट्ठा कर इन लोगों ने घर बनाया है। आज घर खुद तोड़ रहे हैं। इससे दुर्दिन कुछ नहीं हो सकता है। इस बात को मैं संसद में उठाऊंगा। ताकि आप लोगो की समस्या का स्थायी निदान हो सके। आखिर आम जन के साथ सरकारी तंत्र मजाक क्यों कर रहा है। अभी तक कटान रोधी कार्य नहीं हुआ। यह राजनीति करने का अवसर नहीं है, सब के साथ मिलकर दुख बांटने का समय है।

सिंहपुर व पक्काकोट के बीच नवनिर्मित पुलिया का एप्रोच मार्ग क्षतिग्रस्त

बलिया। जिले के फेफना थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंहपुर गांव बाढ़ क्षेत्र होने के बावजूद भी नवनिर्मित पुलिया का एप्रोच मार्ग बोरी में मिट्टी भरकर ही तैयार कर दिया गया है। सीजन की पहली बारिश में ही एप्रोच मार्ग क्षतिग्रस्त होने लगा है। सिंहपुर और पक्काकोट के बीच लकड़ा नदी पर बने नवनिर्मित पुलिया के एप्रोच मार्ग का निर्माण पत्थर की जगह बास और झाड़ियां द्वारा किया गया है। एप्रोच मार्ग की घटिया निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। बता दें कि सिंहपुर और पक्काकोट के बीच लकड़ा नदी पर नवनिर्मित पुलिया का निर्माण बीते साल किया गया था। लेकिन ठेकेदारों द्वारा एप्रोच मार्ग निर्माण में भ्रष्टाचार करते हुए पत्थर के जगह बांस और झाड़ियां का उपयोग किया गया है। साथ ही मिट्टी में भी भ्रष्टाचार करते हुए कहीं मिट्टी ज्यादा न डलवानी पड़े उसके लिए बोरी में मिट्टी भरकर एप्रोच मार्ग का निर्माण किया गया है। बीते दिनों से क्षेत्र में मानसून सक्रिय है। सीजन की पहली बारिश ने पुलिया के घटिया निर्माणकार्य की पोल खोल कर रख दी है।

संकट मोचन मंदिर का चतुर्थ स्थापना वर्षगांठ 15 को

दुबहड़। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी घोड़हरा बाजार स्थित मां जोहरी जी के प्रांगण में श्री संकट मोचन महाबीर मंदिर का चतुर्थ वर्षगांठ 15 जुलाई, दिन- सोमवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर दिनांक- 14 जुलाई, दिन- रविवार को एकदिवसीय अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया है। अखंड हरिकीर्तन की पूणार्हुति, श्री संकटमोचन महाबीर मंदिर का चतुर्थ स्थापना वर्षगांठ, हवन यज्ञ एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम 15 जुलाई, दिन- सोमवार को संपन्न होगा। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य आयोजक व क्षेत्र पंचायत सदस्य संतोष यादव ने गांव तथा क्षेत्र के श्रद्धालुओं से उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पुण्य का भागी बनने की अपील की है।

यादगारे शोहदाये कर्बला: सिकन्दरपुर में निकला पांचवीं मोहर्रम का जुलूस

◆ जम कर लगाए गए शहीदों की याद में मजहबी नारे

केटी न्यूज / सिकन्दरपुर

इस्लाम धर्मावलंबियों द्वारा मनाये जा रहे मोहर्रम के मातमी पर्व के तहत आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों के क्रम में पांचवी मोहर्रम शुक्रवार को नगर में 'यादगारे शोहदाये कर्बला के तहत बड़ा जुलूस निकाला गया। जिस में मुस्लिम समुदाय के हर आयु वर्ग के हजारों लोगों ने भाग लिया।

नगर के मोहल्ला बढा स्थित दरगाह के मैदान से डॉ सैय्यद मिन्हाजुद्दीन अजमली के नेतृत्व में अदब और एहतराम के साथ निकला जुलूस परम्परागत मार्गों से गुजरते हुए दोपहर में मोहल्ला मुड़ियापुर स्थित हजरत हाशिम शाह चहारजरब के मजार प्रांगण में पहुंच कर जलसा का शक्ल अख्तियार कर गया। भ्रमण के दौरान जुलूस में शामिल नातखां जहां नौशा व मर्सिया पढ़ते चल रहे थे। वहीं उसे जगह जगह रोक कर मजहबी व कर्बला के शहीदों की याद में तरह तरह के नारे बुलन्द किये गए। इस दौरान जुलूस में शामिल कुछ नौजवान जहां हाथों में लिए झण्डा को लहरा तथा नात खान नवहा व मर्सिया पढ़ते चल रहे थे।

वहीं जुलूस के दौरान उस के गुजरने के मार्गों पर निजीतौर से, कमेटियों एवं समाजसेवियों के द्वारा जगह जगह शबील का इंतजाम किया गया था। जहां ठंडा पानी व शर्बत पिलाने के साथ ही लोगों में तबरुक तकसीम किया गया। जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही उपजिलाधिकारी रवि कुमार, क्षेत्राधिकारी, आशीष मिश्रा,थाना प्रभारी दिनेश कुमार पाठक व चौकी प्रभारी कमला शंकर गिरी शुरू से लेकर समाप्त होने तक जुलूस के साथ लगे रहे।

समाधान दिवस के अवसर पर डीएम व एसपी ने सुनी पीड़ितों की फरियाद, बोली डीएम...

जिस गांव की शिकायत आती है, वहां जाकर मामलों का करें निस्तारण

केटी न्यूज/ गाजीपुर

शासन के निर्देश पर द्वितीय शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में थाना बिरनो में उपस्थित फरियादियों की समस्याएं सुनी गई। साथ ही शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। थाना दिवस पर थाना बिरनो में 20 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतों को लिखित रूप में दिया। जिसमें दो का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिस गांव की शिकायत आती है वह मौके पर जाकर उस गांव के संबंधित लेखपाल एवं पुलिस विभाग की टीम के साथ मिलकर निस्तारण करेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान थाना दिवस पर दूसरी और तीसरी बार पहुंचने वाले फरियादियों की समस्याएं आपको तत्काल दूर करने का निर्देश अधिकारी द्वय ने दिया। थाना दिवस पर क्षेत्राधिकारी बिरनो, अन्य अधिकारीगण एवं पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

समाधान दिवस पर केवल पांच प्रार्थना पत्र हुए प्रस्तुत

सुखपुरा। थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई। थाना समाधान दिवस प्रारंभ होते ही जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार व पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा पहुंच भी गए। जिसमें जमीन संबंधी कुल पांच प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे। जिलाधिकारी ने न्यायालय के विचार अधीन दो प्रार्थना पत्रों पर गौर से विचार करने के उपरांत दोनों पक्षों को सख्त हिदायत दिया की न्यायालय के आदेश आने तक वहां किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया जाएगा। दो प्रार्थना पत्रों पर मौके पर ही शिकायतकर्ता को संतुष्ट कर समझौता कराया। इस तरह से मात्र एक प्रार्थना पत्र ही रह गया, जिस पर राजस्व टीम और पुलिस टीम गठित कर मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण और समय अंतर्गत निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।इस मौके पर जिला अधिकारी ने सभी राजस्व निरीक्षकों और क्षेत्रीय लेखपालों को सख्त हिदायत दिया की मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध न्याय दिलाने का कार्य करें। उन्होंने राजस्व कर्मियों से किसी भी व्यक्ति से आदर पूर्वक व्यवहार करने का भी निर्देश दिया।

आकाशीय बिजली से तीन महिलाएं झुलसी

बांसडीह। कोतवाली क्षेत्र के ताहिरपुर (मुड़िकतवा) में शनिवार की दोपहर आंगन में।गिरी आकाशीय बिजली से तीन महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गयीं। स्वजनों द्वारा घायल महिलाओं को जिला अस्पताल पंहुचाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। गांव के गुलाब राजभर के घर की महिलाएं अपने आंगन में बैठी हुई थी। तभी आकाशीय बिजली ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया। इस घटना में गुलाब राजभर की तीन पुत्रवधू मंजू देवी , पूजा व श्वेता बिजली के झटके से झुलस गयी। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। शोर मचने पर गांव के काफी लोग मौके पर एकत्र हो गए। घरवालों ने आनन फानन में निजी साधनों से तीनों को जिला अस्पताल पंहुचाया जहां उनका इलाज चल रहा है।

आयुर्वेद पद्धति से ही ज्यादातर मरीजों का बेहतर इलाज हो रहा है : राज्यमंत्री

◆ आयुर्वेद के क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं है : डॉ. शकुंतला

केटी न्यूज/ जौनपुर

डॉक्टर शकुंतला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल नयनसैंड गौरा बादशाहपुर जौनपुर का शुभारंभ राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार गिरीश चंद्र यादव ने किया। मंत्री द्वारा मेडिकल कॉलेज के शुभारंभ शिलापट्ट का अनावरण चेयरमैन डॉक्टर शकुंतला यादव एवं डॉ राम अवध यादव की मौजूदगी में किया। डॉक्टर शकुंतला आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज में बीएएमएस के साढ़े चार वर्षीय पाठ्यक्रम का संचालन वर्ष 2024 25 से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें छात्र-छात्राओं का प्रवेश ठएएळ 2024 प्रवेश परीक्षा के माध्यम से लिया जाएगा । अनावरण के उपरांत राज्य मंत्री गिरीश यादव ने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया और उन्होंने डॉक्टर राम अवध यादव एवं डॉ शकुंतला यादव के प्रयासो की सराहना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के बढ़ावा के लिए आप लोगों का प्रयास बहुत ही सराहनीय है। आज आयुर्वेद के द्वारा ही ज्यादातर मरीजों का इलाज बेहतर ढंग से किया जा रहा है। इसके लिए सरकार भी बराबर बढ़ावा दे रही है।आयुर्वेद के क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज द्वारा बेहतर प्रयास किया गया है। सरकार द्वारा भी आयुर्वेदिक के क्षेत्र में बढ़ावा दिया जा रहा है। आयुर्वेदिक चिकित्सा द्वारा गंभीर बीमारियों का भी इलाज संभव है। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज की अध्यक्ष शकुंतला यादव ने कहा कि वह पहले से एलोपैथी के क्षेत्र में है। लेकिन अब आयुर्वेद के क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं हैं। इसलिए उन्होंने मेडिकल कॉलेज खोला है। साथ ही सरकार भी आयुर्वेद को बढ़ावा दे रही है। ऐसे में आयुर्वेद द्वारा दवाइयां जो जड़ी बूटियां से बनाई जाती हैं लोगों को उससे लाभ मिल रहा है।कॉलेज में तमाम अच्छे टीचरों को बच्चों को पढ़ने के लिए लगाया गया है। जिससे उन्हें आयुर्वेद के बारे में अच्छी जानकारी प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी रही। जिसमें पूर्व विधायक लालता प्रसाद यादव, पूर्व अध्यक्ष प्रभावती पाल,आईएमए के जिलाध्यक्ष डॉक्टर मधु शारदा, डॉक्टर सुभा सिंह,डॉक्टर अरविंद सिंह, डॉक्टर संजय सिंह,डॉक्टर शलिल श्रीवास्तव, डॉ विवेक श्रीवास्तव,लालजी यादव,राजदेव यादव, प्रमुख ओमप्रकाश यादव मुन्ना, राजेश यादव दुल्लूर एवं पारिवारिक सदस्य डॉ आनंदवर्धन, डॉक्टर अंशु कुमारी इत्यादि उपस्थित रहे।

एक नजर

दुस्साहस : मारपीट की सूचना पर पहुंची पीआरवी टीम पर हमला, सिपाही घायल

जौनपुर। शुक्रवार की रात दो पक्षों में हो रहे विवाद की सूचना पर पहुंची पीआरबी टीम पर ही दबंगों ने हमला बोल दिया। इस वारदात में एक सिपाही गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जिसका इलाज जिला अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी अजयपाल शर्मा जिला अस्पताल पहुँचकर घायल सिपाही का हाल जाना।तथा घटना के बारे में जानकारी प्राप्त किया। जानकारी के मुताबिक बीती रात करीब दो बजे पवारा थाना क्षेत्र के गांव वनकट में दो पक्षो में मारपीट की सूचना मिलने पर पीआरवी 3825 टीम मौके पर पहुंची । कांस्टेबल राधेचरण यादव तथा होमगार्ड शुभम पटेल एक पक्ष से पूछताछ कर रहे थे,इसी बीच वीरेंद्र गौतम व उसका भाई चन्द्रकेश गौतम ने कांस्टेबल राधेचरण यादव पर हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।गंभीर हालत में सिपाही को मछली शहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।जहां सिपाही का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा भी जिला अस्पताल पहुंच गए तथा पीआरबी 3825 के घायल सिपाही के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त किया तथा घटना के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस मामले में सीओ मछलीशहर गिरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सिपाही पर गमला करने वालो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

कार्रवाई : मुगलसराय में अतिक्रमणों के खिलाफ बाबा का चला बुलडोजर

चंदौली। जिले के मिनी महानगर मुगलसराय में शुक्रवार की रात से अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन ने बुलडोजर का वार शुरू कर दिया।रात में अतिक्रमण अभियान से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दुकानदारों ने अपना सामान बचाने की कवायद शुरू कर दी। एडीजी पियूष मोर्डिया के दो दिन पूर्व नगर में पैदल गश्त के बाद से ही प्रशासन नगर के प्रमुख बाजार को अतिक्रमण मुक्त बनाने की तैयारी में लग गया था। दुकानदारों को दोपहर में अगाह कर दिया गया था कि वे अतिक्रमण हटा लें। शुक्रवार की देर रात दुकानों के बंद होते ही प्रशासनिक अमला एक्टिव हो गया । बुलडोजर के साथ निकले अतिक्रमण हटाओ दस्ता ने बिना लाग-लपेट के दुकानों के सामने छेंकी गई सड़क को साफ करना शुरू कर दिया। अभियान देर रात तक चलता रहा। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कार्यालय से रेलवे स्टेशन के पुराने गेट तक का रास्ता साफ कर दिया।सुबह इसका खौफ भी देखने को मिला जब पटरियों पर काबिज दुकानदारों ने स्वयं ही पटरियों को खाली कर दिया। शनिवार को फिर से बुलडोजर बाहर निकला और दुकानों के बाहर निकले करकट को रौंद दिया। सुरक्षा की दृष्टि से एसडीएम विराग पांडे व सीओ अनिरुद्ध सिंह के साथ कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

जायस स्टोर्स
JCB

खबरें फटाफट

ट्रेन से गिरकर गई युवक की जान

चंदौली। अलीनगर थाना क्षेत्र के संघति गांव के समीप शनिवार को ट्रेन से गिरने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। बिहार के भभुआ थाना अंतर्गत कामता गांव निवासी हेमंत कुमार 24 वर्ष ने शुक्रवार को अहमदाबाद जाने के लिए ट्रेन पकड़ लिया। ट्रेन जैसे ही संघति गांव के समीप पहुंची कि गेट पर खड़ा हेमंत अचानक गिर पड़ा। जिससे इसकी घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर पड़े शव की जानकारी शनिवार को ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर इसके जेब से मिले आधार कार्ड से इसकी शिकायत कर परिजनों को सूचना देने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में पूछे जाने पर ताराजीवनपुर चौकी प्रभारी वरुणेंद्र राय ने बताया कि हेमंत अहमदाबाद जाने के लिए गलत ट्रेन पकड़ लिया था। इसी दौरान अचानक गिरने से इसकी मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने जिला अस्पताल में किया हंगामा

चंदौली। पण्डित कमला पति त्रिपाठी जिला अस्पताल में शनिवार को बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। इसकी जानकारी मिलते ही भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गई और परिजनों को समझा बुझाकर मनाने का प्रयास किया।सैयदराजा थाना क्षेत्र के सुंदेहरा निवासी राजा बाबू की पत्नी अनीता चौहान को जिला अस्पताल में ही 18 जून को आपरेशन से बच्चा पैदा हुआ था। इसके एक हफ्ते बाद परिजनों बच्चे को लेकर घर चले गए। छह दिन पहले बच्चे की तबियत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन शनिवार को बच्चे ने दम तोड़ दिया। इससे आक्रोशित परिजनों ने डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगते हुई हंगामा शुरू कर दिया।

ट्रांसमिशन टावर के निर्माण में बरती जा रही है अनियमितता, हादसे से नहीं किया जा सकता इन्कार

लापरवाही: 30 करोड़ से बन रहे ट्रांसमिशन टावर के चार नए पीलरों में से एक धंसा

◆ निर्माण में जुटे कर्मचारियों में हड़कंप

केटी न्यूज / गाजीपुर



सुहवल थाना क्षेत्र के कालूपुर गंगा किनारे करीब तीस करोड़ की लागत से बन रहे ट्रांसमिशन टावर के चार नए पीलरों में से एक पीलर शनिवार की सुबह अचानक पूरब दिशा की तरफ धंस गया। इसके चलते निर्माण में जुटे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद ट्रांसमिशन विभाग के द्वारा झूके हुए पीलर को सीधा करने में जुट गए। मगर अभी तक उसे सफलता नहीं मिल सकी है। जिस तरह से निमार्णाधीन पीलर एक तरफ धंसा है, निश्चित ही इसके निर्माण में जुटे लोगों की घोर लापरवाही का नतीजा है। यह तो संयोग है कि अभी इसका निर्माण पूरा नहीं हुआ है। अगर निर्माण पूरा होने के बाद इस पर लोहे के एंगल और ट्रांसमिशन तार जोड़कर विद्युत आपूर्ति चालू कर दी जाती है तब उस दरम्यान बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता।

मालूम हो कि गंगा नदी से होकर जाने वाले यात्री क्रूज, मालवाहक जलपोतों के निर्बाध संचालन के लिए शासन के निर्देश पर इस विद्युते ट्रांसमिशने टावरे की ऊंचाई बढ़ाने के लिए नदी के दोनों तरफ ट्रांसमिशन टावर बनाया जा रहा है। बताते चलें कि इसका निर्माण बीते मई 2024 के शुरूआती हफ्ते से जारी है। जिसे बीते जून तक पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित था। मगर विभागीय लापरवाही व धीमे कार्य के चलते इसका निर्माण अभी चालीस फीसदी ही हो पाया है। ट्रांसमिशन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इसके निर्माण में मानसून एवं नदी किनारे जमीन के ज्यादा दलदली होने के कारण समस्या आ रही है। कहा उम्मीद है कि दोनों तरफ बनने वाले कुल दो नये ट्रांसमिशन टावर के आठ पीलरों का निर्माण अगले दो महीने में पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक पूर्व में नदी में निर्मित ट्रांसमिशन टावर की उंचाई करीब 60 मीटर है। उससे दोगुने ऊंचे यानि करीब 102 मीटर नए टावरों की उंचाई प्रस्तावित है।ट्रांसमिशने लाइन के अधिशासी अभियंता सतीश प्रसाद ने बताया कि झूके हुए पीलर को सीधा करने का प्रयास जारी है। बताया कि जमीन ज्यादा दलदली होने से यह समस्या आई है। यह भी बताया कि जल्द ही झुके हुए पीलर को सीधा कर लिया जाएगा।

2027 में भाजपा की सरकार बनना मुश्किल लग रहा है : रमेश मिश्रा

◆ बोले शिवपाल यादव... भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों को लेकर समाज में कितना आक्रोश व निराशा है, इसे उनके ही प्रबुद्ध कार्यकताओं और वरिष्ठ नेताओं के शब्दों से समझा जा सकता है

केटी न्यूज / जौनपुर

जनपद के बदलापुर विधानसभा से भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्रा का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमे वह अपने ही सरकार को कटघरे में खड़े कर रहे है।विधायक रमेश मिश्रा के वीडियो ने भाजपा के लिए राजनीतिक बखेड़ा खड़ा कर दिया है।विधायक खुद यह कह रहे है। कि पीडीए के नाम पर अखिलेश यादव के भ्रामक प्रचार के चलते आज जो स्थिति दिखाई पड़ रही है, उससे 2027 में बीजेपी की सरकार बनना मुश्किल लग रहा है। यूपी में पुनः भाजपा सरकार बनाने के लिए शीर्ष नेतृत्व को हस्तक्षेप कर कठोर निर्णय लेना होगा।

विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि स्थिति को मजबूत करने के लिए शीर्ष नेतृत्व को बड़े निर्णय लेने होंगे,यूपी चुनाव पर पूरी मजबूती से फोकस करना होगा, बीजेपी के कार्यकताओं और एक एक जनप्रतिनिधियों को पूरे मन से लगना होगा,नही तो आज की स्थिति में हमारी सरकार बनना मुश्किल लग रहा है।वहीं आपको बता दें रमेश मिश्रा बदलापुर विधानसभा से भाजपा से दूसरी बार विधायक हुए हैं।लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद भी रमेश मिश्रा ने अपने फेसबुक पेज पर लाइव आकर अपनी ही सरकार को चेताया था। भाजपा विधायक रमेश मिश्रा के अपनी ही सरकार की कटघरे में खड़ा करने पर समाजवादी पार्टी ने इस मुद्दे को लपक लिया है।सपा के बरिष्ठ नेता शिवपाल यादव ने एक्स पर विधायक रमेश मिश्रा को और कुछ दिन पूर्व मतदाता सम्मान कार्यक्रम में साथ बार के विधायक व पूर्व मंत्री मोती सिंह की वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों को लेकर समाज में कितना आक्रोश व निराशा है, इसे उनके ही प्रबुद्ध कार्यकताओं और वरिष्ठ नेताओं के शब्दों से समझा जा सकता है। संकेत स्पष्ट और साफ है, भाजपा की विदाई की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। फिलहाल भाजपा नेताओं ने बिपक्ष के हांथो में सरकार को घेरने का बैठे बताए एक मुद्दा दे दिया है। इस मामले में जब विधायक रमेश चंद्र मिश्रा से वॉट्सएप काल पर बात की गयी तो उन्होंने अपने को दिल्ली में होना बताया।

मुहर्रम की तैयारियां तेज, युवाओं ने किया जंजीरी मातम

चंदौली। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के दुल्लहीपुर में पांचवें मोहर्रम शुक्रवार की रात्रि दुलदुल का जुलूस शिया समुदायों के लोगों द्वारा निकाला गया। जिसमें शिया समुदाय के लोगों ने जंजीरी मातम मनाया।विदित हो कि मुहर्रम की तैयारी में जुटे मुस्लिम समुदाय के लोग प्रतिदिन कोई न कोई कार्यक्रम करते हैं। इसी क्रम में शुक्रवार की रात्रि शिया समुदाय के लोगों द्वारा दुलदुल का जुलूस निकाला गया। जिसमें हजारों लोगों ने शिरकत किया। जुलूस के दौरान समुदाय के लोगों ने जंजीरी मातम किया। जिसमें जंजीर में चाकू बांधकर उससे अपने पीठ पर लगातार वार कर खुद को लहूलुहान कर उसे बर्दाश्त किये जाने की परंपरा है। इसी क्रम में जंजीरी मातम किया गया। जंजीरी मातम खेल रहे लोगों पर लोग गुलाबजल व अन्य एंटीसेप्टिक दवाओं का स्प्रे कर रहे थे। चाकुओं के वार से लोगों के पीठ से खून निकल रहे थे। इस मातमी खेल को देखने वालों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई थी। इस दौरान सड़क पर निकले जुलूस के कारण सड़क जाम की स्थिति हो गई थी। सुरक्षा व्यवस्था नाममात्र की रही।

चकिया-डैम पर पिकनिक मनाने आए युवक की डूबने से मौत

चंदौली । लतीफशाह डैम पर मौत का सिलसिला रुक नहीं रहा है। शुक्रवार को लतीफशाह के समीप राइट कर्मनाशा नहर में नहाते वक्त डूबकर सैलानी को मौत हो गई। दुलहीपुर सतपोखरी से आधा दर्जन लोग पिकनिक मनाने के लिए आए थे। घटना के बाद युवक के साथ आए उसके साथी भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुलहीपुर सतपोखरी निवासी शाहीद जमाल उर्फ बबलू (25) अपने छह साथियों के साथ पिकनिक मनाने लतीफशाह डैंम पर गया था। शाहिद साथियों के साथ लतीफशाह से निकली राइट कर्मनाशा नहर में नहाने लगा। इसी दौरान गहरे पानी में डूबने लगा। यह देख उसके साथ आए युवक भाग गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चकिया इंस्पेक्टर अतुल प्रजापति ने बताया कि दोस्तों संग पिकनिक मनाने आए युवक की डूबने से मौत हो गई।

DR. JAGNARAYAN SINGH MEMORIAL NURSING INSTITUTE
Dumraon (Buxar) Bihar 802119
Run & Managed by Raghubir singh Chikitsalaya
केवल ANM कोर्स के लिए
Cont - 7488025032, 9431682605 | Emai- sakarsingh83@gmail.com

रघुवीर सिंह चिकित्सालय
संस्थापक
स्व. डॉ. जगनारायण सिंह
स्व. डॉ. अजीत कुमार सिंह
दुनमुन सिंह
डुमरांव बक्सर

डॉ0 साकार कुमार
एमबीबीएस, एमएस लखनऊ
एक्स सीनियर रेजिडंट,
गुरूगोविन्द सिंह हॉस्पीटल
नई दिल्ली

डॉ. मोनिका सिंह
एमबीबीएस लखनऊ
स्त्री रोग विशेषज्ञ
एक्स रेजिडंट
डॉ0 दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पीटल
नई दिल्ली

डॉ. नन्द किशोर सिंह
एमडीएस

डॉ. सिद्धार्थ सिंह
बीडीएस

शुक्रवार बंदी

नोट: दूरबीन द्वारा सभी प्रकार का ऑपरेशन किया जाता है

पांच करोड़ या उससे अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों की जांच कराएं: डीएम

केटी न्यूज / मऊ

जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में रुपया 05 करोड़ तथा उससे अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था जिसमें प्रान्तीय खंड लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, पैकफेड, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम, उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम, सीएनडीएस जल निगम एवं आवास विकास द्वारा कराये जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रत्येक कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्तापूर्ण प्रस्तुति किए गए प्रगति के अनुसार जनपद स्तर से टीमों का चयन कराकर उन कार्यों की जांच मानक के अनुरूप यदि कार्यों की गुणवत्ता नहीं पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु शासन को पत्र लिखने को कहा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य करने में बाधा उत्पन्न करने वाले विवादित भूमि, विद्युत विभाग सहित अन्य किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न करने वाले संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए उन्हें पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में कार्यदायी संस्था यूपी सिडको द्वारा कराये जा रहे कार्यों में कमियां पाए जाने पर जांच कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराएं। कार्यदायी संस्था आवास विकास को निर्देश दिए कि अपूर्ण कार्यों के लिए शासन को पत्र भेज कर बजट आवंटन कराते हुए कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने को कहा। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति में बताया गया है कि बजट के अभाव में कार्य अपूर्ण है, बजट के आवंटन होते ही कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुशील कुमार, आशीष कुमार आदि शामिल थे।

सुभाषितम्

परमात्मा के प्रत्येक रूप के अनुरूप अपना रूप बना लो।

- ऋग्वेद

25 जून संविधान बचाओ या हत्या दिवस?

केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करते हुए, अधिसूचना जारी की है। गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर गजट नोटिफिकेशन की जानकारी देकर, नए विवाद को जन्म दिया है। 2024 का लोकसभा चुनाव इंडिया गठबंधन ने संविधान बचाओ के तौर पर लड़ा था। इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दलों ने संविधान बचाओ को लेकर मतदाताओं से वोट मांगे थे। वहीं भारतीय जनता पार्टी के कई सांसदों और विचारकों द्वारा संविधान में संशोधन करने के लिए 400 सीटों का नारा दिया था। चुनाव के पहले ही नेशनल अखबारों में संविधान में परिवर्तन करने के लिए बड़े-बड़े लेख छापे गए थे। भारतीय जनता पार्टी ने भी अपने चुनाव अभियान में 400 पार का नारा दिया था। भारतीय जनता पार्टी को इस चुनाव में 242 सीट और एनडीए गठबंधन को 293 सीट मिली हैं। भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत के लिए 272 सीटें हासिल नहीं हुई हैं। चुनाव परिणाम के बाद संसद सदस्यों के शपथ ग्रहण में जिस तरह से इंडिया गठबंधन के सदस्यों ने संविधान की प्रति हाथ में लेकर सदन में संविधान की शपथ ली। उसके बाद से ही यह मामला तूल पकड़ने लगा था। लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव हो जाने के बाद जो पहला प्रस्ताव पारित किया गया, वह आपातकाल की निंदा को लेकर था। उसके बाद राष्ट्रपति का अभिभाषण हुआ। उसमें भी आपातकाल का उल्लेख किया गया। उसके बाद से स्पष्ट होने लगा था, संविधान का जवाब आपातकाल से देकर कांग्रेस पार्टी को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है। इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच में जो आपातकाल के दौरान जेल में थे, वो आज इंडिया गठबंधन में शामिल हैं। उनके बीच में फूट डालने के लिए आपातकाल को निशाना बनाया गया है। इंदिरा गांधी ने 1975 में जो आपातकाल लगाया था। संविधान में आपातकाल लगाने का अधिकार सरकार को था। उस समय की संसद ने इसे बहुमत से पास किया था। जब तक आपातकाल लगा था। तभी तक आपातकाल के विशेष अधिकार सरकार को मिले हुए थे। संविधान में अभी भी तीन किस्म के आपातकाल लगाए जा सकते हैं। सीमा पार से युद्ध की आशंका हो। आंतरिक गृह युद्ध की स्थिति हो, अथवा आर्थिक कारणों से वर्तमान में भी आपातकाल लगाया जा सकता है। जैसे ही आपातकाल खत्म हुआ। वैसे ही फिर से सारे संवैधानिक अधिकार मूल स्वरूप में वापस आ गए थे। अभी अघोषित आपातकाल की बात हो रही है। सबसे पहले पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने 2016 में अघोषित आपातकाल की बात कही थी। पिछले वर्षों में जिस तरह से संवैधानिक प्रावधानों की अवहेलना की जा रही है। विपक्षी दलों को आरोपों के आधार पर कई महीनों और वर्षों तक जेल में रखा जा रहा है। ईड़ी के विशेष कानूनी प्रावधान तस्करों और आतंकवादियों के लिए बनाये गये थे। उसका उपयोग विपक्षी दलों के नेताओं को जेल में बंद करके रखने के लिए किया जा रहा है। वर्तमान सरकार भी संविधान में लगातार संशोधन कर रही है। जिन संशोधन को सदन में बहुमत से अनुमति मिल जाती है, वे कानूनी रूप से लागू हो जाते हैं। उसका पालन आम जनता, कार्यपालिका और न्यायपालिका को करना पड़ता है। संविधान 1975 में भी खत्म नहीं हुआ था। संविधान 2024 में भी खत्म नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करना एक तरह से संविधान का मजाक उड़ाना है। संविधान अभी भी अस्तित्व में है। हत्या का मतलब होता है, संविधान के वजूद का खत्म हो जाना। संविधान की रक्षा करने का दायित्व न्यायपालिका का है। संविधान के जो प्रावधान हैं। विधायिका या कार्यपालिका जब संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत जाकर कानून बनाती है।

चिंतन-मनन

दूसरों के दुख से अपना दुख ज्यादा बेहतर

एक कहावत है राजा दुखी, प्रजा दुखी सुखिया का दुख दुना। कहने का अर्थ यह है कि संसार में जिसे देखो वह अपने को दुखी ही कहेगा। राजा का अपना दुख है, प्रजा का अपना और जिसे आप सुखी माने बैठें हैं उससे पूछ कर देंखेंगे तो वह भी अपने दुखों की पोटरी खोलकर अपनी व्यथा गाने लगेगा। लेकिन अगर आपके पास यह विकल्प हो कि आप अपना दुख किसी और को देकर दूसरे का दुख खुद स्वीकार कर लें तब आप कहेंगे कि अपना ही दुख भला है। इस संदर्भ में एक कथा है कि किसी गांव में एक फकीर आये। उनकी विशेषता यह थी कि वे किसी की भी समस्या दूर कर देते थे। उनकी इस विशेषता के बारे जिसे भी पता चला, वह उनके पास दौड़ा आया। अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई और लोग जल्दी से जल्दी अपनी समस्या फकीर को बताने की जुगत भिड़ाने लगे। नतीजा यह हुआ कि हर कोई बोलने लगा। कोलाहल मच गया। फकीर ने सभी को चुप होने के लिए कहा। सभी लोग चुप हो गये तब फकीर ने कहा, मैं सबकी समस्या दूर कर दूंगा। आप सब लोग एक-एक कागज पर अपनी समस्या लिखकर लाएं और मुझे दे दें। कुछ ही देर में कागजों का ढेर लग गया। फकीर ने कागजों को एक टोकरी में रखा और उसे सबके बीच में रख दिया। एक आदमी की तरफ इशारा करके फकीर मे कहा, यहां से शुरू करके सब बारी-बारी से आएंगे और एक-एक कागज उठा लें। ध्यान रहे किसी को अपना कागज नहीं उठाना है। लोग एक-एक कर आए कागज उठा-उठा कर अपनी-अपनी जगह बैठ गए। फकीर ने कहा, अब इस कागज में लिखी किसी दूसरे की समस्या पढ़ो। अगर चाहो तो मैं तुम्हारी समस्या दूर कर दूंगा पर उसके बदले कागज पर लिखी समस्या तुम्हारी हो जाएगी।

क्या सचमुच हमारा संविधान मर चुका है?

- राकेश अचल

` भारत सरकार ने एक राजपत्र जारी कर 25 जून को हर साल संविधान हत्या दिवस मनाने का फैसला किया है। सरकार इस तरह का क्या,किसी भी तरह का कोई भी फैसला कर सकती है। इस फैसले का अंधभक्त स्वागत करेंगे और विपक्ष शायद विरोध ,लेकिन एक आम नागरिक और नामालूम लेखक होने के नाते मै इस फैसले को हास्यास्पद कह रहा हूँ, क्योंकि क्या सचमुच हमारा संविधान मर चुका है ? भारत सरकार ने एक राजपत्र जारी कर 25 जून को हर साल संविधान हत्या दिवस मनाने का फैसला किया है। सरकार इस तरह का क्या,किसी भी तरह का कोई भी फैसला कर सकती है। इस फैसले का अंधभक्त स्वागत करेंगे और विपक्ष शायद विरोध ,लेकिन एक आम नागरिक और नामालूम लेखक होने के नाते मै इस फैसले को हास्यास्पद कह रहा हूँ ,क्योंकि यदि देश का संविधान मर चुका होता तो बीते 9 जून को किस संविधान की कसम खाकर माननीय लोगों ने देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है ? संविधान एक लिखित प्रज्ञा है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा वेद,सबसे बड़ा पुराण,सबसे बड़ी किंवदंती। यदि ये मर गया होता तो 1975 के बाद देश में लोकतंत्र बचता ही नहीं। देश में ढाई साल की खिचड़ी सरकार के बाद देश की जनता ने 1980 में उसी कांग्रेस को ,उन्हीं इंदिरा गाँधी को दोबारा देश की सत्ता सौंपी जिन्हें संविधान की हत्या का दोषी मानने वाली आज की सरकार 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने जा रही है। क्योंकि अब मौजूदा सरकार पर ही संविधान से खिलवाड़ करने का आरोप आयद किया जा चुका है। चूंकि मै कानून का छात्र रहा हूँ इसलिए मैंने देश के संविधान को न केवल पाठ्यक्रम में अपितु सामान्य तौर पर अनेक बार पढ़ा है। मैंने संविधान का इस्तेमाल देश सेवा की झूठी कसमें खाने के लिए कभी नहीं किया। जहाँ तक मेरी जानकारी है तो आपातकाल की घोषणा संवैधानिक नियमों के तहत की गई थी लेकिन आपातकाल के दौरान 1971 में पारित आंतरिक सुरक्षा अधिनियम का दुरूपयोग किया गया था देश में आपातकाल के हटने के फौरन बाद बनी खिचड़ी सरकार ने इस अधिनियम को 1979 में समाप्त किया गया था और संविधान के 44वें संसोधन के जरिए संवैधानिक आपातकाल को लागू करने के लिए इतने उपबंध जोड़ दिये गये जिससे आपातकाल लागू करना असंभव सा हो गया। भाजपा यदि लोकसभा चुनाव में 400 पार कर जाती तो आपातकाल लागू करने का प्रावधान फिर संविधान में जोड़ा जा सकता था। लेकिन ये हो न सका।

संविधान हत्या दिवस मनाने वाले देश में बिना आपातकाल की घोषणा किये आपातकाल जैसा माहौल बनाये हुए हैं लेकिन औपचारिक रूप से आपातकाल की घोष्णा नहीं कर पा रहे हैं,हालाँकि मंशा इंदिरा गाँधी की ही तरह आपातकाल लागू करने की है। दुनिया को पता है कि भारत में से 2014 से अघोषित आपातकाल लगा हुआ है। हकीकत ये है कि हमारी मौजूदा सरकार संविधान से खिलवाड़ के आरोपों से मुक्ति पाने के लिए पचास साल बाद एक बार फिर आपातकाल का हौवा खड़ा कर अपना उल्लू सीधा करना चाह रही है ,लेकिन उल्लू टेढ़ा का टेढ़ा है। कभी-कभी मुझे लगता है कि सरकार भाजपा सांसद कंगना रनौत की बहुप्रतिक्षित फिल्म इमरजेंसी का लगातार असंवैधानिक तरीके से प्रमोशन पूरी सरकार कर रही है। इस फील्म की रिलीज लोकसभा चुनाव की वजह से टल गयी थी। इमरजेंसी यानि आपातकाल पर पहले भी किस्सा कुर्सी का और आंधी जैसी फिल्में बन चुकीं है। यदि आप भूले न हों तो माननीय एनडीए सरकार के प्रधानमंत्री हैं क्योंकि भाजपा संसदीय दल के नेता का औपचारिक चुनाव प्रतिक्षित हैं। अपने ही दल के संविधान की हत्या कर सत्ता में आये मोदी जी संविधान हत्या दिवस शब्द का चयन कर वास्तव में संविधान का क्या हाल वे खुद करना चाह रहे थे । जो एनडीए मोदी जी के नेतृत्व में लोकसभा के उपाध्यक्ष का पद संवैधानिक परंपराओं के तहत विपक्ष को नहीं देना चाहता है वह निहायत ही बेशर्मी से संविधान हत्या दिवस मना सकते हैं। संविधान हत्या दिवस मनाने के लिए राजपत्र का सहारा लेना ही एक नासमझी है । यदि सचमुच माननीय ने एक मरे हुए संविधान की शपथ ली है तो उन्हें हत्या जैसे हिंसक शब्द का इस्तेमाल करने और संविधान का अनादर करने से कोई नहीं रोक सकता । संविधान की हत्या तो नहीं लेकिन उसके साथ खिलवाड़ की जितनी कोशिशें आज हो रहीं हैं। उतनी कोशिशे आपातकाल के 19 महीनों में भी नहीं हुईं। अन्यथा मनु स्मृति को पाठ्यक्रम में शामिल करने का असफल प्रयास नहीं किया जाता। आप खुद पता कर सकते हैं कि कौन महापुरुष मनु स्मृति को संविधान के स्थान पर लाना चाहते थे। दरअसल भाजपा को जो काम करना है उसे सरकार कर रही है। केन्द्र सरकार लोकसभा चुनाव के समय विपक्ष द्वारा संविधान पर खतरे की मुहिम चलने से आहत है। विपक्ष ने खासतौर पर कांग्रेस ने जनता को संविधान के साथ हो रहे खिलवाड़ के प्रति जाग्रत करने में कामयाबी हासिल की है ,इसी से भयभीत होकर केंद्र की सरकार ने एक बचकाना संकल्प ले लिया है। राज पत्र या किसी अध्यादेश की भाषा कैसी हो इसका भान शायद सरकार को नहीं है । सरकार के पास भाषाविद हैं ही नहीं हैं , या हैं तो वे अधिकांश संघ के प्रचारक हैअन जो ठकुरसुहाती करने में दक्ष हैं। यदि ऐसा न होता तो सरकार संविधान हत्या दिवस मनाने की भूल न करती। मेरा तो सुझाव है कि सरकार अपने वरिष्ठ नेताओं के साथ साहित्यकारों के समूह को रखे ताकि भाषा की मयार्दा भाषण और अधिनियमों के निर्माण में भी दिखे। मै आपातकाल का समर्थक न कल था ,न आज हूँ और न कल रहूंगा । मेरी स्पष्ट धारणा है कि आपाताकाल कांग्रेस के तबके कुछ उत्साहीलालों की वजह से बदनाम हुआ,क्योंकि उन लोगों ने संवैधानिक अधिकारों और शक्तियों का बेजा इस्तेमाल करने की कोशिश की। इस लिहाज से कांग्रेस ने संविधान की हत्या नहीयदि देश का संविधान मर चुका होता तो बीते 9 जून को किस संविधान की कसम खाकर माननीय लोगों ने देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है ? संविधान एक लिखित प्रज्ञा है। लोकतंत्र का सबसे बड़ा वेद,सबसे बड़ा पुराण,सबसे बड़ी किंवदंती। यदि ये मर गया होता तो 1975 के बाद देश में लोकतंत्र बचता ही नहीं। देश में ढाई साल की खिचड़ी सरकार के बाद देश की जनता ने 1980 में उसी कांग्रेस को ,उन्हीं इंदिरा गाँधी को दोबारा देश की सत्ता सौंपी जिन्हें संविधान की हत्या का दोषी मानने वाली आज की सरकार 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने जा रही है। क्योंकि अब मौजूदा सरकार पर ही संविधान से खिलवाड़ करने का आरोप आयद किया जा चुका है। चूंकि मै कानून का छात्र रहा हूँ इसलिए मैंने देश के संविधान को न केवल पाठ्यक्रम में अपितु सामान्य तौर पर अनेक बार पढ़ा है।

अमृतकाल में भारत का स्वास्थ्य एवं आहार परंपरा विषय पर अयोध्या में होगा अमृत-मंथन

- कुमार कृष्णन

स्वास्थ्य एक बहुत बड़ा मुद्दा है। विकसित राष्ट्र के महत्वपूर्ण कारकों में सेहत का सवाल महत्वपूर्ण सवाल है। सेहत के यानी स्वास्थ्य के सवाल पर काम करनेवाली संस्थाओं पर नजर डालें तो इनमें स्वस्थ भारत का एक स्थान है। आशुतोष कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य संबधी सरकारी नीतियों का लाभ आम लोगों में पहुंचाने,उन्हें जागरूक करने का अभियान निरंतर चला रहा है। इसके फलस्वरूप सरकार की नीतियों में भी कई परिवर्तन हुए हैं। स्वास्थ के सवाल और अभियान से जुड़ने की कहानी मुंबई से शुरू होती है। वे मुंबई में मलाड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती अपने दोस्त की पत्नी की दवा लेने एक मेडिकल स्टोर गया, उन्होंने आइवी सेट यानी (ग्लूकोज चढ़ाने की दवा) दवाई खरीदी। जब दाम पूछा तो होश उड़ गए। एक आइवी सेट की कीमत 117 रु. थी, जबकि उसकी असल में कीमत 6-8 रु. होती है। उन्होंने दुकानदार से कहा, 6-7 रु. की चीज की कीमत 50-60 रु. लगाने कहा। लेकिन मेडिकल स्टोस के मालिक ने कम कीमत लगाने से इंकार किया और अंततः दुकानदार के तय कीमत पर दवा खरीदनी पड़ी। हसके बाद से मुहिम आरंभ हुआ।सबसे पहला अभियान उन्होंने ह्यजेनरिक लाइये पैसा बचाइयेह्व नाम से शुरू किया। इस क्रम में मेरी मुलाकात मध्य प्रदेश के झाबुआ में आयोजित स्वास्थ्य चौपाल में हुई। वहां दवाओं के संदर्भ में चर्चा हो रही थी। इसी क्रम में उन्होंने ह्यनो योर मेडिसिनह्व के बारे में बताया। अभियान का यह असर हुआ जन औषधि का सवाल राष्ट्रीय विमर्श बना। जहां तक हमें स्मरण है कि 2012 में कुछेक जनौषधि केंद्र थे जो आगे 2024 में बढ़कर 10607 केंद्र काम कर रहे हैं। स्वस्थ भारत अपने स्थापना काल से ही भारत में स्वास्थ्य जागरूकता का ध्वजवाहक बना हुआ है। अब तक दो बार अलग-अलग विषयों को लेकर पूरे भारत में 42,000 कि.मी. से ज्यादा की स्वस्थ भारत यात्रा, न्यास के यात्रियों ने किया है। पहली यात्रा ह्यस्वस्थ बालिका स्वस्थ समाजह्व विषय पर थी जबकि दूसरी यात्रा का विषय ह्यस्वस्थ भारत के तीन आयामः जनऔषधि, पोषण और आयुष्मानह्व था। जबकि पिछले स्वास्थ्य संसद का विषय अमृतकाल में भारत का स्वास्थ्य एवं मीडिया की भूमिका रखा गया था। यह आयोजन माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल में आयोजित हुआ था। स्वास्थ्य के क्षेत्र में एडवोकेसी का काम कर रही संस्था स्वस्थ भारत (न्यास) के आठ वर्ष पूरे हो गए हैं और नवम वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस बार स्वस्थ भारत (पंजी न्यास) रामनगरी अयोध्या में तीन दिवसीय स्वास्थ्य संसद का आयोजन करने जा रहा है, जो 19 जुलाई 2024 से शुरू होगा। यह आयोजन अयोध्या के आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रांगण में हो रहा है। इसमें स्वास्थ्य के कई आयामों पर गहन चिंतन होगा। अमृतकाल में भारत का स्वास्थ्य एवं आहार परंपरा विषय इस बार के स्वास्थ्य संसद का थीम है। हजारों वर्षों से, स्वास्थ्य के प्रति भारत का दृष्टिकोण समग्रता पर आधारित रहा है। हमारे पास निवारक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य की एक महान परंपरा है। योग और ध्यान जैसी प्रणालियां अब वैश्विक अभियान बन गई हैं। वे आधुनिक दुनिया के लिए प्राचीन भारत के उपहार हैं। इसी तरह, हमारी आयुर्वेद प्रणाली तंदुरूस्ती का एक संपूर्ण विषय है। भारत की पारंपरिक स्वास्थ्य प्रणाली के पास बहुत सारे विकल्प हैं। हमारा पारंपरिक आहार, जिसमें मोटे अनाज शामिल है, खाद्य सुरक्षा और पोषण में भी मदद कर सकते हैं। उम्मीद है कि यह आयोजन प्रधानमंत्री के विजन 2047 को सफलीभूत करने की दिशा में कारगार सिद्ध होगा। पहले दिन 19 जुलाई को उद्घाटन सत्र में मिलेट्स मैन ऑफ इंडिया पद्मश्री खादर वल्ली, उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्यसभा के पूर्व सासंद आर.के.सिन्हा, पद्मश्री रामबहादुर राय, आध्यात्मिक गुरु प्रो. पवन सिन्हा, संत ज्ञानेश्वरी दीदी, एनडीयू के वीसी व स्वास्थ्य संसद के सभापति डॉ. बिजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार व स्वास्थ्य संसद उपसभापति प्रो. (डॉ.) उपेन्द्र अयोध्या, स्वस्थ भारत के चेयरमैन आशुतोष कुमार सिंह सहित तमाम बड़े स्वास्थ्य चितंक, चिकित्सक व पत्रकार रहेंगे। उद्घाटन पूर्व विशेष सत्र में भारत में बुजुर्गों की सेहत, मनोविज्ञान एवं समाधान विषय पर चर्चा की जाएगी। पहले दिन शाम में संगीतमय राम संध्या का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बॉलीवुड गायक व संगीतक सरोज सुमन, क्लासिकल गायक, सुमीता दत्ता, फिल्म अभिनेता एवं गायक अमरेन्द्र शर्मा व लोक गायक राकेश श्रीवास्तव जहां अपनी गायकी से मन मोहेंगे वहीं कत्थक नृत्यांगना दुर्गेश्वरी सिंह अपनी नृत्य प्रस्तुति देंगी। दूसरे दिन 20 जुलाई को 6 नीतिगत सत्र होंगे। जिसमें पद्मश्री खादर वल्ली, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली के डीन डॉ. महेश व्यास, रुमोटोलॉजी विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की विभागाध्यक्ष डॉ. उमा कुमार, आरोग्य भारती के संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय, प्रसिद्ध विज्ञान संचारक डॉ. मनोज कुमार पटैरिया, राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच के राष्ट्रीय महासचिव गोलोक बिहारी राय, प्रसिद्ध कृषक डॉक्टर राजाराम त्रिपाठी, रामायण केन्द्र भोपाल के निदेशक डॉ. राजेश श्रीवास्तव एवं आचार्य नरेन्द्र देव विश्वविद्यालय के अध्येताओं सहित तमाम बुद्धिजीवियों का व्याख्यान होगा। साथ ही एआई के दौर में भारतीय स्वास्थ्य इकोसिस्टम, स्वस्थ भारत के निर्माण में आयुष की भूमिका, स्वास्थ्य जागरूकता में मीडिया की भूमिका और स्वस्थ खेती स्वस्थ आहार, पोषण का आधार संबंधित विषयों पर विषय विशेषज्ञों का व्याख्यान होगा।

परंपरागत सेवाओं के विकल्प की आवश्यकता

- राकेश कुमार वर्मा

महामारी के संघर्ष से उत्पन्न वैकल्पिक साधनों को बाजार जिस तरह हथियार की तरह दुरुपयोग करता है उसे हमने कोरोना कल में अनुभव किया शायद आर्थिक मंदी से उबरने की दिशा में यह वैश्विक रणनीति का एक षड्यंत्र हो। इसने मोबाइल क्रांति को इतना प्रश्रय दिया कि यह जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया । आधार, समग्र, आयुष्मान, पुलिस वेरीफिकेशन लाइसेंस केवाईसी अपडेशन शैक्षणिक और शासकीय संस्थाओं , बैंकिंग, रेलवे , वाणिज्यिक ,यातायात आयकर परिवहन खरीददारी जैसे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में यह कोरोना अपरूप की तरह पसर गया , जिसने एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल के विकास लक्ष्य के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को शिकार बनाया। बिचौलियों के रूप में बैंक सेवा केंद्रों ने इन निरक्षर ,बेसहारा, असहाय पीड़ित नागरिकों का हर संभव शोषण किया। वहीं मौजूदा चुनावी वर्ष में निशुल्क मोबाइल रिचार्ज के नाम पर फेक वायरल संदेश राजनीतिक दलों के लाभ का माध्यम बना। एडीआर द्वारा बामशक्कत जारी चुनावी चंदे के नाम पर हजारों करोड़ की वसूली की पुष्टि के फलस्वरूप मोबाइल सेवा प्रदाताओं से जुड़ी कंपनियों को बिना किसी नियमन के अप्रत्शित तरीके से टेरिफ प्लान हाइक की अनुमति दी गई। इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी के महा सचिव रणदीप सुरजेवाला ने सवाल किया कि मोदी सरकार ने 109 करोड़ सेल फोन उपभोक्ताओं की जेब से 34,824 करोड़ रुपये की वसूली की अनुमति क्यों दी ? एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि ह्यह्यहिंदुस्तान के सेल फोन मार्केट में रिलायंस जियो के 48 करोड़, एयरटेल के 39 करोड़ और वोडाफोन आइडिया के 22 करोड़ 37 लाख ग्राहक हैं। ट्राई की एक रिपोर्ट के अनुसार सेल फोन कंपनियां अपने हर सेल फोन ग्राहक से 152.55 पैसे प्रति माह कमाती हैं। इसके वावजूद 27 जून को रिलायंस जियो ने अपने रेट 12 प्रतिशत से 27 प्रतिशत बढ़ा दिए। 8 जून को एयरटेल ने अपने रेट 11 प्रतिशत से 21 प्रतिशत बढ़ा दिए। 29 जून को वोडाफोन आइडिया ने भी अपने रेट 10 प्रतिशत से 24 प्रतिशत बढ़ा दिए । इस फैसले से साफ है कि तीनों कंपनियों ने सलाह कर सिर्फ 72 घंटे में सेल फोन की शुल्क दर बढ़ाने की घोषणा की। अगर सेल फोन कंपनियों का औसत आय की बात करें तो रिलायंस जियो के हर यूजर पर 30.51 रुपए की बढ़त हुई है। यानी सालाना 17,568 करोड़ रुपये अतिरिक्त वूसल किए जाएंगे।

आज का राशिफल

मेष आज भाग्य में वृद्धि का दिन है और आज आपकी आर्थिक तरक्की होगी। आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे।

वृषभ आज लाभ का दिन है और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपके सुख के साधनों में वृद्धि होगी।

मिथुन आज लाभ होगा और ऑफिस में हर कार्य में आपको मान सममान प्राप्त होगा।

कर्क आज उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग हैं और आपके भाग्य में वृद्धि होने से रुके धन की प्राप्ति होगी।

सिंह आज लाभ का दिन है और आपको अपने सहयोगियों से हर प्रकार का लाभ होगा।

कन्या आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको नए अवसरों की प्राप्ति होगी।

तुला लाभ होगा और कारोबार में आपके लिए लाभ के योग बने हैं। आपके धन में वृद्धि होगी।

वृश्चिक बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है।

धनु करियर में सफलता की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। पुराना उधार चुकता कर सकते हैं।

मकर आज दिन मिलाजुला रहेगा और आज आपको जरूरी काम से कहीं जाना पड़ सकता है।

कुंभ आज करियर में सफलता प्राप्त होगी। आपके लिए धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

मीन आज करियर में लाभ का दिन है। घर में उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा। खोया हुआ धन प्राप्त होगा।

विशेष

मोदी की मास्को यात्रा और मोदी का विश्व गुरु होना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस की यात्रा पर थे। इस मुलाकात को लेकर सबसे ज्यादा चिंता अमेरिका की थी। अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भी भारत के रूस से व्यापारिक संबंध बने रहे। रूस ने भारत को कच्चा तेल रियायती दरों पर दिया, हथियार भी दिए। चीन और रूस के बीच इन दिनों काफी निकटता है। चीन के साथ भारत के संबंध बेहतर हैं। ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रूस जाना अमेरिका के लिए बड़ा खतरा है। उत्तर कोरिया भी रूस का समर्थन कर रहा है। ऐसी स्थिति में अमेरिका अलग-थलग पढ़ता हुआ दिख रहा है। अमेरिका यूक्रेन युद्ध से बाहर निकलना चाहता है। यूक्रेन युद्ध से अमेरिका की मुसीबतें बढी है।

यूपी के दलित वोटो पर राजनीतिक दलों की नजर

उत्तर प्रदेश में कई दशकों तक राज करने वाली बसपा इन दिनों बहुत कमजोर हो गई है। दलित वोट एक बार फिर बिखर रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा के पक्ष में दलित मतदाता एकजुट हुआ है। बसपा को इस बार उत्तर प्रदेश में मात्र 9.39 फीसदी वोट मिले। राष्ट्रीय स्तर पर मात्र 2.05 फीसदी वोट बसपा को मिले हैं। उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी का ग्राफ बड़ी तेजी के साथ इस बार बढा है। समाजवादी पार्टी भी दलितों के बीच जनाधार बढ़ा रही है। दलित नेता चंद्रशेखर,नगीना लोकसभा सीट से चुनाव जीते हैं।

कार्टून कोना



यूपी में डिजिटल हाजरी पर मचा है हंगामा, शिक्षकों ने छेड़ दी है बगावत
टाईम पर सैलरी चाहिए, समय से आना-जाना, काम करना पड़े तो सरकारी नौकरी क्यों करते!

आज का इतिहास

1636: औरंगजेब को शाहजहां ने दक्षिण का वायसराय नियुक्त किया गया. 1656: सिखों के गुरु हरकिशन का जन्म हुआ. 1789: फ्रांस के नागरिकों ने क्रांति 'की शुरूआत में बैसिले जेल पर कब्जा कर लिया. 1790: फ्रांस नरेश लुई 6वें ने क्रांतिकारी संविधान स्वीकार किया. 1867: आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल ने रेड हिल की एक खान में बारुद का प्रयोग करके दिखाया. 1886: ब्रिटेन और जर्मनी में गोल्ड कोस्ट और टोगोलैंड की सीमाओं के बारे में समझौता हुआ. 1933: जर्मनी में सभी राजनीतिक संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया. 1934: मोसुल और त्रिपोली के बीच तेल पाइपलाइन खोली गयी. 1958: इराक के शाह फैजल, शाही परिवार के अन्य सदस्यों तथा प्रधानमंत्री की सैनिक क्रांति में हत्या हुई. 1960: लियोपोल्डविले सरकार ने बेल्जियम से अपने संबंध तोड़ लिए.

दैनिक पंचांग

14 जुलाई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति	
सूर्य	मिथुन में
चंद्र	तुला में
मंगल	वृष में
बुध	कर्क में
गुरु	वृष में
शुक्र	कर्क में
शनि	कुंभ में
राहु	मीन में
केतु	कन्या में

राहुकाल
4.30 से 6.00 बजे तक

लग्नारंभ समय	
कर्क	05.37 बजे से
सिंह	07.53 बजे से
कन्या	10.05 बजे से
तुला	12.15 बजे से
वृश्चिक	14.30 ब.से
धनु	16.46 बजे से
मकर	18.51 बजे से
कुंभ	20.38 बजे से
मीन	22.10 बजे से
मेष	23.41 बजे से
वृष	01.21 बजे से
मिथुन	03.19 बजे से

रविवार 2024 वर्ष का 196 वां दिन
दिशाशूल पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
विक्रम संवत् 2081
शक संवत् 1946
मास आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
तिथि अष्टमी 17.27 बजे को समाप्त।
नक्षत्र चित्रा 22.07 बजे को समाप्त।
योग शिव 06.15 बजे को समाप्त।
करण बव 17.27 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 8.0 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 21° 38'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872040
जूलियन दिन 2460505.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना मोहर्रम
तारीख 07
विशेष मासिक दुर्गाष्टमी।

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
उद्वेग	05.56 से	07.23 बजे तक		शुभ	05.36 से	07.09 बजे तक	
चर	07.23 से	08.51 बजे तक		अमृत	07.09 से	08.41 बजे तक	
लाभ	08.51 से	10.18 बजे तक		चर	08.41 से	10.14 बजे तक	
अमृत	10.18 से	11.46 बजे तक		रोग	10.14 से	11.46 बजे तक	
काल	11.46 से	01.14 बजे तक		काल	11.46 से	01.19 बजे तक	
शुभ	01.14 से	02.41 बजे तक		लाभ	01.19 से	02.51 बजे तक	
रोग	02.41 से	04.09 बजे तक		उद्वेग	02.51 से	04.24 बजे तक	
उद्वेग	04.09 से	05.36 बजे तक		शुभ	04.24 से	05.53 बजे तक	

चौघड़िया शुभाशुभ- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

कब जरूरी है करियर काउंसलिंग

कई बार बच्चे अपने करियर को लेकर काफी कन्फ्यूज होते हैं। करियर की सीढ़ी में आगे बढ़ने के लिए कई बार वे कुछ चाहते हैं, पेरेंट्स की अलग अपेक्षाएं होती है तो रिश्तेदारों और दोस्तों से मिली सलाह कुछ अलग ही होती है। ऐसी स्थिति में जब बहुत ज्यादा कंफ्यूजन हो तो करियर काउंसलिंग की ज्यादा जरूरत होती है। हम कई बार काउंसलिंग को इग्नोर कर देते हैं। हमें लगता है हम सब जानते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। करियर काउंसलिंग का सही समय वह हे जब बच्चे आगे की राह चुनने की दहलीज पर होते हैं। 10वीं के बाद उन्हें स्ट्रीम चूज करना होता है और ऐसे समय में सबसे ज्यादा गाइडेंस की जरूरत होती है। इसलिए पेरेंट्स को समझना चाहिए कि इस फेज में बच्चों को करियर से जुड़ा मार्गदर्शन उपलब्ध कराएं। इससे सही विषय चुन पाएंगे और करियर की पटरी सही बैठेगी। अगर सही विषय चयन नहीं किया गया तो पूरा करियर यू टर्न ले सकता है। इसलिए प्रोफेशनल काउंसलर की मदद लें जो मनोवैज्ञानिक तरीके से छात्र से संवाद करे और साइकोमेट्रिक टेस्ट के आधार पर छात्र की प्रतिभा को समझ सकें।

इसलिए है जरूरी

पेरेंट्स को यह समझना जरूरी है कि बच्चे का इंटरेस्ट किस विषय में है और वह किस तरह परफॉर्म कर रहा है। अपनी पसंद न थोपें। यह भी जानें कि किन विषयों में उसका मन नहीं लगता। इस तरह से पेरेंट्स करियर के चुनाव में मदद कर सकते हैं। बच्चे के रिजल्ट से यह फैसला करने की बजाए, उसकी पसंद को जानें। अगर गलत फैसला हुआ तो आगे चलकर वह परफॉर्म नहीं कर पाएगा और तनाव में घिरा रहेगा।

ऐसे न लें फैसले

यह कतई जरूरी नहीं है कि साइंस में 90 या 100 फीसदी अंक लाने वाला छात्र साइंस स्ट्रीम ही पसंद करे। हो सकता है उसकी रूचि गणित में न हो क्योंकि 10वीं के बाद पढ़ाई का लेवल अचानक हाई हो जाता है और अगर स्टूडेंट की रूचि उसमें न हो तो उसका प्रदर्शन प्रभावित होने लगता है। काउंसिलिंग में इन्हीं बातों को पैरेंट्स को समझाने की कोशिश की जाती है।

मार्केट ट्रेंड की जानकारी

काउंसिलिंग का एक सबसे बडा फायदा यह भी है कि काउंसिलर आपको वैसे सब्जेक्ट या उभरते क्षेत्रों के बारे में भी बताते हैं जिनसे आप अनजान होते हैं। आप ने उस फील्ड के बारे में कभी सोचा ही नहीं होता है। मार्केट ट्रेंड के बारे में बताते हैं और इन सबसे ऊपर आपको अच्छा इंस्टीट्यूट चुनने में मदद करते हैं। सब्जेक्ट पसंद का होने से आप अपनी पसंद की राह पर बढ़ तो सकते हैं, लेकिन इस गला काट प्रतियोगिता के जमाने में अच्छे इंस्टीट्यूट का चुनाव करके ही आप दूसरों पर बढते ले सकते हैं। आज मैनेजमेंट में कई नए सब्जेक्ट आ गए हैं। इसी तरह लॉ का क्षेत्र बढ़ गया है। फैशन टेक्नॉलजी का बुखार और खुमार तो है ही, खेल के क्षेत्र में हो रहे सुधार और कमाई से ऑप्शन पर भी उभरे हैं।

12वीं के बाद कर सकते हैं पॉलीमर साइंस में बीटेक

मौजूदा तकनीकी दौर में पॉलीमर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। इनमें प्लास्टिक, मोल्डेड सामग्री, सिंथेटिक फाइबर, रबर आदि शामिल हैं। ईको-फ्रेंडली और रीसाइक्लेबल प्लास्टिक के साथ इन सभी पॉलीमर प्रोडक्ट्स के उचित प्रबंधन की आवश्यकता भी समय के साथ बढ़ रही है। यह काम पॉलिमर इंजीनियर्स करते हैं। वे प्लांट डिजाइन, प्रोसेस डिजाइन और थर्मोडाइनेमिक्स के सिद्धांतों का उपयोग करते हैं। विदेश ही नहीं, भारत में भी कई पॉलिमर और पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज खुल चुकी हैं। नतीजतन, करियर विकल्प के रूप में केमिकल इंजीनियरिंग या पॉलिमर इंजीनियरिंग का महत्व कई गुना बढ़ गया है। अगर आप इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद पॉलीमर साइंस में बीटेक कर सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको पॉलीमर साइंस में बीटेक के बाद करियर अवसर के बारे में जानकारी देंगे-

पॉलिमर इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के अवसर

पॉलिमर इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद आप सरकारी फर्मों जैसे सेंट्रल ग्लास एंड सिरेमिक रिसर्च इंस्टीट्यूट, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, राउरकेला और सेंट्रल साल्ट एंड मरीन केमिकल्स रिसर्च इंस्टीट्यूट आदि में बतौर जूनियर रिसर्च फेलो काम कर सकते हैं। इन फेलोशिप कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को NTA द्वारा आयोजित UGC-NET और UGC-CSIR राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर कम से कम 55% अंकों के साथ एम टेक डिग्री प्राप्त करने के बाद कोई भी नेट के लिए बैठ सकता है। जिन उम्मीदवारों ने अपनी बी टेक डिग्री में 60% अंक प्राप्त किए हैं, वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में वैज्ञानिक या इंजीनियर के रूप में 40,000/- रुपये के मासिक वेतन के साथ काम कर सकते हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन भी वैज्ञानिक बी पद की भूमिका में पॉलिमर इंजीनियरिंग स्नातकों की भर्ती करता है। इनके अलावा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलिमर लिमिटेड (बीसीपीएल) जैसे संगठन भी पॉलिमर इंजीनियरिंग में बी टेक स्नातकों को नियुक्त करते हैं। इनके अलावा स्नातक डिग्री धारक पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, ऑयल इंडिया लेबोरेटरीज, पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग प्लांट्स और ऑयल एंड नेचुरल गैस कमीशन (ओएनजीसी) आदि विभागों में भी रोजगार पा सकते हैं। उम्मीदवार विभिन्न इंजीनियरिंग संस्थानों में लेक्चरर पद का विकल्प भी चुन सकते हैं।

पॉलिमर इंजीनियरिंग में बीटेक के बाद निजी क्षेत्र के अवसर

जर्मन आधारित कंपनी विंडमोलर एंड होल्शर, अक्सर अपने मैकेनिकल इंजीनियरिंग अनुभाग में संचालन करने के लिए पॉलिमर इंजीनियरों की भर्ती करती है। 7 से 8 साल के कार्य अनुभव वाले लोग एलाइड सॉल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में सेल्स/बिजनेस डेवलपमेंट सेक्शन में जा सकते हैं। यहाँ आप 35,000/- से रु। 50,000/- प्रति माह तक की सैलरी पा सकते हैं। अपोलो टायर्स लिमिटेड, सिएट लिमिटेड आदि जैसी टायर कंपनियों को भी पॉलिमर इंजीनियर्स की जरूरत है। पॉलीमर इंजीनियरिंग में स्नातकों के लिए क्वालिटी इंजीनियर, प्रोडक्शन इंजीनियर्स/टेक्नोलॉजिस्ट, पॉलीमर स्पेशलिस्ट आदि सामान्य जॉब प्रोफाइल हैं।

विदेश ही नहीं, भारत में भी कई पॉलिमर और पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्रीज खुल चुकी हैं। नतीजतन, करियर विकल्प के रूप में केमिकल इंजीनियरिंग या पॉलिमर इंजीनियरिंग का महत्व कई गुना बढ़ गया है। अगर आप इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद पॉलीमर साइंस में बीटेक कर सकते हैं।

जॉब के लिए अप्लाई करने से पहले अपने पुराने सीवी को करें अपडेट

सीवी में दी गई जानकारी के आधार पर ही एंपलॉयर आपको जज कर पाता है। खुद को दूसरों से अलग बनाने के लिए आपको सिरी को सही फॉर्मेट में बनाना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही आपको अपने सीवी को अपडेटेड भी रखना चाहिए। जब भी आप किसी कंपनी में जॉब के लिए अप्लाई करते हैं तो आपसे सबसे पहले आपका सीवी या रेज्यूमे मांगा जाता है। इसमें आपकी पिछली कंपनी में आपकी पोजिशन, आपकी स्किल्स और अनुभव आदि की जानकारी होती है। इसी जानकारी के हिसाब से एंप्लॉयर आगे की प्रक्रिया शुरू करते हैं या रिजेक्ट करते हैं। सीवी में दी गई जानकारी के आधार पर ही एंपलॉयर आपको जज कर पाता है। खुद को दूसरों से अलग बनाने के लिए आपको सिरी को सही फॉर्मेट में बनाना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही आपको अपने सीवी को अपडेटेड भी रखना चाहिए।

आमतौर पर कोई भी उम्मीदवार अपनी बीवी को अपडेट तभी करता है जब वह किसी दूसरी नौकरी की तलाश में होता है। ऐसे में अगर एक नौकरी से दूसरी के बीच अवधि ज्यादा होती है तो सीवी में कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को अपडेट करना छूट जाता है। इसलिए आप अपनी कंपनी में जब भी किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को पूरा करें तो उसे उसी समय अपने सीवी में जरूर अपडेट कर लें। आप जिस भी प्रोजेक्ट के बारे में अपने सीवी में जिक्र कर रहे हैं, उसे पूरा करते वक्त आपको क्या कठिनाई आई इसका जिक्र जरूर करें। इससे एंप्लॉयर को यह विश्वास मिलेगा कि आप काम करते समय सिर्फ कंफर्ट जोन नहीं तलाशते हैं। इसके साथ ही, प्रोजेक्ट पर कितने लोगों ने क्या काम किया और आपकी क्या भूमिका रही इसकी जानकारी भी सीवी में जरूर दें।

अधिकतर लोगों को रेज्यूमे और सीवी के बीच अंतर नहीं मालूम होता है। आपको बता दें कि रेज्यूमे अधिकतम 2 पन्नों का होता है वहीं सिविल अधिकतम 5 पन्ने का होता है। इसलिए कंपनी आपसे जो मांगे, वही भेजें।

सीवी आमतौर पर ऑफिसर लेवल का होता है। इसमें सब कुछ डिटेल में लिखा होता है। वहीं, रेज्यूमे आमतौर पर शुरुआती नौकरियों के लिए होता है। इसमें स्किल्स, क्वालिफिकेशन आदि की जानकारी संक्षिप्त में लिखी होती है। अधिकांश इंटरव्यू के लिए एंप्लॉयर्स सीवी ही मांगते हैं।

सक्सेस के लिए बनाएं रखें मार्केटिंग एटीट्यूड

इसमें कोई शक नहीं कि सफल होने के लिए आपको कड़ी मेहनत करना चाहिए लेकिन अगर इसे बिना किसी उद्देश्य और सही एटीट्यूड के किया जाए तो यह मेहनत व्यर्थ ही जाएगी। मार्केटिंग में करियर बनाने के लिए आपको मेहनत के साथ सही एटीट्यूड रखना जरूरी है।

सकारात्मक सोच के साथ अगर आप आगे बढेंगे तो कंपनी की साख भी बना पाएंगे और अपना करियर उज्जवल करेंगे। दिन-रात अपने टारगेट पूरा करने में आप लगे रहते हैं लेकिन कुछ ऐसी ही स्किल्स की कमी के चलते यह पूरा करने से चूक जाते हैं। लेकिन अगर बार-बार आपके साथ ऐसा हो तो आप निराश हो सकते हैं। इसके कारण आप खुद में ही कमी ढूंढेंगे कि शायद आप इसके लायक नहीं। सबसे पहली बात तो आपको आपके क्षेत्र, उत्पाद, कंपनी और मार्केटिंग टूल्स की पूरी जानकारी होनी चाहिए। आपको जितना नॉलेज होगा, आपमें कॉन्फिडेंस उतना रहेगा।

पैशन

अगर आपको अपने काम को लेकर जुनून नहीं है तो शक है कि आप जो मुकाम चाहते हैं, वह हासिल हो। पैशन होने से आपके अंदर और भी कई स्किल्स स्वतः ही आ जाते हैं जिसके कारण आप सफलता की सीढ़ियां चढ़ते हैं। पैशन होने से आप राइट एटीट्यूड अपने आप ही आ जाएगा।

अप्रोच

मार्केटिंग ही नहीं, किसी भी क्षेत्र में आपकी अप्रोच बहुत मायने रखती है। इसलिए मार्केटिंग जॉब को लेकर आपकी अप्रोच पॉजिटिव, टू द पॉइंट और रिजल्ट ओरिएंटेड होना चाहिए।

एक्साइटमेंट

जो भी काम करें उसमें एक्साइटमेंट डाले। छोटे से छोटे से काम को लेकर आप अगर उत्साही रहेंगे तो उसका रिजल्ट सोच से कहीं बेहतर होगा। ऐसे आप लोगों में भी उत्साह का संचार कर पाएंगे। लोगों के बीच आपका उत्साह इम्प्रेसिव ही होगा।

कॉन्फिडेंस

आपको हर हाल में न केवल खुद पर, बल्कि अपने क्लाइंट पर भी पूरा भरोसा होना चाहिए। यह आत्मविश्वास ही है, जिसे सफलता की कुंजी कहा जाता है।

चेंज

मार्केटिंग एक ऐसा क्षेत्र है, जहां हमेशा चेंज की गुंजाइश बनी रहती है। क्योंकि यहां आपका पहला मकसद होता है क्लाइंट को संतुष्ट करना और ज्यादा-से-ज्यादा क्लाइंट्स जोडना। इसलिए जब भी लगे कि अमुक तकनीक में बदलाव की जरूरत है, आपको तत्काल उस तकनीक को अपना लेना चाहिए।

ज्वैलरी डिजाइनिंग के करियर में इस तरह बढ़ें आगे

भारत गोल्ड का सबसे बडा उपभोक्ता है और यहां जेम्स एंड ज्वैलरी के लिए बेहतर सुविधाएं भी मौजूद है। एक तथ्य यह भी है कि जयपुर को विश्व के सबसे बडे जेम्स कटिंग सेंटर के रूप में जाना जाता है। हालांकि, जयपुर के साथ-साथ सूरत, मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद आदि शहरों में जेम्स एंड ज्वैलरी के विशाल एक्सपोर्ट हाउसेज मौजूद हैं। यही कारण है कि देश के कुल निर्यात में जेम्स एंड ज्वैलरी सेक्टर का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होने से आज भारतीय कारीगरों की बनाई ज्वैलरी को विदेशों में काफी पसंद किया जा रहा है।

समय ने बदली धारणा

वैश्वीकरण के इस दौर में युवतियों में जिस तरह फैशनेबल कपड़ों का क्रेज बढ़ रहा है। फैशन में हो रहे बदलावों ने ज्वैलरी का सारा आकर्षण तरह-तरह की डिजाइनों में केंद्रित कर दिया है। समय की बयार के साथ समाज की यह पारंपरिक तस्वीर तेजी से बदल रही है।

स्किल्स

जेमोलॉजी कोर्स के अंतर्गत जेम्स की पहचान, उसकी रंगत, धातु की पहचान, ड्राइंग टेक्निक्स, डिजाइन मेथोडोलॉजी, कम्प्यूटर ऐडेड डिजाइन आदि पहलुओं का अध्ययन किया जाता है। जेमोलॉजी में डिग्री (तीन-वर्षीय), डिप्लोमा (दो-वर्षीय) और सर्टिफिकेट कोर्सेज (एक साल) के साथ-साथ ट्रेंड प्रोफेशनल्स के लिए कुछ स्पेशलाइज्ड कोर्सेज भी उपलब्ध हैं। इन स्पेशलाइज्ड कोर्सेज की अवधि छह माह से छह हफ्ते तक की हो सकती है।

योग्यता

यदि आप जेम्स एंड ज्वैलरी डिजाइन के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको कोई खास शैक्षिक योग्यता नहीं जुटानी पडेगी। यदि आप बारहवीं पास या ग्रेजुएट भी हैं, तो आपके लिए इस सेक्टर में बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं। यदि आप बारहवीं पास हैं, तो डिग्री कोर्स में और यदि ग्रेजुएट हैं, तो डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स करने के बाद इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं। आपकी अंग्रेजी और कम्युनिकेशन स्किल्स बहुत अच्छी होनी चाहिए। यदि यह गुण आपमें हैं तो इससे बेहतर दूसरा क्षेत्र संभवतः आपके लिए बना नहीं है।

करियर संभावनाएं

उदारीकरण के बाद भारत के इस उभरते सेक्टर को एक नया आयाम मिला है। दरअसल, जमोलॉजी के क्षेत्र में दबदबा रखने वाली दुनिया की बडी-बडी कंपनियां भारत में तेजी से अपनी शाखाएं खोल रही हैं। कहते हैं, जिस सेक्टर में जितनी तेजी से विकास होता है, उसे और विकसित करने के लिए ट्रेंड प्रोफेशनल्स की जरूरत अनिवार्य रूप से होती है। इस लिहाज से देखें, तो जेम्स एंड ज्वैलरी सेक्टर भी अछूता नहीं रहा है, जहां आज भारी संख्या में ट्रेंड प्रोफेशनल्स की जरूरत महसूस की जा रही है। जहां तक इस क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं की बात है, जेमोलॉजी का कोर्स कर लेने के बाद आपको प्राइवेट एक्सपोर्ट हाउसेज, ज्वैलरी डिजाइनिंग एंड कटिंग फर्म्स और इससे जुडी कंपनियों में काफी आकर्षक जॉब मिल सकते हैं। इसके अलावा, यदि आप अपना बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, तो संबंधित क्षेत्र में अनुभव और कौशल प्राप्त करने के बाद अपनी खुद की रिटेल, होलसेल या ज्वैलरी-शॉप्स खोल कर अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं।

जॉब ऑप्शंस

- ज्वैलरी-डिजाइनर
- रिसर्चर
- प्रोडक्ट डेवलपमेंट ऑफिसर
- मर्केडाइजर
- सेल्स एंड मार्केटिंग प्रोफेशनल
- कंसल्टेंट
- कैड-डिजाइनर

संक्षिप्त समाचार

मुकेश अंबानी हर रोज अगर 3 करोड़ रुपये खर्च करें तो उनकी संपत्ति खत्म होने में लगेंगे 932 साल और 6 महीने

नईदिल्ली, एजेंसी। मुकेश अंबानी एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अपनी दौलत और ठाठबाट के चलते वह अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के पास कुल 10.21 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है। क्या आप जानते हैं कि अगर मुकेश अंबानी हर दिन 3 करोड़ रुपये खर्च या दान करें तो उनकी सारी संपत्ति कितने सालों में खत्म हो जाएगी अगर मुकेश अंबानी अपनी कुल संपत्ति में से रोजाना 3 करोड़ रुपये खर्च या दान करते हैं तो उनकी सारी संपत्ति 3,40,379 दिनों में खत्म हो जाएगी। साल में 365 दिन होते हैं। 3,40,379 दिनों को साल में बदलने पर उनकी सारी संपत्ति खत्म होने में 932 साल और 6 महीने लगेंगे। यानी अगर मुकेश अंबानी अपनी कुल संपत्ति में से रोजाना 3 करोड़ रुपये खर्च या दान करते हैं तो उनकी सारी संपत्ति खत्म होने में कई सदियां लग जाएंगी। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, 2024 में अब तक अंबानी की संपत्ति में लगभग 1.98 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है। मुकेश अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएमडी हैं। उन्हें अपनी भव्य जीवनशैली के लिए जाना जाता है। उनका घर एंटीलिया दुनिया का सबसे महंगा निजी घर है। इन दिनों मुकेश अंबानी अपने बेटे की शादी के चलते सुर्खियों में हैं। 12 जुलाई को मुंबई में राधिका मर्चेंट के साथ अनंत अंबानी की शादी हुई। यह शादी भारत की सबसे बड़ी और धूमधाम से मनाई जाने वाली शादियों में से एक थी। इसमें देश विदेश से कई प्रसिद्ध व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में उछाल, 5.16 अरब डॉलर से बढ़कर 657.16 अरब डॉलर पर पहुंचा

Foreign Exchange

मुंबई एजेंसी। देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जुलाई को समाप्त सप्ताह में 5.16 अरब डॉलर उछलकर 657.16 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल मुद्रा भंडार 1.71 अरब डॉलर घटकर 651.99 अरब डॉलर रहा था। इस वर्ष सात जून को विदेशी मुद्रा भंडार 655.82 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक पांच जुलाई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.23 अरब डॉलर बढ़कर 577.11 अरब डॉलर हो गयी। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 90.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 57.43 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.04 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा 40 लाख डॉलर बढ़कर 4.58 अरब डॉलर हो गई।

विजिंजम पोर्ट में अपना निवेश दोगुना करने जा रहा है अडानी ग्रुप

▶▶ चीन के दबदबे वाले अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार में बढ़ेगी भारत की हिस्सेदारी ▶▶ निवेश की रकम को दोगुना कर 2.4 अरब डॉलर करने का प्लान

नईदिल्ली, एजेंसी। दिग्गज उद्योगपति गौतम अडानी दक्षिण भारत में बने नए मेगा पोर्ट विजिंजम में अपना निवेश दोगुना करके 2.4 अरब डॉलर (करीब 20,000 करोड़ रुपये) करने जा रहे हैं। उनका लक्ष्य है कि पोर्ट का विस्तार तेजी से हो। दुनिया के सबसे बड़े जहाज वहां आ सकें। अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के एमडी करण अडानी ने बताया है कि उनका प्लान 2028 तक विजिंजम इंटरनेशनल ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल में 2.4 बिलियन डॉलर निवेश का है। इस विस्तार से पोर्ट की क्षमता पांच गुना बढ़कर 50 लाख टीईयू हो जाएगी जो शुरुआती 30 लाख टीईयू के प्लान से कहीं ज्यादा है। टीईयू का इस्तेमाल अक्सर कंटेनर जहाजों की क्षमता, बंदरगाहों के थ्रूपुट और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में कंटेनरों की मात्रा को मापने के लिए किया जाता है। टीईयू का मतलब ट्वेंटी-फुट इक्विपवैलेंट यूनिट (टीईयू) होता है। यह अंतरराष्ट्रीय शिपिंग में कंटेनरों की मात्रा को मापने के लिए इस्तेमाल होने वाली स्टैंडर्ड यूनिट है।

गौतम अडानी के बेटे करण ने बताया है कि पहले यह विस्तार 2045 तक पूरा होना था। लेकिन, अब इसे घटाकर 2028 कर दिया गया है ताकि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ सके। इसमें अभी चीन सबसे आगे है। दक्षिण भारत के सिरे पर स्थित होने के कारण विजिंजम की जगह बहुत रणनीतिक है। यह प्रमुख अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों के पास है। यहां पानी बहुत गहरा है। इससे बड़े जहाज आसानी से आ जा सकते हैं।

करण अडानी के मुताबिक, पहले यह निवेश 10,000 करोड़ रुपये यानी 1.2 अरब डॉलर का था, लेकिन अब इसे दोगुना करके इसमें जहाजों के लिए ईंधन सुविधा, लग्जरी क्रूज टर्मिनल और 20 लाख टन की सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट भी शामिल की गई है।

दुनिया के सबसे बड़े जहाज भारतीय पोर्ट पर नहीं आते

हाल ही में इस पोर्ट पर पहला मदर शिप आया जो ए.पी. मोलर-मर्सक की ओर से ऑपरेट किया जाने वाला एक कंटेनर जहाज था। पोर्ट स्र्ष्ट मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी और हैपैग-लॉयड जैसी अन्य बड़ी कंटेनर लाइनों के साथ भी बातचीत कर रहा है। हालांकि, हैपैग-लॉयड का अभी विजिंजम को अपने नेटवर्क में शामिल करने का कोई इरादा नहीं है। लेकिन, उनके एक प्रवक्ता ने कहा कि भविष्य में इस पर विचार किया जा सकता है।

अक्टूबर में शुरू हुआ विजिंजम ट्रांसशिपमेंट पोर्ट वैश्विक समुद्री नक्शे पर भारत को एक मजबूत स्थिति में लाने के अडानी समूह के बड़े लक्ष्य को दर्शाता है। पहले दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज भारत के बंदरगाहों पर नहीं आते थे क्योंकि यहां पानी पर्याप्त गहरा नहीं था। वे कोलंबो, दुबई और सिंगापुर जैसे बंदरगाहों को चुनते थे। इस नए निवेश से मौजूदा बर्थ और ब्रेकवाटर का भी विस्तार होगा। इससे पोर्ट दुनिया के कुछ सबसे बड़े जहाजों को संभालने में और सक्षम हो जाएगा। यह पोर्ट अंतरराष्ट्रीय शिपिंग मार्गों के पास है जहां से दुनिया का 30 प्रतिशत कार्गो ट्रैफिक गुजरता है।

यात्री वाहनों की बिक्री अप्रैल-जून तिमाही में 10 लाख पार, 18 प्रतिशत बढ़कर संख्या 6 लाख 45 हजार से ज्यादा

नईदिल्ली, एजेंसी। यूटिलिटी गाड़ियों की जबरदस्त मांग के दम पर देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में पहली बार 10 लाख के पार पहुंच गई। इस अवधि में कुल 10,26,006 यात्री वाहन बिके। यह आंकड़ा 2023-24 की समान तिमाही में बिके 9,96,565 इकाइयों की तुलना में 2.95 फीसदी अधिक है। हालांकि, यात्री कारों की बिक्री में गिरावट दर्ज की गई है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में 3,41,293 यात्री कारें बिकीं। यह आंकड़ा एक साल पहले की समान तिमाही में बिकीं 4,13,723 इकाइयों की तुलना में 17 फीसदी कम है। वैन की बिक्री सालाना आधार पर 9 फीसदी बढ़कर 38,919 इकाई पहुंच गई।

यात्री वाहनों की कुल रिकॉर्ड बिक्री में यूटिलिटी गाड़ियों का 63 फीसदी योगदान रहा। अप्रैल-जून तिमाही में यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 18 फीसदी की मजबूत वृद्धि के साथ 6,45,794 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान तिमाही में यह आंकड़ा 5,47,194 इकाई था। अप्रैल-जून तिमाही में सभी श्रेणी के वाहनों की कुल बिक्री 16 फीसदी बढ़कर 64 लाख के पार पहुंच गई। दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 20 फीसदी बढ़कर 49,85,631 इकाई के स्तर पर पहुंच गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री 14 फीसदी बढ़कर 1,65,081 इकाई पहुंची। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 3.5 फीसदी बढ़कर 2,24,209 इकाई पहुंची।

जून में...पीवी में 3 फीसदी की बढ़ोतरी

यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री जून में तीन फीसदी बढ़कर 3,37,757 इकाईपहुंच गई। दोपहिया वाहनों की बिक्री भी 21 फीसदी बढ़कर 16,14,154 इकाई पहुंची। इस दौरान कुल 53,025 तिपहिया वाहन बिके, जो 12 फीसदी ज्यादा है।

1.25 लाख रुपए तक जा सकती है चांदी की कीमत

नईदिल्ली, एजेंसी। चांदी की चमक आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है। जल्द ही चांदी की कीमत 1 लाख रुपए को पार करते हुए 1.25 लाख रुपए प्रति किलो तक जा सकती है। चांदी की कीमतों को लेकर मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज ने अपने रिपोर्ट में बड़ी भविष्यवाणी की है। अपनी रिपोर्ट में ब्रोकरेज हाऊस ने निवेशकों को कीमतों में आने वाली गिरावट पर चांदी खरीदने की सलाह दी है। मोतीलाल ओसवाल फाइनैंशियल सर्विसेज ने चांदी को लेकर तिमाही रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में ब्रोकरेज हाऊस ने चांदी की कीमतों को लेकर अपने पुराने टारगैट प्राइस को रिवाइज किया है। मोतीलाल ओसवाल ने चांदी पर अपने पुराने टारगैट प्राइस को 1 लाख से बढ़ाकर 1,25,000 रुपए प्रति किलो कर दिया है, जबकि कॉमैक्स पर 40 डॉलर प्रति औंस का टारगैट दिया गया है। रिपोर्ट में ब्रोकरेज हाऊस ने कहा कि 12 से 15 महीने में यह टारगैट हासिल हो सकता है।

ब्रोकरेज हाऊस के रिसर्च नोट के मुताबिक हाल के महीनों में चांदी की कीमतों में 30 फीसदी का उछाल देखने को मिला है, जिसके चलते कुछ इंटर्वल्स पर मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। हालांकि चांदी में आने वाली कोई भी गिरावट को खरीदने के अवसर के तौर पर इस्तेमाल किया जाना चाहिए। ब्रोकरेज हाऊस ने कहा कि 86,000-86,500 रुपए चांदी के लिए प्रमुख सपोर्ट लैवल है।

क्यों आएगी कीमतों में तेजी

रिपोर्ट में कहा गया कि चांदी स्लो मूवर के टैग से बाहर आ चुकी है और इस वर्ष कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला है। सोने और चांदी के बीच की रेस में चांदी जीत के कगार पर है। फैड की ओर से ब्याज दरों में कमी के फैसले का निवेशक इंतजार कर रहे हैं। अमरीका में कमजोर इकोनॉमिक डाटा से मैटल्स को सपोर्ट मिल रहा है।

सितंबर की फैड मीटिंग में 70 फीसदी ब्याज दर कटौती की संभावना है, तो वैश्विक तनाव के चलते भी झटके लग रहे हैं। 2024 में चांदी का घरेलू इंपोर्ट बढ़ा है और 4000 टन पर जा पहुंचा है। ई.टी.एफ. में फ्लो सामान्य है पर वैसे लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। सिल्वर इंस्टीच्युट का मानना है कि चांदी की सप्लाई डिमांड से कम रह सकती है और चीन में आर्थिक विकास तेज होने पर इंडस्ट्रियल मैटल्स की डिमांड बढ़ने पर चांदी की कीमतों में तेजी आ सकती है।

एफडी में करना है इन्वेस्ट तो ये रहे 10 बेस्ट ऑप्शन, यहां मिलेगा अधिकतम 8.75 प्रतिशत तक ब्याज

Fixed Deposit

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय ग्राहकों के बीच अभी भी अपनी जमा पूंजी को सुरक्षित निवेश करने के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट नकट भविष्य में एफडी में इन्वेस्ट करने की प्लानिंग कर रहे हैं और साथ में बंपर मुनाफा की चाहत रखते हैं तो यह खबर आपके लिए। बता दें कि मौजूदा समय में पब्लिक सेक्टर के सबसे बड़े लैंडर से लेकर प्राइवेट सेक्टर लैंडर बैंक तक, अपने ग्राहकों को एफडी करने पर बंपर ब्याज ऑफर कर रहे हैं। आइए जानते हैं 10 ऐसे बैंकों के बारे में जो अपने ग्राहकों को एफडी में निवेश करने पर सबसे ज्यादा ब्याज ऑफर कर रहे हैं।

अगर बेहतर रिटर्न की बात करें तो एसबीएम बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को एफडी करने पर 8.25 पर्सेंट जबकि सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 8.75 पर्सेंट तक ब्याज ऑफर कर रहा है। जबकि बंधन बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को एफडी करने पर अधिकतम 8 पर्सेंट और अपने सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 8.50 पर्सेंट तक ब्याज ऑफर कर रहा है। इसके अलावा, डीसीबी बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को एफडी करने पर 8 पर्सेंट जबकि अपने सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 8.50 पर्सेंट तक ब्याज ऑफर कर रहा है। दूसरी ओर डॉयचे बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को 7.75 पर्सेंट और सीनियर सिटीजन ग्राहकों को भी 7.75 पर्सेंट तक ब्याज ऑफर कर रहा है। जबकि यस बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को अधिकतम 7.75 पर्सेंट जबकि अपने सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 8.25 पर्सेंट तक ब्याज ऑफर कर रहा है। दूसरी ओर आरबीएल बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को एफडी करने पर अधिकतम 7.50 पर्सेंट जबकि सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 8 पर्सेंट तक का ब्याज ऑफर कर रहा है। वहीं, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को अधिकतम 7.50 पर्सेंट जबकि सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 8 पर्सेंट तक ब्याज ऑफर कर रहा है। जबकि इंडसइंड बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को अधिकतम से 7.50 पर्सेंट और अपने सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 8 पर्सेंट तक ब्याज ऑफर कर रहा है। इसके अलावा, एचएसबीसी बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को अधिकतम से 7.50 पर्सेंट सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 8 पर्सेंट तक ब्याज ऑफर कर रहा है। जबकि करूर वैश्य बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को अधिकतम से 7.50 पर्सेंट जबकि सीनियर सिटीजन ग्राहकों को 8 पर्सेंट तक ब्याज दे रही है।

6 बैंकों ने लोन की ब्याज दरों में किया बड़ा बदलाव

नईदिल्ली, एजेंसी। अगर आप निकट भविष्य में बैंक से लोन लेने की प्लानिंग कर रहे हैं तो यह खबर आपके लिए है। दरअसल, कई बड़े बैंकों ने जुलाई महीने के दौरान अपने मार्जिनल कॉस्ट आफ फंड्स बेस्ड लेंडिंग रेट में बदलाव किया है। एमसीएलआर वह मिनिमम दर है जिस पर बैंक ग्राहकों को लोन दे सकता है। रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने अलग-अलग तरह के लोन की ब्याज दरों को निर्धारित करने के लिए साल 2014 में एमसीएलआर रेट की शुरुआत की थी। एमसीएलआर रेट के बढ़ने या घटना से ही ग्राहकों की इएमआइ तय होती है। अगर एमसीएलआर रेट में बैंक कोई इजाफा करता है तो आपके लोन की दरें बढ़ जाएगी। जबकि अगर बैंक एमसीएलआर रेट में कमी करेगा तो आपके लोन की दर भी कम हो जाएगी। ईटी में छपी एक खबर के अनुसार, आइए जानते हैं उन 6 बैंकों के बारे में जिन्होंने जुलाई महीने के दौरान अपने एमसीएलआर रेट में बदलाव किया है। एचडीएफसी बैंक ने ओवरनाइट एमसीएलआर रेट में 10 आधार अंकों की कटौती की है जो 9.05 पर्सेंट से घटकर 8.95 पर्सेंट हो गया है। जबकि 1 महीने के लिए 10 आधार अंक बढ़कर यह 9 पर्सेंट से बढ़कर 9.10 पर्सेंट जबकि 3 महीने की अवधि के 5 आधार अंक बढ़कर 9.15 पर्सेंट से 9.20 पर्सेंट हो गया है। वहीं, बैंक ने 6 महीने के एमसीएलआर को 9.30 पर्सेंट से बढ़ाकर 9.35 पर्सेंट, 1 साल के एमसीएलआर को 9.30 पर्सेंट से बढ़ाकर 9.40 पर्सेंट कर दिया है। दूसरी ओर संशोधन के बाद 2 साल और 3 साल के एमसीएलआर को बढ़ाकर 9.40 पर्सेंट कर दिया गया है। ये दरें 8 जुलाई, 2024 से प्रभावी हैं। यस बैंक का ओवरनाइट एमसीएलआर 9.10 पर्सेंट है। जबकि 1 महीने के लिए एमसीएलआर 9.45 पर्सेंट, 3 महीने के लिए 10.10 पर्सेंट, 6 महीने के लिए 10.35 पर्सेंट और 1 साल के लिए 10.50 पर्सेंट है। यस बैंक की वेबसाइट के अनुसार, नई दरें 1 जुलाई, 2024 से लागू होंगी।

चर्चित म्युचुअल फंड के बड़े अधिकारी के इस्तीफे पर मचा हड़कंप, आई सफाई, सेबी के रडार पर कंपनी

नईदिल्ली, एजेंसी। पिछले कुछ सालों के दौरान क्वांट म्युचुअल फंड ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। कंपनी एक बार फिर से चर्चा में है। कंपनी ने नया चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर नियुक्त किया है। पुराने ष्ट्स्नह्र हर्षल पटेल ने इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद इस बात की चर्चा जोरों पर है कि हर्षल पटेल ने फ्रंट रनिंग मामले में सेबी की जांच की वजह से इस्तीफा दिया है। कंपनी ने इन चर्चाओं का खण्डन किया है। क्वांट म्युचुअल ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया है कि हर्षल पटेल ने फरवरी में इस्तीफा दिया था।

सिर्फ 50,000 से शुरू किया काम, आज 7.50 लाख महीने की कमाई

नईदिल्ली, एजेंसी। विशाखापत्तनम में चित्तम सुधीर ने मिलेट इडली बेचकर कामयाबी हासिल की है। उन्होंने एग्रीकल्चर में एमए इकनॉमिक्स किया है। सुधीर ने 2018 में सिर्फ 50,000 रुपये से अपना काम शुरू किया था। उनका मकसद था शहरी लोगों को पौष्टिक मिलेट का स्वाद चखाना। आज उनकी छोटी सी दुकान प्रेरणादायक कहानी बन गई है। चित्तम सुधीर स्वादिष्ट मिलेट इडली बेचकर हर महीने लाखों कमाते हैं। आइए, यहां उनकी सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

चित्तम सुधीर आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के रहने वाले हैं। उन्हें अपनी सस्ती और सेहतमंद बाजरे की इडली के लिए जाना जाता है। इन्हें खास तरह के पत्तों में लपेटकर भाप में पकाया जाता है। विशाखापत्तनम के एमवीपी कॉलोनी में उनका वासना पोली स्टॉल मशहूर है। हर दिन सुबह 6.30 बजे से ही स्टॉल पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ती है। चित्तम आठ तरह के पौष्टिक मिलेट से बनी इडली बेचते हैं।

सिर्फ 50 हजार रुपये से शुरू किया था काम

चित्तम सुधीर ने 2018 में 50,000 रुपये के निवेश से अपना स्टॉल शुरू किया था। आज स्थिति यह है कि वह श्रीकाकुलम, विजयनगरम और विशाखापत्तनम के आदिवासी किसानों से हर महीने लगभग 700 किलो बाजरा खरीदते हैं। उन्हें बाजार भाव से ज्यादा कीमत देकर उनकी आर्थिक मदद भी करते हैं। यह स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और किसानों को सशक्त बनाने के उनके प्रयासों को दर्शाता है। मिलेट इडली बेचकर चित्तम सुधीर महीने में करीब 7.5 लाख रुपये कमा लेते हैं। सुधीर की इडली खास इसलिए है क्योंकि इन्हें विस्तारकू के पत्तों में स्टीम किया जाता है। ये पत्ते अपने स्वास्थ्य लाभों के लिए जाने जाते हैं। इनमें सूजन कम करने और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। ये इडली आठ अलग-अलग तरह के मिलेट कॉम्बिनेशन से बनती हैं। लोग इन्हें लौकी, अदरक और गाजर जैसी सब्जियों से बनी चटनी के साथ खाना पसंद करते हैं।

शुरुआत में कई तरह की चुनौतियां

चित्तम सुधीर के सामने शुरुआत में कई चुनौतियां आईं। उनके अपने परिवार को संदेह था। लेकिन, सुधीर पीछे नहीं हटे और उनकी मेहनत रंग लाई। वासना पोली नाम का उनका स्टॉल आज बहुत मशहूर है। यहां स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों की लाइन लगी रहती है। उनकी इडली की कामयाबी ने पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू का ध्यान भी खींचा था। उन्होंने स्वस्थ भोजन को बढ़ावा देने के सुधीर के प्रयासों की सराहना की थी।

जून में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.08 प्रतिशत पहुंची

चार महीने में सर्वाधिक, खाद्य पदार्थों की कीमतों का असर

नईदिल्ली, एजेंसी। खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में उछाल से खुदरा महंगाई जून, 2024 में बढ़कर चार महीने के उच्च स्तर 5.08 फीसदी पर पहुंच गई। इससे पहले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई फरवरी, 2024 में सबसे ज्यादा 5.09 फीसदी रही थी। मई में यह घटकर एक साल के निचले स्तर 4.75 फीसदी पर आ गई थी, जबकि जून, 2023 में 4.87 फीसदी रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जून में खाद्य वस्तुओं की महंगाई बढ़कर 9.36 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। मई में यह 8.69 फीसदी थी।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं, खास तौर पर सब्जियों की कीमतों में वृद्धि के कारण जून में खुदरा महंगाई 5.08 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह चार महीने का उच्च स्तर है। जनवरी से खुदरा महंगाई दर में गिरावट दर्ज की जा रही थी लेकिन, जून में यह फिर से बढ़ गई। मई 2024 में महंगाई दर 4.8 प्रतिशत और जून 2023 में 4.87 प्रतिशत थी। फरवरी में यह 5.09 प्रतिशत थी, जो कि पिछला सबसे उच्च स्तर था।

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, फूड बास्केट में महंगाई दर जून में 9.36 प्रतिशत रही। इसके अलावा मई में यह 8.69 प्रतिशत रही। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि सीपीआई महंगाई दर 4 प्रतिशत पर बरकरार रहे। सबसे अधिक महंगाई दर सब्जियों में देखने को मिली, जो कि 29.32 प्रतिशत रही। इसके बाद दालें और उत्पाद में महंगाई दर 16.07 प्रतिशत रही। अनाज और फलों की कीमतें भी पिछले वर्ष के मुकाबले में जून में बढ़ी थीं। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा मुद्रास्फीति 5.66 प्रतिशत रही। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में यह 4.39 प्रतिशत से अधिक रही।

आईसीआरए की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने क्या कहा

आईसीआरए की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जून 2024 में मुख्य सीपीआई आधारित महंगाई में चार महीने के उच्च स्तर पर वृद्धि देखने को मिली। मुख्य रूप से खाद्य और पेय पदार्थों की महंगाई दर आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के कारण हुई।

इरेडा का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 30 प्रतिशत बढ़कर 383.69 करोड़ रुपए पर

नईदिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 30 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 383.69 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 294.58 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। इरेडा की परिचालन आय अप्रैल-जून तिमाही में बढ़कर 1,501.71 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,143.50 करोड़ रुपए थी। हरित वित्त पोषण से जुड़ी देश की प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) इरेडा ने कहा कि तिमाही खत्म होने के केवल 12 दिनों के भीतर ऑडिट वित्तीय परिणाम को प्रकाशित कर उसने उद्योग के लिए नया मानक स्थापित किया है।

संक्षिप्त समाचार

इजरायल में वेस्ट नाइल बुखार का प्रकोप, मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हुई

यरूशलम, एजेंसी। इजरायल में वेस्ट नाइल बुखार का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। देश में इस बुखार से 12 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। इसी के साथ मई की शुरुआत से अब तक मरने वालों की संख्या 31 हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को 49 नए संक्रमण मामलों की सूचना दी। इसी के साथ देश में कुल मामलों की संख्या 405 हो गई, जो कि साल 2000 में 425 मामलों के वार्षिक रिकॉर्ड के करीब है। मंत्रालय ने इस बढ़ते रोग का कारण क्षेत्र में गर्म और ज्यादा आर्द्र मौसम को बताया है। यह मौसम मच्छरों के लिए अनुकूल है। मच्छर पक्षियों को काटते हैं, जिसके बाद ये इंसानों में वायरस फैलाते हैं। इजरायल की एक न्यूज वेबसाइट के अनुसार, संक्रमित लोगों में से ज्यादातर बुजुर्ग शामिल हैं, जबकि बच्चों में भी इस वायरस का संक्रमण पाया गया है। अधिकांश लोगों में संक्रमणों में सर्दी के कोई लक्षण नहीं या हल्के लक्षण दिखाई देते हैं। लेकिन कभी-कभी कुछ लोगों में गंभीर बीमारियां हो जाती हैं, जो तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में इजरायल के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तामीर गोशेन ने न्यूज वेबसाइट को बताया था कि पिछले दो महीनों में 159 पक्षी वायरस से संक्रमित पाए गए, जबकि 2023 में केवल तीन पक्षियों में संक्रमण होंगे।

राष्ट्रपति थर्मन बोले- भारत और सिंगापुर नए दौर के लिए तैयार

सिंगापुर, एजेंसी। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शणमुगारत्नम ने कहा कि भारत व सिंगापुर अवसर, समानता व स्थिरता के नए दौर के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला दो दिवसीय 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं शणमुगारत्नम ने कहा, अन्य जिम्मेदार शक्तियों के साथ काम करते हुए दोनों देशों में बहुपक्षवाद को मजबूत करने की क्षमता है। सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के थिंक टैंक माने जाने वाले दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान (आईएसएएस) की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित रात्रिभोज समारोह के दौरान शणमुगारत्नम ने कहा, अपनी खामियों के बावजूद दोनों देशों में एक ऐसी व्यवस्था रही है, जिसने दशकों से अमीरों और गरीबों की अच्छी तरह से सेवा की है। थर्मन ने कहा, घरेलू स्तर पर खास उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कर छूट और सब्सिडी जैसी औद्योगिक नीतियां उस दर पर लौट रही हैं जो 1960 और 1970 के दशक के बाद से नहीं देखी गई थी, हालांकि तब ये नीतियां काफी हद तक विफल रही थीं।

ब्रिटेन : गुरुद्वारे पर हमला करने का 17 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

लंदन, एजेंसी। स्थानीय पुलिस ने दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के केंट के एक गुरुद्वारे में 'धारदार हथियार' से हुई एक संदिग्ध धार्मिक घटना में दो महिलाओं के घायल होने के बाद एक 17 वर्षीय लड़के को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कहा, बृहस्पतिवार शाम को श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारा में एक पुरुष ने पूजा स्थल में प्रवेश किया और सभा के सदस्यों पर हमला करने का प्रयास किया था। यूरोप के सबसे बड़े गुरुद्वारों में से एक इस गुरुद्वारे के प्रबंधन ने बताया कि गनीमत यह रही कि घटना के समय 'गुरु ग्रंथ साहिब जी' दरबार हॉल में मौजूद नहीं थे।

जापान : 200 अफसरों-कर्मियों पर हुई अनुशासनात्मक कार्रवाई

टोक्यो, एजेंसी। जापान के रक्षा मंत्रालय ने गोपनीय दस्तावेजों के कुप्रबंधन व अन्य अनियमितताओं पर 200 से अधिक वरिष्ठ अफसरों-कर्मियों के खिलाफ शुक्रवार को अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। मंत्रालय व उसके आत्मरक्षा बल संवेदनशील सूचना सुरक्षा कानून का उल्लंघन करने समेत कई आरोपों को लेकर जांच के दायरे में हैं। मंत्रिस्तरीय पदों पर आसीन रहे लोगों पर भी सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगा है। रक्षा मंत्री मिनोरू ने दशवासियों से माफी मांगते हुए कहा कि इससे मंत्रालय और जापान के रक्षा बलों के प्रति लोगों के विश्वास को काफी ठेस पहुंची है।

अमेरिका : भारत ने सिएटल और बेलेव्यू में नए वीजा आवेदन केंद्र खोले

सिएटल , एजेंसी। सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल और सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता ने संयुक्त रूप से शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) सिएटल और बेलेव्यू शहरों में पहले भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) का शुभारंभ किया। अपने उद्घाटन भाषण में हैरे ने ग्रेटर सिएटल क्षेत्र में भारतीय समुदाय की प्रशंसा की और भारत व अमेरिका के बीच दोस्ती के बंधन को प्रगाढ़ बाने में उनकी भूमिका व योगदान की भी सराहना की। वहीं, महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता ने जोर देकर कहा कि सिएटल और बेलेव्यू में इन नए वीजा आवेदन केंद्रों का शुभारंभ प्रशांत उत्तर-पश्चिम राज्यों के साथ अपने संबंधों को गहरा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

रुस में बड़ा हादसा : मॉस्को के पास यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त, चालक दल के तीन सदस्यों की मौत

मॉस्को, एजेंसी। रूस में एक बड़ा हादसा हुआ है। राजधानी मॉस्को के पास एक यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर सामने आई है। हालांकि, हादसे के वक्त विमान में कोई यात्री सवार नहीं था लेकिन, विमान का संचालन कर रहे चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मॉस्को के व्नूकोवो हवाई अड्डे की तरफ जा रहा था विमान अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह विमान गेजप्रोम एविया का था। गेजप्रोम, रूस में प्राकृतिक गैस की बड़ी कंपनी भी है।

नाइजीरिया में आखिर क्यों और कैसे ढह गया 2 मंजिला स्कूल? 22 छात्रों की मौत, मलबे में दबे 100 से अधिक लोग घायल

अबुजा, एजेंसी। उत्तर-मध्य नाइजीरिया में शुक्रवार को दो मंजिला स्कूल के ढहने से 22 छात्रों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्लैटो राज्य के बूसा बुजी में स्थित 'सेंट्स एकेडमी कॉलेज की इमारत उस वक्त ढह गई जब बच्चे सुबह पढ़ाई करने के लिए पहुंचे थे। इन बच्चों में अधिकतर की उम्र 15 वर्ष या उसे कम थी। प्लैटो पुलिस के प्रवक्ता अल्फ्रेड अलाबो ने बताया कि इमारत ढहने से मलबे में कुल 154 छात्र फंस गए थे जिनमें से 132 को बाहर निकाल लिया गया और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। कई लोग अभी भी मलबे में दबे हुए जिन्हें निकालने का काम जारी है। इस हादसे में 22 छात्रों की मौत हो गई।

नाइजीरिया की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने कहा कि इमारत ढहने के बाद बचाव और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ सुरक्षा बलों को भी घटनास्थल पर तत्काल तैनात किया गया। प्लैटो राज्य के सूचना आयुक्त मूसा अशोम्स की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, '' घायलों को अविलंब चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित कराने के लिए सरकार ने अस्पतालों से कहा है कि वे भुगतान की चिंता नहीं करें और मरीजों के विवरण संबंधी कागजात तैयार करने में वक्त बर्बाद नहीं करें बल्कि घायलों का तत्काल उपचार करें।

ये है हादसे की वजह : राज्य सरकार ने इस घटना के लिए स्कूल की कमजोर बिल्डिंग को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही यह स्कूल नदी के किनारे बना हुआ था, जिसको भी इस हादसे की सरकार ने वजह बताया। साथ ही सरकार ने सावधानी बरतते हुए राज्य में जितने भी स्कूलों की इमारत कमजोर हैं और वो नदी किनारे बने हुए हैं, उनको तुरंत बंद करने का आग्रह किया है।

क्यों बढ़ रहे ऐसे हादसे : अफ्रीका के देशों में नाइजीरिया एक ऐसा देश है, जहां आबादी सबसे ज्यादा है। हालांकि, नाइजीरिया में इमारतों का गिरना मामूली बात हो गई है, पिछले दो साल में देश में इमारतों के गिरने की एक दर्जन से अधिक घटनाएं दर्ज की गई हैं। अधिकारी ऐसी आपदाओं के समय भवन सुरक्षा नियमों को लागू करने में विफलता, कमजोर इमारत और खराब रखरखाव को जिम्मेदार ठहराते हैं।

जिगर के टुकड़ों को खोकर...मां-बाप का बुरा हाल : हादसे के बाद दर्जनों माता-पिता और स्थानीय लोग स्कूल के पास जमा हो गए, जिनमें से कई लोग अपने बच्चों के लिए परेशान थे और मलबे में खुदाई के समय रो रहे थे और उनकी आंखें उनके बच्चे को ढूंढ रही थी। एक महिला ने अपने बच्चे को तलाशने के लिए मलबे के करीब जाने की कोशिश की लेकिन उनको रोक लिया गया और सुरक्षा के चलते घटनास्थल से पीछे किया गया। अधिकारियों ने मारे गए छात्रों की संख्या नहीं बताई हालांकि अधिकारियों ने अभी तक पठार राज्य के बुसा बुजी समुदाय में सेंट्स अकादमी कॉलेज में मारे गए छात्रों और शिक्षकों की संख्या की पुष्टि नहीं की है। लेकिन चैनल्स ने पास के एक अस्पताल में एक प्रत्यक्षदर्शी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि कई लोगों की मौत के साथ ही 26 लोगों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। नाइजीरिया में इमारत गिरना आम बात है अफ्रीका के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश नाइजीरिया में इमारतों का गिरना आम बात हो गई है और पिछले दो वर्षों में ऐसी एक दर्जन से अधिक घटनाएं दर्ज की गई हैं। अधिकारी अक्सर ऐसी आपदाओं के लिए भवन सुरक्षा नियमों को लागू करने में विफलता और खराब रखरखाव को जिम्मेदार ठहराते हैं।

पाक प्रधानमंत्री शरीफ को सुप्रीम कोर्ट में झटका, गैर मुस्लिम और आरक्षित सीटों पर ईसी का फैसला रद्द

इस्लामाबाद, एजेंसी। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को शुक्रवार को तब बड़ी कानूनी जीत मिली जब उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया कि उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) संसद और प्रांतीय विधानसभाओं में महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटें आनुपातिक आधार पर प्राप्त करने की अर्हता रखती है। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) ने नेशनल असेंबली और प्रांतीय असेंबली में आरक्षित सीटों में उसे हिस्सेदारी न देने के पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (पीएचसी) के फैसले को बहाल रखने के पेशावर उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा की अध्यक्षता वाली 13 जजों की पूर्ण पीठ ने मामले की सुनवाई की। बहुप्रतीक्षित इस फैसले को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए तगड़ा झटका माना जा रहा है। पीटीआई का चुनाव चिह्न जब्त किए जाने के बाद उसके द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने आठ फरवरी को निर्दलीय चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। चुनाव जीतने के बाद एवं गठबंधन बनाने के लिए वे एसआईसी में शामिल हो गए थे। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को पीएचसी के निर्णय को रद्द कर दिया और निर्वाचन आयोग के फैसले को 'अमान्य' घोषित करते हुए इसे '' पाकिस्तान के संविधान के खिलाफ''बताया। निर्वाचन आयोग द्वारा क्रिकेट का 'बल्ला' चुनाव चिह्न का इस्तेमाल करने से पीटीआई को रोकने के फैसले का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत ने कहा, ''चुनाव चिह्न वापस लेने से राजनीतिक दल अयोग्य नहीं हो जाता।'' अदालत ने कहा, ''पीटीआई राजनीतिक पार्टी थी और है।'' क्रिकेट से राजनीति में आए इमरान खान ने 1996 में पीटीआई की स्थापना की थी। फैसले की घोषणा न्यायमूर्ति मंसूर अली शाह ने सुनाया जो बहुमत का फैसला था। इस फैसले का आठ न्यायाधीशों ने समर्थन किया। इस बीच, शीर्ष न्यायालय के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीटीआई ने कहा कि पार्टी ''उम्मीद करती रही है कि अंत में न्याय होगा, क्योंकि पाकिस्तान के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसके तहत किसी पार्टी का आनुपातिक कोटा छीना जा सके और न ही वह कोटा अन्य पार्टियों को आवंटित किया जा सके।

रूस में अमीरों पर अब लगेगा अधिक टैक्स, राष्ट्रपति पुतिन ने विधेयक पर किए हस्ताक्षर

मॉस्को, एजेंसी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन युद्ध के बीच वित्त जुटाने के इरादे से अमीरों पर अधिक आयकर लगाने वाले विधेयक पर शुक्रवार को हस्ताक्षर कर दिए। पुतिन की अनुशंसा मिलते ही यह विधेयक कानूनी रूप ले चुका है। अब अमीरों पर ज्यादा कर लगाने का रास्ता साफ हो गया है। इस कानून में 24 लाख रूबल (27,500 डॉलर) तक की आय पर 13 प्रतिशत कर लगाने का प्रावधान किया गया है। लेकिन उससे अधिक आय पर कर की दर बढ़ती जाएगी। पांच करोड़ रूबल (573,000 डॉलर) से अधिक आय के लिए अधिकतम दर 22 प्रतिशत होगी। इस आशय के विधेयक को रूसी संसद ने दो दिन पहले ही मंजूरी दी थी। संसद के निचले सदन 'स्टेट ड्यूमा और ऊपरी सदन 'फेडरेशन काउंसिल ने बुधवार को इस विधेयक को पारित किया था। इस कानून में व्यक्तिगत आय पर बढ़ते हुए कर की परिकल्पना की गई है। यह एकसमान दर वाले आयकर की पिछली व्यवस्था से एक बड़ा बदलाव है। वर्ष 2001 में लागू की गई एकसमान दर ने लंबे समय तक राजस्व संग्रह बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। विधेयक में कंपनियों के लिए भी आयकर दर को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने का प्रावधान है।

पाकिस्तान ने गेहूं आयात और आटा निर्यात पर लगाया प्रतिबंध, बाजार को विनियमित करने के लिए लिया फैसला

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तानी सरकार ने शुक्रवार को गेहूं के आयात और आटे के निर्यात पर प्रतिबंध दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि देश के गेहूं बाजार को विनियमित करने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। यह निर्णय तब लिया गया जब यह निर्धारित किया गया कि देश ने आवश्यकता से अधिक गेहूं का आयात किया है, जिससे अधिशेष हो गया है।

आयात-निर्यात नीति आदेश 2022 में किया संशोधन : एरी न्यूज के मुताबिक सरकार ने प्रतिबंध को लागू करने के लिए अपने आयात और निर्यात नीति आदेश 2022 में संशोधन किया है, जिसमें आयातित गेहूं से बने आटे के निर्यात पर प्रतिबंध भी शामिल है।

इससे पहले मार्च में सरकार ने निर्यात सुविधा योजना 2021 के तहत आयातित गेहूं से बने आटे के निर्यात की सशर्त अनुमति दी थी। लेकिन 10 जुलाई को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने नेशनल असेंबली को बताया कि सरकार ने गेहूं के निर्यात पर निर्णय नहीं लिया है, भले ही राज्य के स्वामित्व वाले उद्यम (शासन और संचालन) विधेयक, 2024 को विधायिका के माध्यम से पारित किया गया हो।

मुद्रास्फीति में लगातार वृद्धि, बेतहाशा कर्ज होने से जरूरी चीजों के दाम बढ़ें : पाकिस्तान में अर्थव्यवस्था लगातार जर्जर होती जा रही है और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) समेत कई देशों का कर्जदार होने के चलते देश महंगाई के जंजाल में फंसता जा रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, संवेदनशील मूल्य सूचकांक (एसपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति में लगातार चौथी साप्ताहिक वृद्धि दर्ज की गई है। इसका मुख्य कारण सब्जियों व खाद्य पदार्थों की कीमतों में हुई बेतहाशा वृद्धि है। पाकिस्तान में घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए 50 अरब रुपये का राहत पैकेज पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए 50 अरब रुपये के राहत पैकेज की घोषणा की है। दरअसल, पाकिस्तान में बिजली के दाम बढ़ाए गए थे और इस वजह से आर्थिक तंगी से जूझ रही शहबाज शरीफ सरकार को कई तरह की आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा था। इस्लामाबाद में ऊर्जा क्षेत्र में सुधार के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शहबाज शरीफ ने कहा कि यह राहत राशि उन उपभोक्ताओं के लिए है, जो प्रति महीने 200 यूनिट से अधिक बिजली का इस्तेमाल कर रहे हैं।

चीन की चेतावनी के बावजूद बाइडन ने रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर किए हस्ताक्षर, विवाद के शांतिपूर्ण हल पर जोर

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने तिब्बत विवाद का शांतिपूर्ण तरीके से हल निकालने के लिए रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। चीन ने इस कानून को लेकर अमेरिका को चेतावनी दी थी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से इस कानून पर हस्ताक्षर न करने को कहा था। हालांकि बाइडन ने चीन के विरोध को दरकिनार कर रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर हस्ताक्षर करने का फैसला किया।

क्या है रिजॉल्व तिब्बत कानून : रिजॉल्व तिब्बत कानून में कहा गया है कि अमेरिका की नीति है कि तिब्बत मुद्दे को बिना किसी पूर्व शर्त के, बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए। यह कानून तिब्बत के बारे में चीन के झूठ से निपटने की कोशिश की गई है और चीन से तिब्बत के इतिहास के बारे में गलत और भ्रामक प्रचार बंद करने की भी मांग करता है। साथ ही यह कानून चीन के भ्रामक दावों से निपटने के लिए अमेरिका के विदेश विभाग को भी ताकत देता है। कानून में तिब्बती लोगों के अलग धार्मिक, भाषाई और ऐतिहासिक पहचान को परिभाषित किया गया है। इसमें कहा गया है कि चीन की नीतियां तिब्बती लोगों को अपनी जीवन शैली को संरक्षित करने की क्षमता को दबाने की कोशिश कर रही हैं। तिब्बत के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाई लामा ने बार-बार चीन से तिब्बती लोगों को स्वायत्ता देने की अपील की है और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत लोगों को आत्मनिर्णय लेने का अधिकार है।

अमेरिका की संसद से जब यह कानून पारित हुआ था तो अमेरिकी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत आकर दलाई लामा से मुलाकात भी की थी। अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति के प्रमुख माइकल मैक्कॉल ने कहा कि यह कानून तिब्बत के लोगों को अपने भविष्य का प्रभारी बनाने में मदद करेगा। चीन रिजॉल्व तिब्बत एक्ट का विरोध कर रहा है। चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा था कि वह इस विधेयक पर हस्ताक्षर न करें। चीन के विदेश विभाग के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा था कि कोई भी ताकत जो शिजांग को अस्थिर करने या फिर चीन के दबाने की कोशिश करेगी, वह सफल नहीं होगी। अमेरिका को विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करना चाहिए।

चीन अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और अपने हितों के लिए सख्त कदम उठाएगा। चीन तिब्बत को शिजांग कहकर संबोधित करता है। चीन ने इस साल अप्रैल में कहा था कि वह सिर्फ दलाई लामा के प्रतिनिधियों से बात करेगा न कि निर्वासन में चल रही तिब्बत सरकार से। चीन ने दलाई लामा की तिब्बत को स्वायत्ता देने की मांग भी खारिज कर दी है। चीन के तिब्बत पर कब्जे के बाद साल 1959 में 14वें दलाई लामा तिब्बत से भागकर भारत आ गए थे। उसके बाद से ही दोनों पक्षों में संबंध तनावपूर्ण हैं।

समर्थकों से बोले जो बाइडन- मैं आपसे वादा करता हूं, मैं राष्ट्रपति की उम्मीदवारी के लिए योग्य हूं

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को अपने चुनाव प्रचार अभियान में वापसी की। उन्होंने मतदाताओं और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं व सदस्यों को राष्ट्रपति पद के लिए अपनी सेहत के बारे में आश्वस्त करने की कोशिश की। मिशिगन के नॉर्थविले में एक कार्यक्रम में उन्होंने अपने समर्थकों से कहा, मैं आपसे वादा करता हूं कि मैं ठीक हूं। बाइडन को राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से हटाने की मांग तेज बाइडन ने बाद में डेट्रॉइट में अपने भाषण में आगाह करते हुए कहा कि (पूर्व राष्ट्रपति) डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल किसी बुरे सपने की तरह होगा। उनका पूरा चुनाव प्रचार अभियान ट्रंप पर केंद्रित था। हालांकि, डेमोक्रेटिक पार्टी के कई नेताओं की ओर से यह मांग लगातार तेज हो रही कि बाइडन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी से पीछे हटें। पार्टी के 19 सांसद अब तक खुले तौर पर उनसे उम्मीदवारी छोड़ने का आग्रह कर चुके हैं। पार्टी के भीतर से यह मांग तब तेज हुई जब ट्रंप के साथ अटलांटा डिबेट में बाइडन का खराब प्रदर्शन देखने को मिला। नाटो शिखर सम्मेलन में फिसली बाइडन की जुबान इससे पहले गुरुवार को वॉशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन में बाइडन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह दोबारा चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। नाटो के कार्यक्रम के दौरान बाइडन की जुबान भी फिसली, जब उन्होंने अपने संबोधन में गलती से उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को उप राष्ट्रपति ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को राष्ट्रपति पुतिन कह दिया। इससे एक बार फिर उनके मानसिक स्वास्थ्य को लेकर सवाल खड़े होने शुरू हो गए। ऐसी गलतियां चालीस वर्षों से करते आए बाइडनः माइकल टायलर बाइडन के प्रचार अभियान के संचार निदेशक माइकल टायलर ने भी एयर फोर्स वन में राष्ट्रपति के साथ मिशिगन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा, राष्ट्रपति मानते हैं कि उन्हें अभी भी कुछ चिंता है। यही वजह है कि वह यह दिखाने पर फोकस कर रहे हैं कि वह डोनाल्ड ट्रंप को नवंबर में हराने के लिए सबसे अच्छे व्यक्ति हैं। टायलर ने बाइडन की जुबान फिसलने की घटना को ज्यादा तवज्जों नहीं दी और कहा कि बाइडन को अपने लंबे सियासी करियर में ऐसा करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा, बाइडन चालीस वर्षों से ऐसी गलतियां कर रहे हैं। उन्होंने कल रात ऐसा ही कुछ किया और वह आगे भी शायद ऐसा करना जारी रखेंगे।

पुणे का युवक सिद्धांत पाटिल आठ दिन से लापता, हाइकिंग के लिए छह दोस्तों के साथ मोंटाना गया था घर का चिराग

वाशिंगटन, एजेंसी। भारतीय युवा सिद्धांत पाटिल सात अन्य दोस्तों के साथ अमेरिका के मोंटाना राज्य में ग्लेशियर नेशनल पार्क गए थे। बीते छह जुलाई को पार्क में गए सिद्धांत लापता हो गए हैं। परिजनों ने घर के इकलौते चिराग सिद्धांत को तलाशने में तत्काल मदद मांगी है। रिपोर्ट के मुताबिक पार्क में हाइकिंग के दौरान सिद्धांत एवलांच क्रीक में चले गए। कैलिफोर्निया में रहने वाले सिद्धांत किसी तकनीकी कंपनी में काम करते हैं। हाइकिंग के दौरान पाटिल एक बड़ी चट्टान पर थे, तभी उनका पैर फिसल गया। संतुलन खोने के कारण सिद्धांत एवलांच क्रीक में पानी के नीचे चले गए। कुछ देर के लिए सिद्धांत फिर से सतह पर आए और फिर धारा के साथ बहकर घाटी में चले गए।

रेजरों ने ली तलाशी, बरामद हुआ निजी सामान : सिद्धांत के लापता होने के बाद आस-पास के इलाकों में तैनात हेलिकॉप्टरों की मदद से तलाशी ली गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सिद्धांत के चाचा प्रीतेश चौधरी के मुताबिक आपात मदद के लिए इस्तेमाल में आने वाले [illegible] हेलीकॉप्टरों द्वारा नाले और आस-पास के क्षेत्र का हवाई सर्वे किया गया। 10 से अधिक रेंजरों ने नाले के किनारे पैदल खोज में जुटे रहे। रेंजरों ने कुछ निजी सामान नीचे की ओर बरामद किए जाने की पुष्टि की और कहा कि पार्क के रेंजर अभी भी क्षेत्र की निगरानी कर रहे हैं।

माता-पिता को लगा सदमा, डूबने से दो घंटे पहले भेजा ये मैसेज : पुणे निवासी युवक की मां प्रीति और पिता विट्ठल महाराष्ट्र सरकार के सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं और घटना के जानकारी मिलने के बाद से सदमे में हैं। दोनों ही कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं हैं। ग्लेशियर नेशनल पार्क की झील में डूबने से दो घंटे पहले भारतीय युवक सिद्धांत विट्ठल पाटिल ने अपनी मां को मेसेज किया था। एवलांच क्रीक में सफेद पानी जैसे हालात और तेज धाराओं के कारण तलाशी में भी काफी चुनौतियां सामने आ रही हैं। पार्क के अधिकारियों ने कहा कि नाले में बेहद तेज प्रवाह के कारण रेंजरों का जाना संभव नहीं। वे तब तक प्रवेश नहीं कर सकते जब तक कि जलस्तर कम न हो जाए। रेंजरों के मुताबिक जल स्तर घटने के बाद खोज अभियान फिर से शुरू होने में हफ्तों या महीनों भी लग सकते हैं।

निजी रेंजर्स की नियुक्ति की मांग : सोमवार को ही सिद्धांत की एपल वॉच की जानकारी मिली है, लेकिन फिलहाल इसे डिकोड नहीं किया जा सका है। लापता सिद्धांत की तलाश के लिए बीते 10 जुलाई को एवलांच क्रीक के ऊपर ड्रोन भी उड़ाया गया था। हालांकि, इसमें भी असफलता हाथ लगी। मामा का आरोप है कि राहत और बचाल दल के अधिकारी पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहे। परिवार ने खोज अभियान में निजी रेंजर्स को नियुक्त करने की अपील भी की है। परिवार बीते लगभग सात दिनों से बेहद मुश्किल समय से गुजर रहा है।

सिद्धांत 2020 में अमेरिका गया, 2023 में मिली नौकरी : युवक के मामा प्रीतेश चौधरी ने बताया कि बीते शुक्रवार को सिद्धांत ने अपनी मां प्रीति को पार्क से ही मेसेज किया था। उसने कहा था कि वह अपने छह दोस्तों के साथ तीन दिन के लिए पार्क घूमने आया है और यहां छुट्टियों का आनंद ले रहा है। मैसेज में सिद्धांत ने लिखा था कि वह तीन दिन बाद सैन जोस के लिए लौट जाएगा। मामा ने बताया कि सिद्धांत 2020 में अमेरिका गया था। उसने कैलिफोर्निया विवि लॉस एंजिलिस से एमएस किया। इसके बाद 2023 में कैडेंस को जॉइन किया था।

पाकिस्तान क्रिकेट में उठापटक के बीच यूसुफ और शफीक ने बरकरार रखी अपनी जगह

कराची, एजेंसी। टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में उठापटक मची हुई है। टीम से लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में इस हार के बाद हाहाकार मचा है। इस बीच, पीसीबी ने मोहम्मद यूसुफ और असद शफीक जैसे पूर्व खिलाड़ियों को नई चयन समिति में बरकरार रखा है। ये समिति अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए टीमों का चयन करेगी। पीसीबी ने टी20 विश्व कप में टीम के पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाने के बाद वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को बर्खास्त कर दिया था, लेकिन हैरानी की बात है कि यूसुफ और शफीक को बरकरार रखा गया है। यूसुफ पाकिस्तान टीम के बल्लेबाजी कोच भी थे, जबकि वहाब ने आयरलैंड, इंग्लैंड और विश्व कप के दौरे पर सीनियर टीम मैनेजर के रूप में भी काम किया था। यूसुफ और शफीक पिछली चयन समिति के सदस्य थे जिसने टी20 विश्व कप टीम का चयन किया था। नई समिति में लाल और सफेद गेंद वाली टीमों के कप्तान और मुख्य कोच भी शामिल होंगे। यूसुफ और शफीक सहित सभी सदस्यों के पास वोट देने और निर्णय लेने का अधिकार होगा।पीसीबी और टेस्ट टीम के कोच जेसन गिलेस्पी ने व्यस्त अंतरराष्ट्रीय सत्र से पहले राष्ट्रीय टीम के टेस्ट कप्तान के रूप में शान मसूद पर भरोसा जताया और टेस्ट कप्तान बरकरार रखा था। पाकिस्तान को इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड की मेजबानी करनी है, जबकि बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज का भी सामना करना है।

खुशखबरी! भारत-पाकिस्तान महामुकाबले में दर्शकों की होगी फ्री एंट्री

कोलंबो, एजेंसी। क्रिकेट जगत में भारत बनाम पाकिस्तान का मुकाबला सबसे बड़ा मुकाबला माना जाता है. इन दो चिर-प्रतिद्वंद्वियों के बीच होने वाले मैच कई हमेशा टिकटें पहले ही बिक जाती हैं. भारत और पाकिस्तान की टीमें इसी महीने यानी के 19 जुलाई को एक बार फिर से आमने-सामने होने वाली है. दोनों टीमों के बीच इस महामुकाबले को लेकर अब श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने एक बड़ा ऐलान किया है. हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी20 एशिया कप के उद्घाटन मुकाबले में 19 जुलाई को दांबुला में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी. भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के अलावा थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, नेपाल और मलेशिया की टीम भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी. श्रीलंका क्रिकेट ने घोषणा की है कि इन सभी मैचों को दर्शक फ्री में देख पाएंगे यानी स्टेडियम में एंट्री के लिए फैंस को किसी भी तरह का टिकट नहीं लेना होगा. स्ष्ट के इस कदम की अब सराहना हो रही है. टूर्नामेंट में कुल 15 मैच खेले जाएंगे, जिनमें दोनों सेमीफाइनल और फाइनल भी शामिल हैं.

भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के अलावा टूर्नामेंट में थाईलैंड, यूएई, नेपाल और मलेशिया की टीम भी शिरकत करेंगी. भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, यूएई और नेपाल के साथ रखा गया है, जबकि ग्रुप बी में बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया और थाईलैंड शामिल हैं.

इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 114 रनों से हराया, एंडरसन को जीत के साथ दी विदाई

रुट, हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ ने अर्धशतक जड़े

लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को लॉर्ड्स में पहले टेस्ट मैच में शुक्रवार को तीसरे ही दिन पारी और 114 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ इंग्लिश टीम ने अपने महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को यादगार विदाई दी।

इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच लॉर्ड्स में खेला गया। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की पारी मात्र 121 रन पर सिमट गई। जवाब में इंग्लिश टीम ने 371 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से जो रुट, हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ ने अर्धशतक जड़े। वेस्टइंडीज की तरफ से जेडेन सील्स ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। उनके अलावा गुडाकेश मोती और जेसन होल्डर को 2-2 विकेट मिले। पहली पारी में इंग्लैंड ने 250 रन की बढ़त हासिल की जिसे उतारने उतरी वेस्टइंडीज की टीम के बल्लेबाज एक बार फिर फ्लॉप साबित हुए। वेस्टइंडीज की पूरी टीम दूसरी पारी में 136 रन पर पवेलियन लौट गई।

इंग्लैंड की जीत के हीरो तेज गेंदबाज गस एटकिंसन रहे। अपना डेब्यू टेस्ट मैच खेलने उतरे एटकिंसन ने पहली पारी में सात और दूसरी पारी में पांच विकेट चटकाए। वहीं, अपना आखिरी मैच खेल रहे जेम्स एंडरसन ने कुल 4 विकेट लिए। बता दें, तीसरे दिन के खेल की शुरुआत से पहले जेम्स एंडरसन को साथी खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

43 चालों में जीत दर्ज की

सुपरयूनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंज गुकेश नें मकसीम को हराया

जागरेब , क्रोसिया, एजेंसी। ग्रांड चैस टूर के तीसरे पड़ाव सुपरयूनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंज के दूसरे दिन भी रैपिड के मुक़ाबले खेले गए , पहले दिन जीत दर्ज नहीं कर पाने वाले भारत के डी गुकेश नें दूसरे दिन की शुरुआत पहले दिन के बाद सबसे आगे चल रहे फ्रांस के मकसीम लागरेव को मात देकर की , काले मोहरो से खेलते हुए गुकेश नें सिसिलियन ओपनिंग में बेहद रचनात्मक खेल दिखाया , बड़ी बात यह रही की गुकेश नें खेल के अंतिम पड़ाव में कुछ सेकंड होने के बाद भी अच्छी चालें चली और 43 चालों में जीत दर्ज की । इसके बाद अगले राउंड में उन्होने हमवतन विदित गुजराती से ड्रॉ खेला , वहीं विदित को इससे पहले लगातार चार राउंड में पराजय का सामना करना पड़ा था , विदित को चौथे राउंड में यूएसए के वेसली सो नें पराजित किया । फिलहाल पाँच राउंड के बाद यूएसए के फबियानों करूआना 8 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे है , उनके बाद यूएसए के ही वेसली सो 7 अंक , रूस के यान नेपोमनिशी , फ्रांस के मकसीम लागरेव और अलीरेजा फिरौजा 6 अंक , गुकेश ,5 अंक , यूएसए के लेवान अरोनियन और नीदरलैंड के अनीश गिरि 4 अंक , मेजबान देश के इवान सरिक 1.5 और भारत के विदित गुजराती 1 अंक बनाकर खेल रहे है ।

पेंशन दान करने को तैयार कपिल

बीसीसीआई से पूर्व खिलाड़ी की मदद करने की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत को अपनी कप्तानी में विश्व कर जिताने वाले पूर्व दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से खास अपील की है। दरअसल, भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी और कोच अंशुमान गायकवाड़ ब्लड कैंसर से जूझ रहे हैं। 71 वर्षीय गायकवाड़ का लंदन के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है और कपिल ने बोर्ड से उनकी मदद करने की अपील की है। कपिल ने खुलासा करते हुए बताया कि टीम के उनके पूर्व साथी मोहिंदर अमरनाथ, सुनील गावस्कर, संदीप पाटिल, दिलीप वेंगसरकर, मदन लाल, रवि शास्त्री और कीर्ति आजाद गायकवाड़ के इलाज के लिए फंड जुटाने को लेकर अपना पूरा प्रयास कर रहे हैं। कपिल ने कहा कि उन्हें भरोसा है बीसीसीआई इस मामले को देखेगा और भारतीय टीम के कोच रह चुके गायकवाड़ को वित्तीय मदद देगा।

TATA STEEL
PGTI

मैं काफी दर्द में हूं

कपिल ने कहा, यह काफी निराशाजनक है। मैं दर्द में हूं क्योंकि मैं गायकवाड़ के साथ काफी खेला हूं और उन्हें इस स्थिति में नहीं देख सकता। किसी को भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। मुझे पता है कि बोर्ड उन्हें देखेगा। हम किसी को बाध्य नहीं कर रहे। गायकवाड़ के लिए कोई भी मदद दिल से आनी चाहिए। खेलने के दौरान उन्हें कई बार तेज गेंदबाजों की गेंद पर चोटिल भी होना पड़ा था। अब समय है कि हम उनके साथ खड़े रहें। मुझे यकीन है कि हमारे क्रिकेट प्रशंसक उन्हें विफल नहीं होने देंगे। उन्हें गायकवाड़ की रिकवरी के लिए प्रार्थना करनी चाहिए।

कपिल ने ट्रस्ट बनाने की वकालत की

कपिल ने कहा कि स्थिति में सुधार नहीं होने पर वह अपनी पेंशन भी दान करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से हमारे पास कोई सिस्टम नहीं है। यह देखकर अच्छा लगता है कि मौजूदा समय के खिलाड़ियों के पास पैसा है। अब सहायक स्टाफ को भी अच्छा वेतन मिलता है। हमारे समय में बोर्ड के पास इतना पैसा नहीं था। बीते जमाने के सीनियर खिलाड़ियों की मदद करनी चाहिए, लेकिन वे अपना सहयोग कहां भेजेंगे? अगर कोई ट्रस्ट बनता है तो वे वहां पैसा भेज सकते हैं, लेकिन हमारे पास ऐसा कोई सिस्टम ही नहीं है। ऐसा ट्रस्ट होना चाहिए और मुझे लगता है कि बीसीसीआई को ऐसा करना चाहिए। वे पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों को देखते हैं। अगर परिवार हमें अनुमति दे तो हम अपनी पेंशन दान करके योगदान देने के लिए तैयार हैं।

गायकवाड़ ने भारत के लिए खेले 40 टेस्ट और 15 वनडे

गायकवाड़ का टेस्ट करियर 1975 से 1987 तक चला और उन्होंने भारत के लिए 40 टेस्ट और 15 वनडे मुकाबले खेले। गायकवाड़ इसके बाद 1997 से 1999 और फिर 2000 में भारतीय टीम के कोच बने। गायकवाड़ उस वक्त भारतीय टीम के कोच थे जब अनिल कुंबले ने पाकिस्तान के खिलाफ एक पारी में 10 विकेट लेने का कारनामा किया था। गायकवाड़ के नेतृत्व में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज 2-1 से जीती थी, जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज ड्रॉ खेली थी।

झूलन गोस्वामी को विदेशी टी20 लीग में मिली बड़ी जिम्मेदारी

नईदिल्ली, एजेंसी। विमेंस कैरेबियन प्रीमियर लीग के आगामी सीजन की शुरुआत 21 अगस्त से होगी जिसमें फाइनल सहित कुल 7 मैच खेले जाएंगे। इस महिला टी20 लीग में खेलने वाली त्रिनबागो नाइट राइडर्स की टीम ने बड़ा ऐलान करते हुए दिग्गज पूर्व भारतीय महिला खिलाड़ी झूलन गोस्वामी को अपनी टीम का मेंटर बनाने का ऐलान किया है। झूलन ने इंटरनेशनल क्रिकेट को साल 2022 में अलविदा कहने के बाद महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के लिए गेंदबाजी कोच और मेंटर की जिम्मेदारी संभाली थी। इसमें पहले सीजन में जहां टीम ने खिताब को अपने नाम किया था तो दूसरे सीजन टीम का प्रदर्शन काफी खराब देखने को मिला था।

डब्ल्यूसीपीएल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स का पिछले सीजन मैदान पर काफी खराब प्रदर्शन देखने को मिला था, जिसमें वह 4 मैचों में से सिर्फ एक में जीत हासिल करने में कामयाब हुई थी और 3 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। त्रिनबागो नाइट राइडर्स की टीम प्वाइंट्स टेबल में 2 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए खत्म किया था। आगामी सीजन में टीम की कप्तानी का जिम्मा जहां डिएंड्रा डॉटिन संभालेंगी तो वहीं टीम में इस बार भारतीय महिला टीम की 2 स्टार खिलाड़ी मिमा रोड्रिग्स और शिखा पांडे भी इस बार टीम का हिस्सा होंगी जिनको कुछ समय पहले ही टीम ने अपने साथ जोड़ने का ऐलान किया था।

मुसेट्टी को हराकर फाइनल में पहुंचे जोकोविच, 14 को होगा अल्काराज से सामना

नई दिल्ली,एजेंसी। सर्बियाई खिलाड़ी अपना दसवां विंबलडन फाइनल और 37वां ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलेंगे। 14 जुलाई को उनका सामना अल्काराज से होगा, जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में जीत दर्ज की। नोवाक जोकोविच ने लोरेंजो मुसेट्टी को हराकर विंबलडन 2024 के पुरुष एकल के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। मुसेट्टी ने दिग्गज खिलाड़ी के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और अंत तक संघर्ष किया। हालांकि, जोकोविच करीबी मुकाबलों के बावजूद सेट जीतने में कामयाब रहे। अब सर्बियाई खिलाड़ी अपना दसवां विंबलडन फाइनल और 37वां ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलेंगे। 14 जुलाई को उनका सामना अल्काराज से होगा, जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में जीत दर्ज की।

पिता सिक्योरिटी गार्ड और मां क्लीनर... अब बेटी ओलिंपिक में देश का नाम करने जा रही रोशन

नई दिल्ली, एजेंसी। पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए भारतीय दल का ऐलान हो गया है। नीरज चोपड़ा समेत तमाम भारतीय एथलीट ओलिंपिक खेलों में भाग ले रहे हैं। उसमें से एक भारत की ट्रैक और फील्ड एथलीट ज्योति याराजी भी हैं। आइये उनके बारे में विस्तार से जानते हैं।

पिता सिक्योरिटी गार्ड तो मां क्लीनर

ज्योति याराजी (जन्म 28 अगस्त 1999) आंध्र प्रदेश की एक भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट हैं। वह 100 मीटर बाधा दौड़ में माहिर हैं और भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखती हैं। उन्होंने 10 मई 2022 को 13.23 सिकेंड के साथ अनुराधा बिस्वाल का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया। तब से उन्होंने कई बार यह रिकॉर्ड तोड़ा है।

ज्योति आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम की रहने वाली हैं। उनके पिता सूर्यनारायण एक सिक्योरिटी गार्ड हैं और उनकी मां कुमारी घरेलू सहायक के रूप में काम करती हैं। वो पार्ट टाइम सिटी हॉस्पिटल में क्लीनर के रूप में काम करती हैं। ज्योति ने अपनी स्कूली शिक्षा विशाखापत्तनम पुराने शहर के पोर्ट हाई स्कूल में की। उन्होंने अपनी शिक्षा आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय से संबद्ध एक कॉलेज में की। बाद में वह हैदराबाद में भारतीय खेल प्राधिकरण के छात्रावास में शामिल हो गई और कोच ओलिंपियन एन रमेश के तहत दो साल तक ट्रेनिंग की। जिन्हें द्रोणाचार्य पुरस्कार भी मिला। बाद में वह उत्कृष्टता केंद्र में शामिल होने के लिए गुंटूर चली गईं। 2019 से, वह भुवनेश्वर में रिलायंस एथलेटिक्स हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में ब्रिटिश कोच जेम्स हिलियर के तहत ट्रेनिंग की। ज्योति के करियर का मुख्य आकर्षण तब आया जब उन्होंने चीन के हांगझोउ में 2022 के एशियाई खेलों में 100 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता। शुरू में उन्हें एक चीनी एथलीट के साथ गलत शुरुआत के लिए डिस्क्वालीफाई घोषित कर दिया गया था। लेकिन बाद में उन्हें शुरुआत करने की अनुमति दी गई। अंत में एक रिव्यू के बाद, चीनी एथलीट वू यन्नी को डिस्क्वालीफाई कर दिया गया और भारतीय को रजत पदक के लिए प्रमोट किया गया। 2023 की शुरुआत में, उन्होंने अस्तानैन कजाकिस्तान में 2023 एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत जीतने के अलावा, पांच बार इनडोर 60 मीटर बाधा दौड़ के लिए राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।

काकुड़ा में

दोहरी भूमिका में नजर आएंगी सोनाक्षी

सोनाक्षी सिन्हा इस साल सितंबर में बॉलीवुड में बतौर एक्टर 14 साल पूरे करने वाली हैं। इन सालों में उन्होंने कई तरह की भूमिकाएँ निभाई, लेकिन 2024 में ही उन्होंने अपनी बहुचर्चित वेब सीरीज़ हीरामंडी में पहली बार दोहरी भूमिका निभाई। और अब यह पता चला है कि उनकी हालिया रिलीज़ काकुड़ा में भी उनकी दोहरी भूमिका है। ककुड़ा एक हॉरर कॉमेडी है, जिसका निर्देशन मुंज्या (2024) फेम आदित्य सरपोतदार ने किया है। सीधे ज़ी5 पर रिलीज़ हुई, यह एक ऐसे गाँव में सेट है जहाँ एक बौना भूत रहता है। भूत एक नवविवाहित व्यक्ति, सनी (साकिब सलाम द्वारा अभिनीत) पर हमला करता है। वह 13 दिनों में मरने वाला है। सब कुछ सहने के लिए तैयार नहीं, उसकी पत्नी इंदिरा उर्फ इंदु (सोनाक्षी सिन्हा) एक भूत शिकारी, विक्टर जैकब्स (रितेश देशमुख) से मदद मांगती है। फिल्म में बहुत जल्द ही दर्शकों को पता चलता है कि इंदु की एक जुड़वाँ बहन है जिसका नाम गोमती है। जुड़वाँ बहनों का यह पहलू एक दिलचस्प पहलू बन जाता है और खास तौर पर फिल्म के दूसरे भाग में एक महत्वपूर्ण कथानक बिंदु बन जाता है। इस बीच, हीरामंडी में सोनाक्षी सिन्हा ने रेहाना और उनकी बेटी फरीदन की भूमिका निभाई। लेकिन संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित इस नेटफ्लिक्स शो में दोनों किरदार कभी एक साथ नहीं दिखाई देते। ककुड़ा में ऐसा नहीं है और कई दृश्यों में स्क्रीन पर दो सोनाक्षी दिखाई देती हैं। काकुड़ा सोनाक्षी सिन्हा की अपने लंबे समय के बॉयफ्रेंड और अभिनेता ज़हीर इकबाल से शादी के बाद पहली रिलीज़ भी है। यह शादी सितारों से सजी एक शादी थी और बिहार में विरोध प्रदर्शनों और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर ज़हीर पर भाई लव सिन्हा की टिप्पणियों के कारण कुछ विवादों में भी रही, जिसे बाद में उन्होंने हटा दिया। हीरामंडी से पहले, सोनाक्षी सिन्हा की 2024 की पहली रिलीज़ बड़े मियाँ छोटे मियाँ थी, जिसमें वह सहायक भूमिका में नज़र आई थीं। उनकी आने वाली रिलीज़ निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ़ डार्कनेस है, जिसका निर्देशन उनके भाई कुश सिन्हा ने किया है।

शादी के बंधन में बंधी वरालक्ष्मी सरथकुमार

साउथ की हिट फिल्म 'हनुमान' में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस वरालक्ष्मी सरथकुमार अपनी शादी को लेकर पिछले काफी समय से चर्चा में थीं। फैंस को भी उनकी शादी का बेसब्री से इंतजार रहा है। ऐसे में अब वो इंतजार खत्म हो गया है। एक्ट्रेस शादी के बंधन में बंध चुकी हैं। अब शादी के बाद अभिनेत्री की दुल्हन के गेटअप में पहली तस्वीरें भी सामने आई हैं। इसमें वो पति के साथ रोमांटिक और क्लोज पोज देते हुए नजर आ रही हैं। दरअसल, वरालक्ष्मी ने खुद इंस्टाग्राम पर शादी के बाद की तस्वीरों को शेयर किया है। इसमें देखने के लिए मिल रहा है कि एक्ट्रेस को पति के साथ रोमांटिक देखा जा सकता है। इसे शेयर करने के साथ ही साउथ एक्ट्रेस ने लिखा, 'फाइनली शादी हो गई। मेरे प्रिंस ने मुझसे पूछा शादी करोगी और मैंने कर ली। हमेशा के लिए साथ हुए। प्यार, खुशी बनी रहे। आई लव यू निकोलोई।' फोटोज में अगर वरालक्ष्मी के लुक की बात की जाए तो वो रेड कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने मांग टीका, बालों में गजरा, गले में चोकर और फूल माला में अपने लुक को कंप्लीट किया है। वारालक्ष्मी को फोटोज में पति के साथ बेहद ही क्लोज देखा जा सकता है। इसमें दोनों के बीच क्लोज केमिस्ट्री देखने के लिए मिल रही है। इसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर फैंस उन्हें ढेरों बधाइयां दे रहे हैं।

अकेलेपन पर लकी का इमोशनल पोस्ट

वेटरन एक्टर महमूद के बेटे और सिंगर लकी अली ने देश में मुसलमानों की स्थिति पर बात करते हुए शॉकिंग बयान दिए हैं। लकी ने एक इमोशनल पोस्ट शेयर करते हुए अपने अकेलेपन का जिम्मेदार अपने धर्म को बताया। लकी ने लिखा, 'आज दुनिया में मुस्लिम होना एक अकेलापन है। पैगंबर की सुन्नत का पालन करना एक अकेलापन है, आपके दोस्त आपको छोड़ देंगे और दुनिया आपको आतंकवादी कहेगी।' लकी ने इसके साथ ही एक और ट्वीट किया जिसमें उन्होंने अपने साथ हुए एक इंसीडेंट का जिक्र किया। लकी ने इसके साथ ही एक और ट्वीट किया जिसमें उन्होंने अपने साथ हुए एक इंसीडेंट का जिक्र किया।

पिता की फिल्म में ही गाया पहला गाना

अली ने 3 साल की उम्र में फिल्म 'छोटे नवाब' (1961) से डेब्यू किया था। कुछ फिल्मों में नजर आने के बाद अली पूरी तरह से म्यूजिक को डेडिकेट हो गए। लकी अली ने अपना पहला गाना भी महमूद की फिल्म 'एक बाप छह बेटे' के लिए ही गाया था। 1996 में लकी ने अपना पहला म्यूजिक एल्बम 'सुनो' लॉन्च किया। वो 'ओ सनम', 'एक पल का जीना', 'सफरनामा' और 'ना तुम जानो ना हम' जैसे गानों के लिए पहचाने जाते हैं।

तीसरी बार कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए अक्षय

यह पहली बार नहीं है जब अक्षय कुमार को वायरस का संक्रमण हुआ है। इससे पहले अप्रैल 2021 में भी उनका टेस्ट पॉजिटिव आया था और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 2022 में एक और पॉजिटिव टेस्ट के कारण अक्षय कुमार फ्रांस में होने वाले कान्स फिल्म फेस्टिवल में शामिल नहीं हो पाये थे। अभिनेता के करीबी सूत्रों ने बताया कि कुमार पिछले दो दिनों से अपनी नवीनतम फिल्म सरफिरा के प्रचार के लिए यात्रा करते समय अस्वस्थ महसूस कर रहे थे। परीक्षण के बाद, परिणामों में सकारात्मक निदान की पुष्टि हुई। कुमार वर्तमान में अलग-थलग हैं और सभी आवश्यक स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं।

मनारा ने स्टार प्लस के शो

दिल को तुमसे प्यार हुआ की दीपिका को दिया स्पेशल मैसेज!

स्टार प्लस ने अपने नए शो, दिल को तुमसे प्यार हुआ के साथ एक नई दुनिया में कदम रखा है। इस शो में बतौर लीड अदिति त्रिपाठी (दीपिका) और अक्षित सुखीजा (चिराग) हैं। राजस्थान के बैकड्राप पर सेट दिल को तुमसे प्यार हुआ दीपिका चिराग की कहानी है।

यह कहानी उनकी जिंदगी के इर्दगिर्द बनी हुई है, जिसमें उन्हें एक दूसरे से प्यार हो जाता है। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या उनकी यह प्रेम कहानी समाज और परिवार को मंजूर होगी? मेकर्स ने शो का एक दिलचस्प प्रोमो जारी किया है। इसमें दीपिका के भावनात्मक संघर्ष और उसके जीवन में आई चुनौतियों को दिखाया गया है। यह भी बताया गया है कि उसके घर में उसे किस तरह की परेशानियां सहनी पड़ती हैं, जहां उसकी सौतेली मां और सौतेली बहन के साथ बुरा बर्ताव करती हैं। इसी दौरान चिराग की मुलाकात दीपिका से एक रक्तदान शिविर में होती है और वह उसके अच्छे स्वभाव से इंप्रेस हो जाता है।

ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि दीपिका और चिराग के जिंदगी कैसा मोड़ लेती है। प्रोमो के साथ, एक और सरप्राइस स्टार प्लस के शो दिल को तुमसे प्यार हुआ से दीपिका के लिए मनारा चोपड़ा ने एक खास मैसेज दिया है। मन्नारा चोपड़ा फिल्म इंडस्ट्री में एक उभरती हुई स्टार हैं, जिन्हें उनके जबरदस्त और प्रभावशाली योगदान के लिए फैंस बहुत सारा प्यार और पहचान पाई है।

कंतारा ने फिल्मफेयर साउथ 2023 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और कई अन्य पुरस्कार जीते

2022 में रिलीज होने वाली कंतारा की ब्लॉकबस्टर सफलता को एक पायदान ऊपर ले जाया गया, क्योंकि इसे हाल ही में आयोजित फिल्मफेयर साउथ अवार्ड्स 2023 में कई प्रशंसाएं मिलीं। अभिनेता, निर्देशक और लेखक ऋषभ शेट्टी ने फंतासी एक्शन एंटरटेनर के साथ दर्शकों के लिए पहले कभी नहीं देखा गया अनुभव बनाने के लिए अपने बहुमुखी कौशल को एक साथ रखा और अब, जब वह फ्रैंचाइज़ी के एक नए अध्याय की शूटिंग के लिए तैयार हैं, तो फिल्म प्रतिष्ठित फिल्मफेयर में छह प्रमुख पुरस्कार जीतने में सफल रही है।

फिल्म को रिलीज हुए काफी समय हो गया है, लेकिन इसका उत्साह कम होता नहीं दिख रहा है।

बदले की भावना पर तापसी ने कहा, 'सबसे अच्छा बदला, कोई बदला न लेना'

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू का मानना है कि सबसे अच्छा बदला ठंडे दिमाग से लिया जाता है, लेकिन सोशल मीडिया पर उनके हालिया पोस्ट से पता चलता है कि वह आंतरिक शांति पाने के लिए इस पर काम करने के लिए भी तैयार हैं। तापसी ने इंस्टाग्राम पर स्टोरीज सेक्शन में एक कोट शेयर किया, जिसमें लिखा था, सबसे अच्छा बदला कोई बदला नहीं लेना है।

आगे बढ़ो। खुश रहो। आंतरिक शांति पाओ। 36 वर्षीय स्टार सोशल मीडिया पर अक्सर कुछ ने कुछ पोस्ट करती रहती है। हाल ही में उन्होंने साड़ी पहने अपनी कई तस्वीरें शेयर की थीं। हाल ही में 7 जुलाई को तापसी ने एक सफेद साड़ी में पोज देते हुए अपने भीतर के कवि को जगाया था। वहीं फिल्मी पर्दे की बात करें तो तापसी रोमांटिक थ्रिलर हसीन दिलरुबा की दूसरी किस्त फिर आई हसीन दिलरुबा में नजर आएंगी।

फिल्म में सनी कौशल और विक्रांत मैसी भी हैं, जिसका फर्स्ट पार्ट 2021 में रिलीज हुआ था।

-साभार एजेंसी

एक और एक्शन भूमिका के लिए गहन एमएमए प्रशिक्षण ले रहे आदित्य रॉय

आदित्य रॉय कपूर एक और एक्शन जॉनर प्रोजेक्ट के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राष्ट्र कवच ओम (2022) और गुमराह (2023) जैसी फिल्मों में प्रभावशाली एक्शन सीक्वेंस देने के बाद, उन्होंने हाई-ऑक्टेन सीरीज़ द नाइट मैनेजर (2023) में अपने किरदार से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अब, कपूर अपने अगले एक्शन प्रोजेक्ट के लिए कमर कस रहे हैं, जिसकी शूटिंग इस साल के अंत में शुरू होने वाली है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, इस महत्वपूर्ण भूमिका की तैयारी के लिए, कपूर ने मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स पर ध्यान केंद्रित करते हुए कठोर शारीरिक प्रशिक्षण शुरू किया है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र के अनुसार, कपूर पिछले कई हफ़्तों से सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर रोहित नायर के साथ लगन से काम कर रहे हैं। सूत्र ने बताया, आदित्य हमेशा से ही फिटनेस के लिए समर्पित रहे हैं, लेकिन इस भूमिका के लिए उन्हें स्क्रूमें पारंगत होना ज़रूरी है। उन्होंने कुछ हफ़्ते पहले रोहित के साथ प्रशिक्षण शुरू किया और इस भूमिका में पूरी प्रामाणिकता लाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। वह फ़िल्म शुरू होने से पहले अगले दो महीनों तक इस गहन प्रशिक्षण को जारी रखेंगे। नायर, जिन्होंने पहले अली फजल और मृणाल ठाकुर जैसे अभिनेताओं को प्रशिक्षित किया है, ने कपूर के लिए विशेष रूप से एक अनुकूलित कार्यक्रम तैयार किया है।

किकबॉक्सिंग और एमएमए तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसका उद्देश्य न केवल कपूर को भूमिका के लिए आवश्यक युद्ध कौशल से लैस करना है, बल्कि उनकी समग्र शारीरिक क्षमता को भी बढ़ाना है। नायर ने कपूर के साथ काम करने के बारे में अपनी उत्सुकता व्यक्त करते हुए कहा, आदित्य अविश्वसनीय रूप से समर्पित और अनुशासित हैं। अपने फिटनेस लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक है। मैं इस प्रोजेक्ट पर उनके साथ सहयोग करने के लिए रोमांचित हूं। आदित्य रॉय कपूर की अगली परियोजना कथित तौर पर निर्देशक राज और डीके के साथ है।

भारत में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला शो बना मिर्जापुर सीजन 3

मिर्जापुर सीजन 3 रिलीज से पहले से ही चर्चा में बना हुआ था। जब से यह स्ट्रीम हुआ है तो इसे दर्शकों द्वारा लगातार देखा जा रहा है। हैरत की बात यह है कि 10 घंटे लम्बे इस शो को दर्शक एक साथ देखना पसन्द कर रहे हैं। पिछले दो सीजन की अपार सफलता के बाद मेकर्स मिर्जापुर 3 लेकर आए थे। अब ये सीजन नई ऊंचाइयों को छू रहा है और खूब सफलता हासिल कर रहा है। मिर्जापुर सीजन 3 ग्लोबल और लोकल दोनों स्तर पर हिट बन गई है। इस इंटेंस क्राइम ड्रामा ने इंडिया में प्राइम वीडियो के इतिहास में अपने लॉन्च वीकेंड पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाले शो के रूप में रिकॉर्ड बनाया है।